# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com भोपाल, शनिवार 12 जुलाई 2025


## ग्वालियर- रीवा में झमाझम, दो दिन 15 जिलों में तेज बारिश का अलर्ट



शिवपुरी का हरसी डैम



inh 24x7

छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें

TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### राष्ट्रपति भवन में 'तन्वी द ग्रेट' की स्क्रीनिंग



**नई दिल्ली।** शुक्रवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की मौजूदगी में 'तन्वी द ग्रेट' की विशेष स्क्रीनिंग हुई। इसमें दिग्गज अभिनेता अनुपम खेर और बोमन ईरानी शामिल होने के लिए दिल्ली स्थित राष्ट्रपति भवन पहुंचे। दोनों ही फिल्मी सितारे सूट-बूट में नजर आए। फिल्म की आधिकारिक रिलीज से पहले राष्ट्रपति भवन सांस्कृतिक केंद्र में मुर्मू के लिए यह स्क्रीनिंग आयोजित की गई है।

### रायसेन में ट्रेन की चपेट में आने से तेंदुए की मौत



**रायसेन।** जिले में भोपाल-दिल्ली रेल मार्ग पर कथित रूप से ट्रेन की चपेट में आने से एक तेंदुए की मौत हो गई। दीवानगंज के पास समरधा रेंज क्षेत्र के भदभदा जंगल में हुई। समरधा रेंज के वन अधिकारी शिवपाल पिपर्डे ने बताया कि उन्हें सुबह रेलवे ट्रैक के पास तेंदुए के शव के पड़े होने की सूचना मिली थी।

### इंदौर स्थित ब्रिलिएंट कन्वेंशन सेंटर में 'मप्र ग्रोथ कॉन्क्लेव 2025'

# मप्र ग्रोथ कॉन्क्लेव में मिले 30 हजार करोड़ रु. से अधिक के निवेश प्रस्ताव

सीएम ने कहा कि प्रदेश के सभी बड़े शहरों में ग्रोथ कॉन्क्लेव करेंगे और सबको घर मुहैया कराएंगे



हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि रियल एस्टेट आज देश का सबसे अधिक प्रोगेसिव सेक्टर है। यह सेक्टर देश के नवनिर्माण में बड़ा सहयोग दे रहा है। हम इस सेक्टर को प्रोत्साहन देने के लिए प्रदेश के सभी बड़े शहरों में ग्रोथ कॉन्क्लेव करेंगे और सबको घर मुहैया कराएंगे। उन्होंने गुजरात की 'गिफ्ट सिटी' का उदाहरण देते हुए कहा कि ऐसी ही 10 स्मार्ट सिटीज़ मध्यप्रदेश में विकसित की जाएंगी। उन्होंने यह भी घोषणा की कि प्रदेश में 10 लाख नए आवास तैयार किए जाएंगे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार को इंदौर स्थित ब्रिलिएंट कन्वेंशन सेंटर में 'मप्र ग्रोथ कॉन्क्लेव 2025' को संबोधित कर रहे थे। इसमें उद्योग, होटल, रियल एस्टेट, एजुकेशन, रिन्यूअल एनर्जी, आईटी आदि क्षेत्रों में लगभग 30 हजार करोड़ रुपए से अधिक के ▸▸ शेष पेज 4 पर

सीएम ने कहा कि भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर, उज्जैन और सागर शहरों में प्रधानमंत्री ई-बस सेवा योजना के तहत 582 इलेक्ट्रिक बसें चलाई जाएंगी

**15** हजार से अधिक रोजगार के नए अवसर होंगे सृजित

उद्योग, होटल, रियल एस्टेट, एजुकेशन, रिन्यूअल एनर्जी आईटी क्षेत्रों में मिले निवेश प्रस्ताव





**सीएम के बड़े ऐलान**

गुजरात की 'गिफ्ट सिटी' जैसी 10 स्मार्ट सिटीज़ मध्यप्रदेश में विकसित की जाएंगी

- प्रदेश में 10 लाख नए आवास तैयार किए जाएंगे
- शहरी विकास के लिए 12 हजार 360 करोड़ रुपए की दी सौगातें

### सीएम ने कहा-रियल एस्टेट आज देश का सबसे अधिक प्रोग्रेसिव सेक्टर

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कॉन्क्लेव में प्रमुख निवेशकों से चर्चा की

### इंदौर और भोपाल बीडीए के लिए 2 हजार 784 करोड़ रुपए के निवेश के प्रस्ताव

मुख्यमंत्री ने प्रदेश के विकास के लिए 12 हजार 360 करोड़ रुपए की सौगातें भी दी। उन्होंने मुख्य रूप से जल प्रदाय, सीवरेज, स्वच्छता और अधोसंरचना निर्माण के लिए 5 हजार 454 करोड़ रुपए से अधिक के विकास कार्यों का भूमिपूजन भी किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के तहत 65 हजार से अधिक हितग्राहियों को 2 हजार 799 करोड़ रुपए से अधिक का अनुदान भी वितरित किया गया। इंदौर और भोपाल विकास प्राधिकरण के तहत 12 निवेशकों से 2 हजार 784 करोड़ ▸▸ शेष पेज 4 पर

### मध्यप्रदेश के शहरों को नई उड़ान मिलेगी

*मुख्यमंत्री ने कहा कि 'नेक्स्ट होराइजन : बिल्डिंग सिटीज ऑफ टुमारो' कॉन्क्लेव से मध्यप्रदेश के शहरों को नई उड़ान मिलेगी। उन्होंने कहा कि सुलभ और सुरक्षित परिवहन किसी भी आधुनिक शहर की रीढ़ होते हैं। भविष्य की ट्रांसपोर्टेशन जरूरतों को ध्यान में रखते हुए भोपाल और इंदौर मेट्रो परियोजनाओं को तेजी से पूरा किया जा रहा है। जबलपुर और ग्वालियर जैसे शहरों में मल्टीमॉडल ट्रांसपोर्ट हब विकसित किए जा रहे हैं। भोपाल, इंदौर,* ▸▸ शेष पेज 4 पर

### औद्योगिक क्षेत्र के लिए सबसे अधिक निवेश प्रस्ताव

*कॉन्क्लेव में सर्वाधिक 12 हजार 473 करोड़ रुपए का निवेश औद्योगिक क्षेत्र में प्राप्त हुआ है। इसी तरह होटल क्षेत्र में 3 हजार 344 करोड़ रुपए, रियल एस्टेट क्षेत्र में 1812.14 करोड़ रुपए, एजुकेशन क्षेत्र में 72.45 करोड़ रुपए, रिन्यूअल एनर्जी क्षेत्र में 500 करोड़ रुपए तथा आईटी क्षेत्र में 100 करोड़ रुपए के निवेश के प्रस्ताव मिले हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कॉन्क्लेव में प्रमुख निवेशकों से चर्चा की। उन्होंने निवेश की संभावनाओं पर व्यापक रूप से विचार-विमर्श किया। डॉ. यादव ने मुख्य रूप से हुडको के अध्यक्ष संजय कुलश्रेष्ठ , पटेल इंफ्रा के अरविंद विट्ठलभाई पटेल, आईटीसी के आशीष पाल, एमकेसी इंफ्रा के केतन पटेल, ओमेक्स ग्रुप के मोहित गोयल, मेडुला सॉफ्ट प्राइवेट लिमिटेड के शांतनु शर्मा, राठी स्टील लिमिटेड के ध्रुव राठी, मध्यप्रदेश होटल एवं रेस्टोरेंट एसोसिएशन के सुमित सूरी, टाटा प्रोजेक्ट्स लिमिटेड की सुश्री प्रीति पटेल, डापलमायर इंडिया प्राइवेट लिमि.के प्रफुल्ल चौधरी, साई ग्रीन प्राइवेट लिमिटेड के रितेश दास से रु-ब-रु होकर चर्चा की।* ▸▸ पढ़ें पेज 02 भी

# हरसी डैम ओवरफ्लो, शिवपुरी ग्वालियर के गांवों में खतरा बढ़ा झांसी-खजुराहो हाइवे पर पानी भरा

चित्रकूट में मंदाकिनी नदी में डूबा युवक गुना में नदी में डूबने से दो मासूमों की मौत



हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

तेज बारिश से शिवपुरी और ग्वालियर की सीमा पर स्थित हरसी बांध लबालब हो गया है। बांध के बेस्ट वियर से पानी का ओवरफ्लो होना शुरू हो गया है। इससे निचले इलाकों में खतरा बढ़ गया है। शिवपुरी-ग्वालियर के करीब 20 गांवों पर संकट मंडरा रहा है। उधर, सतना जिले के चित्रकूट में शुक्रवार सुबह एक युवक मंदाकिनी नदी में डूब गया।

युवक उत्तर प्रदेश के हाथरस जिले से गुरु पूर्णिमा के मौके पर गुरुद्वारों के दर्शन के लिए आया था। सुबह स्फटिक शिला के पास घाट पर उसके कपड़े और चप्पल मिले। माना जा रहा है कि युवक का संतुलन बिगड़ा और वह तेज बहाव में बह गया। गुना जिले के कुंभराज थाना अंतर्गत खेजरा रामा गांव में गुरुवार की शाम एक हृदय विदारक घटना सामने आई, जहां दो मासूम बच्चों की नदी में डूबने से मौत हो गई। यह हादसा उस समय हुआ जब दोनों बालक गांव के पास बहने वाली छोटी नदी में नहाने गए थे। खजुराहो में पिछले 24 घंटों में करीब 2 इंच बारिश ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। झांसी-खजुराहो फोरलेन पर स्थिति सबसे ▸▸ शेष पेज 4 पर

### यहां आज भारी बारिश का अलर्ट

शनिवार को ग्वालियर, श्योपुर, मुरैना, भिंड, दतिया, शिवपुरी, अशोकनगर, विदिशा, सीहोर, रायसेन, सागर, निवाड़ी, टीकमगढ़, छतरपुर, पन्ना, कटनी, सतना, मैहर, रीवा, मऊगंज, सीधी और सिंगरौली में भारी बारिश का अलर्ट है। शुक्रवार को 15 जिलों में पानी गिरा। ग्वालियर और रीवा में 9 घंटे में करीब 65 मिमी बारिश दर्ज की गई। हालांकि, शुक्रवार को राजधानी समेत ज्यादातर जिलों में मौसम खुला रहा।

# भारत को वैश्विक मानचित्र पर लाने वाली शादी का एक वर्ष अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट का अटूट बंधन

राधिका मर्चेंट और अनंत अंबानी की शादी को एक वर्ष बीत चुका है, जिसने न केवल देश को बल्कि पूरी दुनिया को सम्मोहित कर लिया था। 2024 में संपन्न हुआ यह विवाह समारोह एक साधारण सामाजिक आयोजन नहीं था, बल्कि यह भारत की सबसे व्यापक रूप से देखी गई सांस्कृतिक घटना बन गई - एक ऐसा आयोजन जिसने भारत को वैश्विक मानचित्र पर स्थापित कर दिया। करोड़ों लोगों ने मुख्यधारा और सोशल मीडिया के माध्यम से इन सुंदर और भावनात्मक रस्मों को देखा और सराहा।

















### भारत की वैश्विक छवि को नया आयाम

एक ऐसे समय में जब भारत आर्थिक, तकनीकी और औद्योगिक क्षेत्रों में तेजी से उभर रहा है और वैश्विक मंच पर अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज करा रहा है, यह विधिवत आयोजित एवं आध्यात्मिकता से भरपूर विवाह समारोह भारत को "दुनिया की आध्यात्मिक राजधानी" के रूप में प्रस्तुत करने में सहायक सिद्ध हुआ। इस विवाह में आमंत्रित विशिष्ट अतिथियों की सूची भारत की बढ़ती अंतरराष्ट्रीय अपील और वैश्विक मामलों में उसकी केंद्रीय भूमिका को दर्शाती है। रिलायंस इंडस्ट्रीज़ और अंबानी परिवार द्वारा विभिन्न क्षेत्रों से आए वैश्विक गणमान्य व्यक्तियों की भव्य मेजबानी यह सिद्ध करती है कि वे भारत को वैश्विक नेतृत्वकर्ता के रूप में स्थापित करने के लिए लगातार प्रयासरत हैं।

### हिंदू विवाह की पवित्रता का महत्व

हिंदू परंपरा में विवाह को केवल एक सामाजिक अनुबंध नहीं, बल्कि एक पवित्र और आजीवन प्रतिबद्धता माना जाता है। यह दो आत्माओं, उनके परिवारों और समुदायों के बीच एक दिव्य एकता का प्रतीक है, जो विविध रीति-रिवाजों और परंपराओं के साथ संपन्न होती है। विवाह का उद्देश्य केवल व्यक्तिगत सुख नहीं, बल्कि धार्मिक कर्तव्यों (धर्म) की पूर्ति और सामाजिक व्यवस्था में योगदान भी है। जहां आधुनिक समय की व्यावहारिकताएँ अधिकांश विवाहों को सभी पारंपरिक रस्मों का पालन करने से रोकती हैं, वहीं युवा अंबानी दंपत्ति ने हर भारतीय परंपरा और रिवाज को पूरी श्रद्धा और समर्पण से निभाया। यह उनकी इन प्रथाओं के प्रति गहरी आस्था और अपने वैवाहिक जीवन की शुरुआत बुजुर्गों और आध्यात्मिक गुरुओं के आशीर्वाद से करने की प्रबल इच्छा का प्रमाण था। राधिका-अनंत विवाह ने यह संदेश वैश्विक स्तर पर प्रभावशाली रूप से पहुँचाया, जिसे देखने और अनुभव करने के लिए अनेक अंतरराष्ट्रीय हस्तियाँ मौजूद थीं।

### मानवता और परंपरा का पालन

''मानव सेवा ही माधव सेवा'' - मानवता की सेवा ही ईश्वर की सच्ची सेवा है - की सच्ची भावना के साथ, अंबानी परिवार ने नवी मुंबई के रिलायंस कॉर्पोरेट पार्क में 50 वंचित जोड़ों के सामूहिक विवाह के साथ अपने विवाह समारोह की शुरुआत की। इस समारोह में 800 से ज़्यादा मेहमान शामिल हुए, और अंबानी परिवार के सभी सदस्य नवविवाहितों को आशीर्वाद और उपहार देने के लिए मौजूद रहे। इसके अलावा, अंबानी परिवार ने यह भी सुनिश्चित किया कि विवाह समारोह के साथ-साथ तीन हफ़्तों तक कोई भी बिना भोजन के न रहे। मानवता की सेवा के इसी सिद्धांत को साकार करते हुए, एक सामुदायिक रसोई के माध्यम से प्रतिदिन 1,000 से ज़्यादा दोपहर और रात के भोजन के लिए भंडारा आयोजित किया गया।

### "अन ओड टू बनारस" और पारंपरिक भारतीय पोशाकों की भव्यता

शादी के दिन की सजावट का विषय "An Ode to Banaras" था, जिसने वैश्विक मेहमानों को बनारस की घाटों की एक आध्यात्मिक यात्रा पर ले जाया। यह थीम उस सनातन नगरी की परंपराओं, आस्था, संस्कृति, कला, शिल्प और भोजन के प्रति श्रद्धांजलि थी। इस अनुभव ने बनारस की गलियों को जीवंत रूप में विवाह स्थल - जियो वर्ल्ड सेंटर - के कांकौरस में पुनः सजीव किया, जहाँ अतिथियों ने वहां की संस्कृति, स्वाद और अध्यात्म का अनुभव किया।

# बहनों के हौसले की मजबूत डोर खुशियां हर ओर



नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री

डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री **डॉ. मोहन यादव** द्वारा



## 1.27 करोड़ लाड़ली बहनों को

26 वीं किस्त के

**₹ 1543.16 करोड़**

**56.74 लाख सामाजिक सुरक्षा पेंशन हितग्राहियों को ₹ 340 करोड़**

**30 लाख से अधिक बहनों को सिलेंडर रीफिलिंग राशि ₹46.34 करोड़ का सिंगल क्लिक से अंतरण**

अपराह्न 2:30 बजे | ग्राम पंचायत नलवा, जिला उज्जैन

## राज्य स्तरीय निषादराज सम्मेलन

मछुआ कल्याण के विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं हितलाभ वितरण

अपराह्न 1:00 बजे । मुक्ताकाशी मंच, कालिदास अकादमी, उज्जैन



**12 जुलाई 2025**

सीधा प्रसारण webcast.gov.in/mp/cmevents @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh @Cmmadhyapradesh @jansamparkMP JansamparkMP

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी

D-11064/25

आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2025

भोपाल
शनिवार, 12 जुलाई 2025
श्रावण मास कृष्ण पक्ष-02
वर्ष : 12, अंक : 102
पृष्ठ : 16 मूल्य : 4.00 **

मौसम
अधि. 29
न्यून. 23

हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

## डिजिटल से क्वांटम इकोनॉमी की ओर बढ़ रही है दुनिया
### सीईआरटी-इन की रिपोर्ट


इंडियन कंप्यूटर इमरजेंसी रिस्पांस टीम (सीईआरटी-इन) द्वारा शुक्रवार को जारी एक नई रिपोर्ट में कहा गया है कि दुनिया डिजिटल से क्वांटम इकोनॉमी बनने की ओर एक बड़े बदलाव के मोड़ पर खड़ी है। भारत की राष्ट्रीय साइबर एजेंसी द्वारा ग्लोबल साइबर सिक्योरिटी फर्म एसआईएसए के सहयोग से संकलित आंकड़े इस बात पर प्रकाश डालते हैं कि क्वांटम कंप्यूटिंग अब एक भविष्यवादी विचार नहीं, बल्कि साइबर सिक्योरिटी और डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर पर गहरे प्रभाव डालने वाली एक तेजी से उभरती वास्तविकता है।

**यह एक बड़ी उपलब्धि**

क्वांटम कंप्यूटर, जो क्वांटम मेकैनिज्म के सिद्धांतों का इस्तेमाल कर काम करते हैं, अब रिसर्च लैब से बाहर निकलकर वास्तविक दुनिया में उपयोग में आ रहे हैं। 'ट्रांजिशनिंग टू क्वांटम साइबर रेडीनेस' शीर्षक वाली इस रिपोर्ट में बताया गया है कि क्वांटम कंप्यूटर, जो क्वांटम मेकैनिज्म के सिद्धांतों का इस्तेमाल कर काम करते हैं, अब रिसर्च लैब से बाहर निकलकर वास्तविक दुनिया में उपयोग में आ रहे हैं। कई ग्लोबल टेक कंपनियों ने पहले ही शानदार प्रगति कर ली है। दिसंबर 2024 में लॉन्च हुई गूगल की विलो चिप ने 105 क्यूबिट के साथ एरर करेक्शन में एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है।

मजबूत अर्थव्यवस्था का असर

# अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने कहा-भारत दुनिया में डिजिटल पेमेंट करने के मामले में सबसे आगे



एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

अच्छी खबर

भारत दुनिया में डिजिटल पेमेंट करने के मामले में सबसे आगे है। इसका कारण यूपीआई है। इस टेक्नोलॉजी ने भारत ही नहीं वैश्विक स्तर पर डिजिटल पेमेंट में तहलका मचा रखा है। भारत की इस टेक्नोलॉजी का फैन अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष यानी आईएमएफ भी हो गया है। वैश्विक संस्था ने इसके तारीफ में कसीदे पढ़े। आईएमएफ ने कहा 2016 में शुरू हुए यूपीआई ने भारत में पेमेंट के तरीके को बदल दिया। रिपोर्ट में कहा गया है कि तेज भुगतान प्रणालियों में भारत अन्य सभी देशों से आगे है। इस उपलब्धि का श्रेय यूपीआई को दिया जा रहा है। इसी के कारण यह संभव हो सका है। आईएमएफ ने अपने विश्लेषण में इस बात पर बल दिया कि यूपीआई के प्रचलन में आने के बाद से एटीएम से पैसे निकालने जैसे नकदी उपयोग के तरीकों में गिरावट आई है। यूपीआई के जरिए अब हर महीने 18 अरब से अधिक लेनदेन होते हैं। आईएमएफ ने ▸▸ शेष पेज 4 पर

**भारत का यूपीआई 7 देशों में इस्तेमाल किया जा रहा**




**यूपीआई के जरिए अब हर महीने 18 अरब से अधिक का लेन-देन**

### भारत में घरेलू क्रेडिट बढ़कर जीडीपी का 42% पर पहुंचा

*मजबूत अर्थव्यवस्था के चलते भारत में घरेलू क्रेडिट वित्त वर्ष 2024 में बढ़कर सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 42.1 प्रतिशत हो गया है। यह वित्त वर्ष 13 से वित्त वर्ष 20 के दौरान 32 से 35 प्रतिशत की सीमा में स्थिर था। यह जानकारी शुक्रवार को जारी हुई एक रिपोर्ट में दी गई। रिपोर्ट में कहा गया कि महामारी के बाद परिवारों के क्रेडिट में मजबूत वृद्धि हुई है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) की रिपोर्ट में बताया गया कि घरेलू वित्तीय देनदारियों में तेज वृद्धि महामारी के बाद आई है। वित्त वर्ष 2021 में सकल घरेलू उत्पाद के 11.7 प्रतिशत तक असाधारण रूप से बढ़ी थी, धीरे-धीरे सामान्य हो गई है। वित्त वर्ष 24 में बचत सकल घरेलू उत्पाद के 5.2 प्रतिशत पर थी। देनदारियों में वृद्धि ने शुद्ध वित्तीय बचत को वित्त वर्ष 2021 के 23.3 लाख करोड़ रुपए* ▸▸ शेष पेज 4 पर

## खबर संक्षेप

### पीएम 51 हजार युवाओं को सौंपेंगे नियुक्ति पत्र



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को युवाओं को बड़ा तोहफा देंगे। 12 जुलाई को 'रोजगार मेला' का आयोजन होने वाला है, जिसमें पीएम मोदी सुबह 11 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए जुड़ेंगे। इस दौरान अलग-अलग सरकारी विभागों और संगठनों में नियुक्त किए गए 51 से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपे जाएंगे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी नव-नियुक्त कर्मचारियों को संबोधित भी करेंगे।

### सीएम आज लाड़ली बहनों को भेजेंगे 26वीं किस्त



**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शनिवार को ग्राम पंचायत नलवा जिला उज्जैन में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना, सामाजिक सुरक्षा पेंशन और गैस सिलेंडर उज्जवला योजना के हितग्राहियों के खातों में जुलाई माह की राशि सिंगल क्लिक के माध्यम से अंतरित करेंगे। प्रदेश की एक करोड़ 27 लाख बहनों को 1503 करोड़ 14 लाख बहनों के बैंक खातों में यह राशि भेजी जाएगी।

### गृह सचिव का कार्यकाल 22 अगस्त तक बढ़ाया



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने शुक्रवार को गृह सचिव गोविंद मोहन का कार्यकाल अगले वर्ष 22 अगस्त तक के लिए बढ़ा दिया। सिक्किम कैडर के 1989 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के अधिकारी मोहन को अगस्त 2024 में गृह सचिव के रूप में नामित किया गया था। उन्होंने पिछले साल 22 अगस्त को अजय कुमार भल्ला का कार्यकाल पूरा होने के बाद गृह सचिव के तौर पर कार्यभार संभाला था।

डॉ. भागवत के '75 साल वाले' बयान पर संघ ने स्पष्ट रूप से कहा

# यह टिप्पणी प्रचारक मोरोपंत पिंगले के संदर्भ में इसका 'किसी और' से कोई लेना-देना नहीं था

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली


*डॉ. भागवत ने मोरोपंत पिंगले ने 'एक निश्चित उम्र' के पीछे के गहरे अर्थ को समझा, कि यह एक पीढ़ीगत बदलाव का इशारा था। एक बिल्कुल हल्का इशारा कि अब युवा नेताओं को आगे आने देने का वक्त आ गया है।*

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख डॉ. मोहन भागवत के 75 साल की उम्र के बाद राजनीति से पीछे हटने वाले बयान ने सियासी हलकों में हलचल मचा दी है। विपक्ष ने आरएसएस प्रमुख की टिप्पणी को लेकर देश की सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी पर निशाना साधा है।

हालांकि, संघ ने कहा कि सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत का बयान संघ विचारक मोरोपंत पिंगले के 75वें जन्मदिन पर दिए गए उनके भाषण का संदर्भ था, लेकिन कांग्रेस और उसकी सहयोगी पार्टी शिवसेना (यूबीटी) इसका अधूरा मतलब निकालकर राजनीतिक खिचड़ी पका रही है। संघ ने इस बात को स्पष्ट करते हुए कहा कि यह टिप्पणी केवल मोरोपंत पिंगले के संदर्भ में दी गई थी। इसके अलावा इसका किसी और से कोई लेना-देना नहीं था। वहीं, भारतीय जनता पार्टी ने अब तक विपक्ष की ओर से कसे जा रहे तंज पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है।

### डॉ. भागवत के इस बयान को विपक्ष ने पीएम मोदी से जोड़ा

डॉ. भागवत ने 'मोरोपंत पिंगले: द आर्किटेक्ट ऑफ हिंदू रिसर्जेंस' नाम की अंग्रेजी पुस्तक के विमोचन कार्यक्रम में यह बयान दिया था



भारतीय जनता पार्टी ने अब तक विपक्ष की ओर से कसे जा रहे तंज पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी

### युवा नेतृत्व को आगे लाने की बात संघ याद दिला रहा है

विपक्ष ने कसा तंज



वहीं, दूसरी ओर विपक्ष ने डॉ. भागवत की टिप्पणी को भाजपा और आरएसएस के बीच कथित मतभेद के संकेत के रूप में उछाल दिया। विपक्ष का कहना है कि भाजपा ने हमेशा वरिष्ठ नेताओं को पीछे हटाकर युवा नेतृत्व को आगे लाने की बात कही है और अब आरएसएस भी उसी बात को याद दिला रहा है। शिवसेना (यूबीटी) की सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने कहा कि यह एक साफ संदेश है और भाजपा और आरएसएस के बीच जो कुछ भी चल रहा है, वह उनके बयान से साफ नजर आ रहा है। प्रियंका चतुर्वेदी ने कहा कि जब 2014 में भाजपा ने ▸▸ शेष पेज 4 पर

### कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा...75 साल की बात पीएम को याद दिला दी

वहीं, कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने चुटकी लेते हुए कहा कि क्या शानदार स्वागत है। घर लौटते ही संघ प्रमुख ने याद दिला दिया कि वे 17 सितंबर, 2025 को 75 साल के हो जाएंगे। लेकिन, प्रधानमंत्री भी आरएसएस प्रमुख से कह सकते हैं कि वे भी 11 सितंबर, 2025 को 75 साल के हो जाएंगे! एक तीर से दो निशाने।



डॉ. भागवत ने क्या दिया था बयान?

**पिंगले ने कहा था**

**आपको पीछे हटकर दूसरों को काम करने देना चाहिए**

*दो दिन पहले, बुधवार को सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने 'मोरोपंत पिंगले: द आर्किटेक्ट ऑफ हिंदू रिसर्जेंस' नाम की अंग्रेजी पुस्तक के विमोचन कार्यक्रम में पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने संघ के वरिष्ठ प्रचारक मोरोपंत पिंगले के 75 साल पूरे होने पर उनकी कही गई एक बात को याद करते हुए यह टिप्पणी की थी। महाराष्ट्र के नागपुर जिले के वनमती ऑडिटोरियम में इकट्ठा हुए लोगों को संबोधित करते डॉ. भागवत ने कहा था कि वरिष्ठ संघ प्रचारक मोरोपंत पिंगले ने एक बार कहा था कि जब 75 साल की उम्र की शॉल आपके कंधों पर डाली जाती है, तो इसका मतलब है कि आप अब एक निश्चित उम्र तक पहुंच चुके हैं और अब आपको पीछे हटकर दूसरों को काम करने देना चाहिए। उन्होंने कहा कि मोरोपंत पिंगले ने यह बात तब कही थी जब उन्हें वृंदावन में उनके 75वें जन्मदिन के मौके पर* ▸▸ शेष पेज 4 पर

खाटू श्याम मंदिर के पास दुकानदारों ने मप्र के भक्तों पर बरसाईं लाठियां

# कसूर इतना ... बारिश से बचने दुकान में घुस गया था परिवार

**महिलाओं का आरोप हमें बहुत मारा मंगलसूत्र तोड़ा**

**पुलिस ने चार लोगों को हिरासत में लिया**





एजेंसी ▸▸ सीकर



खाटूश्याम मंदिर में दर्शन करने आए मध्यप्रदेश के श्रद्धालुओं से दुकानदारों ने बीच बाजार में जमकर मारपीट की। खाटूश्यामजी में शुक्रवार सुबह करीब 10 बजे बारिश से बचने के लिए श्रद्धालु एक दुकान में चले गए थे। इस पर दुकानदार ने उनको बाहर जाने के लिए कहा। श्रद्धालुओं ने दुकानदार से थोड़ी देर वहीं पर रुकने देने की गुहार लगाई। इसी बात को लेकर दुकानदार ने धक्का-मुक्की शुरू कर दी। मामला इतना बढ़ गया कि दुकानदारों ने लाठी और डंडों से पिटाई करना शुरू कर दिया। हैरान करने वाली बात यह रही कि इस हमले में महिलाओं को भी नहीं बख्शा गया। इस वारदात का एक वीडियो भी सामने आया ▸▸ शेष पेज 4 पर

**भूल जाओ और घर जाओ: थाना अधिकारी**

*श्रद्धालुओं का आरोप है कि पुलिस ने कोई सख्त कार्रवाई नहीं की। थानाधिकारी पवन चौबे ने पीड़ित श्रद्धालुओं से कहा कि भूल जाओ और घर जाओ। जिससे भक्तों में आक्रोश फैल गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि मंदिर के आस-पास दुकान चलाने वाले कई लोग कई बार दबंगई करते हुए नजर आते हैं। आरोपियों का मंदिर प्रशासन से भी करीबी संबंध है। इसी वजह से पुलिस ने सख्त रवैया नहीं अपना रही।*

एनएचएआई ने नियम किए कड़े

### 'ढीला फास्टैग' हुआ तो टोल एजेंसियां तत्काल देंगी सूचना

'ढीले फास्टैग' को आमतौर पर टैग-इन-हैंड कहते हैं



**नई दिल्ली।** सुगम टोल संचालन सुनिश्चित करने और 'ढीले फास्टैग' की रिपोर्टिंग को मजबूत करने के लिए, एनएचएआई ने टोल संग्रह एजेंसियों और रियायतधारकों के लिए अपनी नीति को और सुव्यवस्थित किया है। ताकि वे 'ढीले फास्टैग' की तुरंत रिपोर्ट कर उन्हें ब्लैकलिस्ट कर सकें। 'ढीले फास्टैग' को आमतौर पर टैग-इन-हैंड भी कहा जाता है। सड़क परिवहन एवं ▸▸ शेष पेज 4 पर

कोलंबिया में होगी 90% शूटिंग

### श्री श्री रविशंकर की बायोपिक के लिए तैयारी कर रहे विक्रांत

यह फिल्म ऐतिहासिक घटना पर आधारित



**मुंबई।** अभिनेता विक्रांत मैसी जल्द ही आध्यात्मिक गुरु श्री श्री रविशंकर की जिंदगी पर आधारित फिल्म 'व्हाइट' में नजर आने वाले हैं। रिलीज हुई अपनी फिल्म 'आंखों की गुस्ताखियां' के बाद अब विक्रांत मैसी अपनी अगली फिल्म 'व्हाइट' की शूटिंग में व्यस्त हो गए हैं। ये फिल्म आध्यात्मिक गुरु श्री श्री रविशंकर की जिंदगी पर आधारित है। जानकारी के मुताबिक, फिल्म की ▸▸ शेष पेज 4 पर

92 साल में पहली बार महिला को ये पद

### एचयूएल की सीईओ बन इतिहास रचेंगी प्रिया नायर

1 अगस्त 2025 से एचयूएल की कमान संभालेंगी



**नई दिल्ली।** हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड (एचयूएल) ने अपनी 92 साल की इतिहास में एक नया अध्याय जोड़ा है। देश की सबसे बड़ी एफएमसीजी कंपनियों में से एक एचयूएल को पहली बार कोई महिला सीईओ और मैनेजिंग डायरेक्टर मिलने जा रही है। प्रिया नायर, जो फिलहाल यूनिलीवर में ब्यूटी एंड वेलबीइंग डिविजन की ग्लोबल प्रेसिडेंट हैं, अब 1 अगस्त 2025 से एचयूएल की ▸▸ शेष पेज 4 पर

मंदसौर के गांधी सागर अभयारण्य में नजर आया दुर्लभ जीव

# तेंदुए जैसी आंखें-बिल्ली जैसा धड़ लंबे कान... नाम है कैराकल बिल्ली

प्रदेश में पिछले कई वर्षों बाद किसी संरक्षित क्षेत्र में कैराकल की पुष्टि

हरिभूमि न्यूज ▸▸ मंदसौर



जिले के गांधी सागर अभयारण्य में एक दुर्लभ जंगली बिल्ली कैराकल देखी गई है। इस अभयारण में चीता पुनरुत्पादन कार्यक्रम के विस्तार के तहत हाल ही में चीतों को स्थानांतरित किया गया था। जिला वन मंडल अधिकारी संजय रायखेरे ने बताया कि स्थानीय रूप से 'स्याहगोश' के नाम से जानी जाने वाली बिल्ली कैराकल को गांधी सागर अभयारण्य में एक कैमरा ट्रैप में देखा गया है। रायखेरे ने बताया कि कैराकल की उपस्थिति यह दर्शाती है कि गांधी सागर क्षेत्र के शुष्क और अर्द्ध-शुष्क पारिस्थितिकीय तंत्र अब भी इतने समृद्ध और संतुलित हैं जो इस दुर्लभ प्रजाति को आश्रय दे सकते हैं। प्रदेश में पिछले कई वर्षों बाद किसी संरक्षित क्षेत्र में कैराकल की पुष्टि हुई है जो प्रदेश के लिए गर्व की बात है। उन्होंने बताया कि यह एक शर्मीला, तेज दौड़ने वाला और आमतौर पर रात्रिचर ▸▸ शेष पेज 4 पर

खंडवा में धूनी वाले दादाजी धाम में भगदड़ जैसे हालात

# मशाल जुलूस के दौरान तोड़ी बेरिकेडिंग पुलिस की मौजूदगी में टला बड़ा हादसा

"जुलूस में शामिल न हो पाने से अन्य श्रद्धालु नाराज थे"

हरिभूमि न्यूज ▸▸ खंडवा



यहां धूनी वाले दादाजी के दरबार में गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर गुरुवार रात को मशाल जुलूस के दौरान कुछ समय के लिए अफरा-तफरी मच गई। इस दौरान भगदड़ जैसे हालात बन गए। गनीमत रही कि मौके पर मौजूद पुलिस ने तुरंत स्थिति को संभाल लिया, जिससे बड़ी घटना होने से टल गई। धूनी वाले दादाजी मंदिर परिसर से गुरुवार रात करीब 11 बजे मशाल जुलूस की शुरुआत हुई, जिसमें केवल उन श्रद्धालुओं को प्रवेश दिया गया, जिनके हाथों में मशाल थी। यह जुलूस मंदिर के मुख्य प्रवेश द्वार ▸▸ शेष पेज 4 पर

गर्भवती महिला ने वीडियो बनाकर नेताओं और प्रशासन से लगाई थी गुहार

इस गांव में करीब 10 किलोमीटर सड़क नहीं

# सड़क मांग रही लीला को सीधी सांसद का अजीब सा जवाब कहा- डिलीवरी की तारीख बता दो, हम पहले ही उठवा लेंगे

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सीधी


ऐसी है सड़क की हालत

जिले में एक गर्भवती महिला लीला साहू एक साल से अपने गांव तक सड़क बनवाने के लिए संघर्ष कर रही हैं। उन्होंने वीडियो बनाकर नेताओं और प्रशासन से गुहार लगाई। लेकिन, भाजपा सांसद राजेश मिश्रा ने अजीब सलाह दी कि डिलीवरी की तारीख बता दो, अस्पताल में भर्ती करा देंगे। सांसद ने यह भी कहा कि वे सड़क नहीं बनाते हैं। सड़क तो ▸▸ शेष पेज 4 पर

पीडब्ल्यूडी मंत्री ने कहा कि सोशल मीडिया पर पोस्ट करने से सड़क नहीं बन जाएगी


राजेश मिश्रा



**चिंता की क्या बात हमारे पास एंबुलेंस है**

वहीं, लीला साहू की मांग पर सांसद राजेश मिश्रा ने कहा कि चिंता की क्या बात है। हमारे पास एंबुलेंस है, अस्पताल है, आशा कार्यकर्ता है, हम व्यवस्था करेंगे। डिलीवरी की एक संभावित तिथि होती है, बताएं तो हम एक हफ्ते पहले उठा लेंगे, अस्पताल में भर्ती करवा देंगे।

**इस गांव में 6 महिलाएं गर्भावस्था में**

लीला साहू ने कहा कि इस गांव में 6 महिलाएं गर्भावस्था में हैं। अगर उनको एंबुलेंस की सुविधा नहीं मिली तो कुछ भी हो सकता है। जिसकी जिम्मेदारी सरकार और प्रशासन पर होगी। फिलहाल इस गांव में करीब 10 किमी सड़क नहीं है। लोगों को पैदल चलने में भी परेशानी होती है। आए दिन रोज वाहन फंसे रहते हैं। ऐसे में प्रदेश की अंतिम छोर ▸▸ शेष पेज 4 पर

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने एक बगिया मां के नाम अभियान के लिए भूमिपूजन कर रोपा पौधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि देश तेजी से प्रगति के पथ पर बढ़ रहा है। भारत वसुधैव-कुटुम्बकम की संस्कृति पर चल रहा है, जहां पूरा विश्व एक परिवार की तरह है। जब सारा विश्व युद्ध में झुलस रहा है, तब भारत जियो और जीने दो का संदेश देकर अपनी उदार संस्कृति का परिचय दे रहा है।

मुख्यमंत्री शुक्रवार को इंदौर के केसरबाग में एक बगिया मां के नाम नगर वन निर्माण का भूमिपूजन एवं पौधारोपण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

## केसरबाग में 51 हजार फलदार-औषधीय पौधे लगाए जाएंगे: मंत्री विजयवर्गीय

### इंदौर को हरा-भरा और सुंदर बनाने का लिया संकल्प

डॉ. यादव ने कहा कि यह संयोग है कि आज श्रावण माह का पहला दिन है और इसी दिन केसरबाग में एक




बगिया मां के नाम के तहत इंदौर को हरा-भरा और सुंदर बनाने का संकल्प लिया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत के लोग प्रारंभ से ही प्रकृति के निकट रहे हैं और उन्होंने प्रकृति में भी परमात्मा के दर्शन किए है। कार्बन उत्सर्जन को दूर करने में पौधों की बड़ी भूमिका है। पेड़ ऋषि-मुनि के समान होते हैं, जो प्रकृति से कम और लेते देते अधिक हैं। मुख्यमंत्री ने केसरबाग में आम के पौधे का रोपण किया। नगरीय प्रशासन एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि क्लॉथ मॉर्केट एसोसिएशन ने शासन को केसरबाग में जो चार एकड़ से अधिक जमीन पौधारोपण के लिए दी है, उस पर 51 हजार से अधिक पौधे लगाकर इसे सुन्दर और प्रदेश की सबसे बड़ी बगिया बनाया जाएगा। बगिया में फलदार और औषधीय पौधे लगाए जाएंगे।

# सीएम डॉ. मोहन ने कहा, विद्यार्थी सिर्फ पढ़ाई करें उनके उज्जवल भविष्य की सरकार करेगी चिंता

## विकसित भारत के लक्ष्य तक पहुंचने में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि विद्यार्थी सिर्फ पढ़ाई करें, उनके उज्जवल भविष्य की चिंता सरकार करेगी। उन्होंने कहा कि जो विद्यार्थी स्कूल में टॉप करेगा, राज्य सरकार उसे इलेक्ट्रिक स्कूटी प्रदान करेगी। नीट पास करने वाले विद्यार्थियों के चिकित्सा शिक्षा की फीस में भी सरकार सहायता कर रही है।

## मुख्यमंत्री ने विद्यार्थियों को किया कॉपी वितरण




### मप्र में औद्योगिक गतिविधियां बढ़ेंगी

आगामी दो वर्ष में प्रदेश में मेडिकल कॉलेजों की संख्या बढ़कर 50 तक पहुंचेगी। सरकार द्वारा युवाओं के स्वावलंबन के लिए प्रदेश में औद्योगिक गतिविधियों का विस्तार किया जा रहा है। अब पुण्योदय प्रकल्प के माध्यम से कॉपियां भी उपलब्ध करा रहे है। डॉ. यादव शुक्रवार को इंदौर में हिंद रक्षक संगठन द्वारा पुण्योदय प्रकल्प के 21वें वर्ष के अवसर पर बास्केटबॉल कॉम्प्लेक्स परिसर में प्रियजनों की पुण्य स्मृति में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने दीप प्रज्ज्वलित कर कॉपी वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ किया और जरूरतमंद विद्यार्थियों को निः शुल्क कॉपी वितरित की।

## खबर संक्षेप



### खाद की कालाबाजारी पर निगरानी रखेगा कृषि विभाग

**भोपाल।** अवैध खाद बेचने और कालाबाजारी करने वालों पर सख्त कार्रवाई करें। सीएम हेल्पलाइन की लंबित शिकायतों का त्वरित निराकरण किया जाए। यह निर्देश संभागायुक्त संजीव सिंह ने कृषि कल्याण व विकास विभाग सहित अन्य अधिकारियों को दिए हैं। उन्होंने कहा कि किसानों के लिए खाद की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। बैठक में कृषि विभाग की उप संचालक सुमन प्रसाद ने प्राकृतिक खेती योजना की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भोपाल संभाग में 100 क्लस्टर में पांच हजार हेक्टेयर भूमि पर प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहित किया जा रहा है। इस योजना में 12 हजार 500 किसानों को शामिल किया गया है, जिनमें से अब तक 9,771 किसानों का पंजीयन एम-किसान पोर्टल पर पूर्ण हो चुका है। इस कार्य में 200 किसान सखियां सक्रिय भूमिका निभा रही हैं, जो किसानों को प्राकृतिक खेती के आधुनिक तकनीकों एवं लाभों के प्रति जागरूक कर रही हैं।

# प्रधानमंत्री आवास योजना 1.0 के तहत 45,503 हितग्राहियों का 'गृह प्रवेश'

## मुख्यमंत्री ने शहरों के सर्वांगीण विकास के लिए दी सौगातें




हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इंदौर में मप्र ग्रोथ कॉन्क्लेव -2025 में प्रदेश के शहरों के सर्वांगीण विकास के लिए 12 हजार 360 करोड़ रुपए की सौगातें दी।

मुख्य रूप से इंदौर शहर के लिए अमृत 2.0 अंतर्गत जलप्रदाय एवं सीवरेज योजना के लिए 2,382.03 करोड़ रुपए की सौगात दी गई। स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत उपयोगित जलप्रदाय प्रबंधन और अधोसंरचना विकास के लिए 257 परियोजनाओं के लिए 3,562.27 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत की गई। कार्यक्रम के माध्यम से मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री आवास योजना 1.0 के तहत 45,503 हितग्राहियों का गृह प्रवेश करवाया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 अंतर्गत 19,541 हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र वितरित किए गए। कुल 65,044 हितग्राहियों को 2,799.26 करोड़ रुपए की राशि अंतरण की गई।

### शहरी विकास को गति देने हुए एमओयू

शहरी प्रशासन के विविध घटकों को टेक्नॉलॉजी के माध्यम से इंटीग्रेट करके अधिक कार्यकुशल बनाने के लिए मध्यप्रदेश शासन और भास्कराचार्य अंतरिक्ष अनुप्रयोग एवं भू-सूचना विज्ञान संस्थान के बीच महत्वपूर्ण एमओयू हुआ है। नगरीय विकास विभाग के अन्तर्गत मध्यप्रदेश शहरी विकास कंपनी और हाउसिंग और शहरी विकास निगम लिमिटेड (हुड़को) के मध्य समझौता निष्पादन हुआ। मध्यप्रदेश शासन और आईआईएम इंदौर के बीच सिंहस्थ 2028 की कार्ययोजना के सफल क्रियान्वयन के लिए एमओयू किया गया है।

### गतिविधियों की जानकारी दी

अपर मुख्य सचिव नगरीय विकास एवं आवास संजय दुबे ने मप्र ग्रोथ कॉन्क्लेव में हुई गतिविधियों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में विचार विमर्श से प्रदेश के शहरी क्षेत्रों में निवेश की संभावनाएं लगातार बढ़ेगी। कार्यक्रम में मध्यप्रदेश ग्रोथ कॉन्क्लेव -2025 में इकोनॉमिक टाइम्स अर्बन ग्रोथ 2025 पुस्तिका का विमोचन भी किया गया।

### विशेष सत्रों का हुआ आयोजन

कॉन्क्लेव में इंटीग्रेटिंग टेफ्रोलॉजी फॉर अर्बन इंडिया, सिटीज ऐज ग्रोथ हब्स, शहरी वानिकी, मोबिलिटी फॉर सिटीज ऑफ टुमारो जैसे विषयों पर सत्रों का आयोजन किया गया, जिनमें विषय विशेषज्ञों ने अपने विचार प्रकट किए। अर्बन टेक, अर्बन ग्रीन्स, अर्बन मोबिलिटी और अर्बन इंफ्रा ड्राइव विषय पर सत्रों का आयोजन किया गया, जिनमें विशेषज्ञों ने विचार मंथन किया और सुझाव दिए।

## प्राथमिक शिक्षक चयन परीक्षा-2025 का कार्यक्रम जारी

**भोपाल।** मप्र कर्मचारी चयन मंडल भोपाल ने प्राथमिक शिक्षक चयन परीक्षा-2025 का कार्यक्रम जारी कर दिया है। स्कूल शिक्षा विभाग और यह परीक्षा स्कूल शिक्षा विभाग में 10150 पद जनजातिया कार्य विभाग 2939 पदों के लिए आयोजित की जा रही है। ऑनलाइन आवेदन-पत्र भरने की प्रारंभिक तिथि 18 जुलाई 2025 निर्धारित की गई है। ऑनलाइन आवेदन-पत्र भरने की अंतिम तिथि 1 अगस्त 2025 है। आवेदन-पत्र में संशोधन करने की प्रारंभिक तिथि भी 18 जुलाई है और संशोधन की अंतिम तिथि 6 अगस्त है। परीक्षा दो पालियों में आयोजित की जाएगी। पहली पाली के लिए रिपोर्टिंग समय सुबह 8:30 बजे से 10 बजे तक है। दूसरी पाली के लिए रिपोर्टिंग समय दोपहर 1 बजे से 02:30 बजे तक रहेगी। इस चयन परीक्षा में आवेदन करने के लिए उम्मीदवारों को आयोजित प्राथमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा 2020 अथवा 2024 में निर्धारित प्रतिशत के साथ उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। ऑनलाइन आवेदन कियोस्क के माध्यम से भरने वाले उम्मीदवारों को 60 रुपये का पोर्टल शुल्क देना होगा।

**18 से शुरू होंगे आवेदन**

## कांवड़ यात्रियों का पुष्प-वर्षा कर किया स्वागत

# कांवड़ यात्रियों की सुरक्षा के साथ होंगी अनुकूल व्यवस्थाएं, मुख्यमंत्री उज्जैन में समर्पण कांवड़ यात्रा में हुए शामिल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश में सभी कांवड़ यात्रियों की सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम के साथ अनुकूल व्यवस्थाएं भी सुनिश्चित की जा रही है। इस संबंध में निर्देश जारी किए जा चुके हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार को उज्जैन त्रिवेणी शनिमंदिर से कांवड़ यात्रा में शामिल हुए। उन्होंने कांवड़ यात्रियों का पुष्प-वर्षा कर स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने कांवड़ का पूजन कर कांवड़ उठाई और अग्नि अखाड़ा के महामंडलेश्वर संत उत्तम स्वामी के साथ पैदल चलकर कावड़ यात्रा का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि ईश्वर और संतजन के आशीर्वाद से उज्जैन में सिंहस्थ-2028 की तैयारियां तेजी से की जा रही है। हम इस सोच के साथ सभी तैयारियां कर रहे हैं कि वर्ष-2028 के बाद यदि प्रतिवर्ष सिंहस्थ जैसे आयोजन हों तो समस्या न आए। सिंहस्थ-2028 के दृष्टिगत उज्जैन में संतों के लिए आश्रम और अन्य व्यवस्थाओं को जुटाने के लिए सिंहस्थ धार्मिक सिटी का निर्माण भी किया जा रहा है।

### मुख्यमंत्री ने बताया जल का महत्व

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कांवड़ यात्रियों को संबोधित करते हुए कहा कि दुनिया में कई संस्कृतियां हैं। दुनिया में तो 194 देश है, लेकिन कोई देश अपने कोई भी शुभ काम प्रारंभ करने के लिए जल के माध्यम से कोई संकल्प नहीं लेता है। भारतीय संस्कृति जल ही जीवन की संस्कृति और जीवन जीने की पद्धति रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि ईश्वर की कृपा से हम हजारों सालों से जल के गुणों से परिचित हैं।

## अधिकारियों ने प्रेजेंटेशन के माध्यम से दिया तैयारियों का ब्यौरा

# सिंहस्थ महाकुंभ-2028 की तैयारी तेज डीजीपी ने की सुरक्षा, ट्रैफिक की समीक्षा




हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

उज्जैन में वर्ष 2028 में आयोजित होने वाले सिंहस्थ महाकुंभ के शांतिपूर्ण, सुरक्षित और सुव्यवस्थित संचालन के लिए मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा व्यापक तैयारियां की जा रही हैं।

इसी क्रम में गुरुवार को पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाणा की अध्यक्षता में पुलिस मुख्यालय में समीक्षा बैठक की गई। सिंहस्थ-2028 की तैयारियों को लेकर हुई बैठक में पुलिस मुख्यालय में विशेष पुलिस महानिदेशक, अतिरिक्त महानिदेशक सहित भोपाल के पुलिस अधिकारी मौजूद रहे। वीसी से उज्जैन जोन, पुलिस आयुक्त इंदौर, इंदौर ग्रामीण, खण्डवा, खरगौन, देवास, शाजापुर, धार, रतलाम, सीहोर, आगर-मालवा के एसपी बैठक से जुड़े।

### रूट प्लानिंग, भीड़ नियंत्रण के लिए व्यवस्था

अफसरों ने डीजीपी को प्रेजेटेशन दिया, जिसमें करोड़ों श्रद्धालुओं की संभावित उपस्थिति को ध्यान में रखते हुए रूट प्लानिंग, पार्किंग जोन, घाट क्षेत्रों पर सुरक्षा, यातायात नियंत्रण, स्वास्थ्य सहायता और भीड़ नियंत्रण के लिए अतिरिक्त बल की व्यवस्था शामिल रही।

### संवेदनशील क्षेत्रों पर ड्रोन कैमरों की तैनाती

हाई रिजॉल्यूशन वाले कैमरे सभी प्रमुख मार्गों, स्नान घाटों और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में लगाए जाने की रणनीति तैयार हुई। अफसरों ने प्रेजेंटेशन में बताया कि रीयल टाइम निगरानी के लिए फील्ड कम्युनिकेशन यूनिट एवं इंटीग्रेटेड कंट्रोल रूम स्थापित किया जाएगा। पुलिस नेटवर्क को मजबूत करने के लिए वायरलेस और मोबाइल कंट्रोल यूनिट्स सक्रिय रहेंगी।

## मंत्री भूरिया पश्चिमी राज्यों की जोनल मीट में होंगी शामिल

**भोपाल।** महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार की ओर से 12 जुलाई को गुजरात के केवड़िया में होने जा रही पश्चिमी क्षेत्रीय राज्यों की जोनल मीट में महिला एवं बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया मप्र का प्रतिनिधित्व करेंगी। बैठक का मुख्य उद्देश्य महिला एवं बाल विकास योजनाओं के बेहतर समन्वयन और क्रियान्वयन पर विचार-विमर्श, केंद्र एवं राज्यों के बीच नीतिगत सहयोग और अनुभवों का आदान-प्रदान, पोषण, सुरक्षा, शिक्षा, स्वास्थ्य और सशक्तिकरण संबंधी कार्यक्रमों की समीक्षा और क्षेत्रीय चुनौतियों के समाधान के लिए साझा रणनीति तैयार करना है। बैठक में गुजरात, महाराष्ट्र, राजस्थान, गोवा, मप्र, दमन एवं दीव तथा दादरा एवं नगर हवेली के मंत्री शामिल होंगे।

# रेल मंत्री वैष्णव के पिता की स्मृति में आयोजित प्रार्थना सभा में शामिल हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष खंडेलवाल





**भोपाल।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने शुक्रवार को नई दिल्ली में केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के पिता स्वर्गीय दाऊलाल वैष्णव की स्मृति में आयोजित प्रार्थना सभा में सम्मिलित होकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

### भाजपा राष्ट्रीय संगठन महामंत्री से मिले प्रदेश अध्यक्ष खंडेलवाल

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने शुक्रवार को नई दिल्ली में पार्टी के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष से सौजन्य भेंट की। इसके साथ ही प्रदेश अध्यक्ष खंडेलवाल नई दिल्ली में पार्टी के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश से भी मिलने पहुंचे और चर्चा की।

## मांडू में 21-22 जुलाई को होगा आयोजन

# भाजपा की तर्ज पर कांग्रेस भी देगी अब विधायकों को ट्रेनिंग

## वीसी के माध्यम से जुड़ेंगे राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खरगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश कांग्रेस में भाजपा की तरह विधायक और नेताओं की ट्रेनिंग की जाएगी। धार के मांडू में दो दिन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर लगाया जाएगा। 21-22 जुलाई को ट्रेनिंग होगी।

विधायकों को प्रशिक्षण देने के दिल्ली से ट्रेनर आएंगे। शिविर में भविष्य की रणनीति और मानसून सत्र को लेकर प्लानिंग भी बनाई जाएगी। विधायकों और संगठन के बीच समन्वय, जनता के मुद्दों को उठाने के तरीकों से लेकर टिप्स दिए जाएंगे। ट्रेनिंग में राहुल गांधी, मल्लिकार्जुन खरगे, केसी वेणुगोपाल सहित कई बड़े नेता वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए विधायकों को संबोधित भी करेंगे।

### मानसून सत्र में भ्रष्टाचार के मुद्दों पर फोकस

आगामी 28 जुलाई को मध्य प्रदेश में विधानसभा का सत्र शुरू हो रहा है। कांग्रेस विधायक मध्य प्रदेश में हो रहे भ्रष्टाचार के मामले को भी उजागर करेंगे। इस रणनीति पर भी चर्चा के लिए ट्रेनिंग में अलग से नेता प्रतिपक्ष विधायकों के साथ बैठक करेंगे।




### इस साल भी खाली न रह जाएं सीटें

शहर के एक प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय के यूटीडी में कोर्सेस के लिए प्रवेश शुरू हो चुके हैं, लेकिन अभी तक कुछ कोर्स को लेकर असमंजस की स्थिति बनी हुई है, जो शुरू तो हुए हैं, लेकिन प्रवेश देने की स्थिति स्पष्ट नहीं हो पा रही है। ऐसे में इन कोर्स के लिए तो प्रवेश लेट होने की पूरी आशंका है ही, अन्य विभागों में भी अभी तक सीधे प्रवेश के लिए आवेदन कम ही आए हैं। हालांकि, यह पहली बार नहीं हो रहा है। कुछ कोर्सेस को छोड़ दें तो पिछले साल भी ऐसे ही कुछ विभागों में करीब आधी सीटें खाली रह गई थीं। अब आशंका और बढ़ रही है कि कहीं इस साल भी विवि के इन विभागों में सीटें न रह जाएं।

### अब विद्यार्थी वापस घर की ओर न दौड़ें

कॉलेज ही नहीं, कुछ विश्वविद्यालय भी ऐसी समस्याओं से पीड़ित हैं, जिनमें किसी विद्यार्थी को अपनी अलग से कोई जानकारी या दस्तावेज की ऑनलाइन जरूरत हो तो इसके लिए वापस घर की ओर दौड़ना पड़ता है और अगले दिन ही साहब के सामने दस्तावेज प्रस्तुत कर पाता है। बीते लंबे समय से विश्वविद्यालयों और कॉलेजों ने विद्यार्थियों को डिजिलॉकर से लेकर अन्य ऐसी सुविधाएं दे रखी हैं, जिनका लाभ वे ले सकते हैं, लेकिन इसमें अब भी कुछ समस्याएं आ रही हैं। रही बात विवि या कॉलेज प्रबंधन की तो उसे भी दस्तावेजों से जुड़ी फाइलों को ऑनलाइन करके समस्या का समाधान निकालना चाहिए। ऐसे में कुछ ऐसे संस्थान भी हैं, जो इस सुविधा का लाभ अब तक नहीं ले पा रहे हैं और छात्रों को ही चक्कर काटने को विवश होना पड़ रहा है। उम्मीद है कि अब विद्यार्थियों को दस्तावेजों के लिए घर की ओर वापस नहीं दौड़ना पड़ेगा।

### साहब का रुतबा बरकरार

लोक शिक्षण संचालनालय में स्कूलों की मान्यता का मामला हमेशा चर्चा में बना रहता है। यहां एक साहब बीते 20 सालों से पदस्थ हैं। हालांकि बीते वर्ष एक बार हुए तबादले में साहब को यहां से कहीं ओर भेजा गया था, लेकिन एक साल के बाद साहब वापस अपनी पसंदीदा जगह पर लौट आए और फिर कोई हटा न सका। खासियत यह है कि लोक शिक्षण संचालनालय में चर्चाएं यह भी है कि इनके अलावा यहां की व्यवस्था संभालना किसी के बूते की बात नहीं। ऐसे में साहब का रुतबा बरकरार है और आला अधिकारी भी उन्हें कहीं भेजने से कतराते नजर आते हैं।

### नाराजगी पड़ी भारी, मिला तबादला

राजधानी के एक सरकारी स्कूल की प्राचार्य को आला अधिकारियों और मंत्रालय के फोन नहीं उठाना भारी पड़ गया। प्राचार्य को राजधानी से अब एक ग्रामीण जिले में भेज दिया गया है। जिसके बाद अब प्राचार्य अपने तबादले को निरस्त कराने के लिए एड़ीचोटी का जोर लगा रही हैं। यहां तक कि बीते दिनों स्कूल के बच्चों और अभिभावकों द्वारा कराया गया जोरदार प्रदर्शन भी बेअसर रहा। हालाकि प्राचार्य ने हार नहीं मानी है, बताया जा रहा है कि वह इन दिनों नाराज अधिकारियों को मनाने की जुटी हैं और अपनी वापसी को लेकर आशान्वित हैं।

संजीव सक्सेना

## इतिहास से भविष्य को जोड़ेगा अत्याधुनिक एक्वा पार्क

मुख्यमंत्री डॉ. यादव आज राजधानी में करेंगे भूमिपूजन

# मछली घर नहीं, अब एक्वा पार्क में बसेगी मछलियों की दुनिया

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज शनिवार, 12 जुलाई को भोपाल में बनने जा रहे अत्याधुनिक मछलीघर एक्वा पार्क का भूमिपूजन करेंगे। केंद्र सरकार ने इस प्रोजेक्ट के लिए 25 करोड़ रुपए की स्वीकृति दी है, इसमें राज्य सरकार के 15 करोड़ रुपए के सहयोग से यह 40 करोड़ रुपए की महत्वाकांक्षी परियोजना होगी।

पूरे प्रदेश से भोपाल आने वाले पर्यटकों के ज़ेहन में मछलीघर की एक खास जगह है। वो पुराना मछलीघर जहां स्कूल की पिकनिक होती थी और रंग-बिरंगी मछलियों को देखकर चौंकते, मुस्कराते और कभी-कभी डर भी जाते थे। नीली रोशनी में तैरती सुनहरी मछलियां मानो कैनवास पर बनी कोई पेंटिंग थीं। वक्त बीत गया और अब मछलीघर अतीत को साथ में समेटे हुए फिर से भोपाल में एक नई पहचान के साथ लौटने जा रहा है। देश के सबसे सुंदर और आधुनिक 'एक्वा पार्क' में से एक भोपाल में आकार लेने जा रहा है।



### बच्चों के लिए रोमांच, शिक्षा, शोध और कौतूहल का नया केंद्र भी बनेगा एक्वा पार्क

एक्वा पार्क न केवल पर्यटकों के लिए आकर्षण का केन्द्र होगा, बल्कि बच्चों के लिए रोमांच, शिक्षा, शोध और कौतूहल का नया केंद्र भी बनेगा। एक्वा पार्क में समुद्री और मीठे पानी की मछलियों की सैकड़ों प्रजातियां देखने को मिलेंगी। डिजिटल एक्वेरियम, वाटर टनल, 3 डी इंटरेक्टिव जोन, बच्चों के लिए सी-लाइफ लर्निंग सेंटर, रिसर्च सेंटर (मछली पालन की पारंपरिक और नवीन तकनीक की डेमोंस्ट्रेशन यूनिट), मत्स्य सेवा केंद्र (मछली पालकों के प्रशिक्षण के लिए), आंत्रप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट और इनक्यूबेशन सेंटर, कैफेटेरिया (रंगीन मछलियों का प्रदर्शन और मछली से जुड़े गिफ्ट आइटम) एवं पर्यावरण शिक्षा और संरक्षण जैसे कार्यक्रम भी एक्वा पार्क में उपलब्ध होंगे।

### भदभदा स्थित मछलीघर में बन रहा है पार्क

एक्वा पार्क के जरिए नई पीढ़ी सिर्फ मछलियां नहीं देखेगी, बल्कि पानी और प्रकृति के प्रति संवेदनशील बन सकेगी। पार्क का निर्माण भदभदा स्थित मछलीघर में किया जाने वाला है। एक्वा पार्क इतिहास और भविष्य के बीच एक पुल बनने जा रहा है। भोपाल के लिए यह केवल पर्यटन स्थल ही नहीं, बल्कि स्मृतियों के गलियारे में सैर करने जैसा अनुभव होगा।

## पटवारी ने जताई गजराज लोधी के अपहरण या हत्या की आशंका

**भोपाल।** अशोकनगर में कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी पर एफआईआर करवाने वाले गजराज लोधी और उनका परिवार कई दिनों से गायब है। इस मामले में कांग्रेस का आरोप है कि पटवारी के खिलाफ शपथपत्र देने के दिन से ही गजराज लोधी अपने गांव नहीं आया है। पटवारी ने गजराज के अपहरण होने या फिर उसकी हत्या होने की आशंका जताई है। उन्होंने सरकार से इस संबंध में जवाब मांगा है। पटवारी ने शुक्रवार को प्रेस कांफ्रेस के माध्यम से कहा है कि 14 दिनों से गजराज और उसका परिवार सामने नहीं आया तो कहां है। हम पूरी विनम्रता से मांग करते हैं कि पूरे परिवार को पब्लिक के सामने प्रस्तुत किया जाए। कांग्रेस इस मामले को अब यूं ही दबने नहीं देगी।



हरिभूमि
# भोपाल भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शनिवार 12 जुलाई 2025



एक तरफ वीआईपी सुविधा का दावा लेकिन गंदगी, पीक व कुत्तों से यात्री परेशान

## भोपाल स्टेशन के पॉड होटल परिसर में आवारा कुत्तों का कब्जा, डॉरमेट्री से लेकर प्लेटफार्म तक गंदगी...

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल रेलवे स्टेशन की खूबसूरती को बढ़ाने लिए जगह-जगह पर वाल पेंटिंग की गई है। लेकिन रेलवे स्टेशन पर इन दिनों गंदगी का अंबार है। प्लेटफॉर्म से लेकर सीढ़ियों और रेलवे ट्रैक पर गंदगी साफ देखी जा सकती है तो वहीं भोपाल रेलवे स्टेशन पर विगत दिनों छह नंबर प्लेटफॉर्म की ओर शुरू किए गए प्रदेश के पहला पॉड होटल के यहां पर कुत्तों ने डेरा डाल रखा है। वहीं होटल व यहां स्थित रेस्टोरेंट जाने वाले लोग बिल्डिंग के ऊपर से पान गुटखा थूककर प्लेटफॉर्म को गंदा कर रहे हैं। इसको लेकर रेलवे प्रबंधक की ओर से होटल व यहां स्थिति रेस्टोरेंट जाने वाले लोगों पर गंदगी फैलाने को लेकर किसी तरह की कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है, जिससे गंदगी फैलाने वाले बेखौफ हैं और बेधड़क होकर गंदगी फैला रहे हैं। इसी तरह डॉरमेट्री में भी गंदगी व सुविधा नहीं मिलने की शिकायत यात्रियों द्वारा विगत दिनों की गई थी।

**रोजाना 20 हजार से अधिक यात्री आते प्लेटफॉर्म 6 पर**

प्लेटफॉर्म 6 की तरफ से आने जाने वाले यात्रियों की बात की जाए तो करीब 20 हजार से अधिक यात्री इस तरफ से आते-जाते हैं। इसमें करीब 6 हजार से अधिक यात्री वृद्ध होते हैं, इसके अलावा स्टेशन के ओवर ऑल फुटफॉल की बात की जाए तो भोपाल स्टेशन पर रोजाना करीब 45 हजार से अधिक यात्री आते हैं। वहीं, यहां से रोजाना करीब 250 से अधिक ट्रेनें अप डाउन में गुजरती हैं।

### पॉड होटल के पास कुत्तों का डेरा







*भोपाल स्टेशन कुत्तों ने जगह-जगह डेरा डाला हुआ है। यह कुत्ते फर्स्ट फ्लोर चढ़कर प्लेटफॉर्म नंबर 6 पर पॉड होटल व रेस्टोरेंट तक पहुंच रहे हैं। इतना ही नहीं, गलियारे में सोने वाले यात्रियों के पास भी ये कुत्ते बैठे देखे जा सकते हैं। यहां आने वाले यात्रियों को कुत्तों के काटने का डर बना रहता है। इसके अलावा बिल्डिंग में बारिश के पानी से गंदगी पनप रही है। इसी बिल्डिंग के बाहर बारिश का पानी जमा होने से यात्रियों को परेशानी उठानी पड़ रही है।*

### शाम होते ही बारिश...



भोपाल। दिनभर धूप और बादलों के बीच उत्पन्न हुई उमस से शाम 6:30 बजे के करीब बादल बरस पड़े। बारिश देर रात तक होती रही। चित्र रंगमहल चौराहे का।

## खबर संक्षेप

### सौरभ को वापस नहीं मिलेंगे जब्त दस्तावेज

**भोपाल।** आरटीओ के पूर्व आरक्षक सौरभ शर्मा के घर से ईडी द्वारा जप्त संपत्तियों से संबंधित दस्तावेजों को वापस दिए जाने को लेकर प्रस्तुत आवेदन ईडी के विशेष न्यायाधीश ने शुक्रवार को निरस्त कर दिया। ईडी ने सौरभ शर्मा के ठिकानों पर 27, 28 दिसंबर और 8 एवं 11 जनवरी को तलाशी के दौरान संपत्ति संबंधित दस्तावेज जप्त किए था। 8 जुलाई को सौरभ शर्मा के अधिवक्ता ने ईडी के विशेष न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत कर ईडी द्वारा जप्त संपत्तियों से संबंधित दस्तावेजों को वापस दिए जाने की मांग की थी।

### कलेक्टर पहुंचे कोलार तहसील, दिए निर्देश

**भोपाल।** कोलार तहसील का शुक्रवार शाम 6 बजे कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने औचक निरीक्षण किया। जब वे तहसील में पहुंचे तो तहसीलदार और एसडीएम कार्यालय में भीड़ लगी थी। यहां लंबित प्रकरणों की संख्या अधिक होने से देर रात तक काम किया जा रहा है। तहसीलदार यशवर्धन सिंह ने बताया कि कलेक्टर ने रेरा, राजस्व सहित अन्य प्रकरणों का अवलोकन किया और निर्देश दिए कि समय पर निराकरण करें। वहीं, नए भवन में शिफ्टिंग को लेकर भी तैयारियां पूरी कर लें।

एक साल पहले किया था अति जर्जर घोषित, बारिश में हो सकता था हादसा

## 10 मिनट में गिर गया 80 साल पुराना 3 मंजिला जर्जर मकान

जर्जर मकानों को गिराने की पहली कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शहर के किराना बाजार जुमेराती जनकपुरी में वर्ष 1945 में बने एक प्राचीन जर्जर भवन को नगर निगम की टीम ने शुक्रवार को गिरा दिया। यह तीन मंजिला मकान करीब 80 साल पुराना था और निगम ने इसे एक साल पहले जर्जर घोषित कर दिया था।

नगर निगम की टीम ने महज दस मिनट में बुलडोजर से गिरा दिया। इस मकान में चौरसिया परिवार के तीन सदस्य रह रहे थे, जिन्हें पहले भी कई बार नोटिस दिए जा चुके थे। दरअसल, 25 जून को ओल्ड एमएमए रेस्ट हाउस के पास एक जर्जर भवन की दीवार गिरने से एक व्यक्ति की मौत हो गई थी, जिसके बाद निगम ने 27 जून को 1550 जर्जर भवनों को नोटिस जारी किए थे। इनमें से 10 अति जर्जर भवनों को तोड़ने का निर्णय लिया गया था। वहीं शुक्रवार को टीम ने करोंद फल मंडी में शेडों के नीचे किए गए अतिक्रमण को हटाया।



### सड़क किनारे से जब्त किए 45 वाहन

शुक्रवार को जिला प्रशासन, नगर निगम और ट्रैफिक पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में लाल परेड और जहांगीराबाद क्षेत्र में सड़क पर खड़े 25 दोपहिया और 20 चार पहिया वाहन जब्त किए गए। अतिक्रमण प्रभारी सृष्टि भदौरिया ने बताया कि ये वाहन दशहरा मैदान और न्यू मार्केट भेजे गए हैं। सरकारी जमीन से 15 वाहन और चरक हास्पिटल, पातरा पुल क्षेत्र से 12 वाहन जब्त किए गए। टीम ने छह ट्रक सामान अतिक्रमण कार्रवाई में जब्त किया है।





एनजीटी की सख्ती के बाद निगम ने लिया फैसला

## अब बड़े और छोटे तालाब में विसर्जित नहीं होंगी प्रतिमाएं, बनेंगे तीन नए घाट

**शहर की चारों दिशाओं में बनेंगे नए विसर्जन घाट**

**संजीव नगर, नीलबड़ और बीयू में नए घाट**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आगामी गणेश चतुर्थी और नवरात्रि पर प्रतिमाओं का विसर्जन शहर के बड़ा तालाब स्थित प्रेमपुरा घाट और छोटा तालाब के खटलापुरा घाट पर नहीं किया जाएगा। यहां आने वाली प्रतिमाओं को संजीव नगर, नीलबड़ और बीयू के विसर्जन घाटों पर शिफ्ट किया जाएगा।

नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) की सख्ती के बाद नगर निगम ने छोटा और बड़ा तालाब में प्रतिमाओं के विसर्जन पर रोक लगा दी है।

शुक्रवार को महापौर मालती राय निगम अधिकारियों के साथ मालीखेड़ी पहुंचीं। जहां पहले से प्रतिमाओं का विसर्जन होता है। इस बार इस घाट का दायरा बढ़ाया जा रहा है। वहीं, संजीव नगर, नीलबड़ और बीयू कैम्पस में भी जगह देखी जा रही है।




### पहले यहां होता था विसर्जन

बीते साल तक नगर निगम ने शहर के प्रेमपुरा, खटलापुरा, हथाईखेड़ा डैम, आर्च ब्रिज, बैरागढ़ और मालीखेड़ी विसर्जन घाट पर ही प्रतिमाओं के विसर्जन की व्यवस्था करता रहा है। बैरागढ़ विसर्जन घाट पहले से विकसित है। यह बड़ा तालाब से दूर है। वहीं, मालीखेड़ी विसर्जन घाट में भी निगम पहले से विसर्जन की व्यवस्था करता आ रहा है। इसके अलावा प्रेमपुरा घाट पर एक नया घाट विकसित करने पर विचार चल रहा है।

### बीयू की मंजूरी मिलते ही घाट हो जाएगा विकसित

राजधानी के तालाबों को प्रदूषण से मुक्त बनाने के लिए एनजीटी ने प्रतिमाओं के विसर्जन पर रोक लगा दी है। अगस्त के अंत में गणेश चतुर्थी और सितंबर में नवरात्र शुरू हो जाएंगे। ऐसे में प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए अभी से जगह की तलाश शुरू कर दी गई है। शुक्रवार को अधिकारियों के साथ मालीखेड़ी पहुंची महापौर मालती राय ने पुराने घाट को व्यवस्थित करने को कहा। उन्होंने बताया कि अभी मालीखेड़ी तो पूरी तरह फाइनल है, लेकिन जल्द ही तीन नए घाट भी तैयार हो जाएंगे। इसके लिए संजीव नगर, नीलबड़ और बीयू कैंपस में जगह देखी जा रही है। महापौर ने बताया कि संजीव नगर भी लगभग फाइनल है। बीयू कैम्पस में विसर्जन घाट बनाने के लिए विश्वविद्यालय से चर्चा चल रही है। मंजूरी मिलते ही निगम घाट विकसित कर देगा।

अनाज कारोबारी के यहां मिला पीडीएस का 850 बोरी चावल

टीम को देखकर भागे हम्माल और कर्मचारी

## महाराष्ट्र और गुजरात भेजा जा रहा था राशन का फोर्टिफाइड चावल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

जून माह से तीन महीने का एकमुश्त राशन देने का ऐलान होने के साथ ही राजधानी की पीडीएस दुकानदारों ने उपभोक्ताओं को दिए जाने वाले चावल की जमकर कालाबाजारी की है। जिसके तहत अब तक करीब एक दर्जन दुकानों पर गेहूं और चावल के स्टॉक में गड़बड़ी मिली है। शुक्रवार को मिली सूचना के बाद जिला आपूर्ति नियंत्रक चंद्रभान सिंह जादौन टीम के साथ बैरागढ़ स्थित साधु वासवानी स्कूल के पास राजकुमार ट्रेडर्स के गोदाम पर पहुंचे, जहां टीम को देखकर कर्मचारी और हम्माल भाग खड़े हुए। टीम ने यहां से 850 बोरियों में भरा पीडीएस का फोर्टिफाइड चावल जब्त किया है। जिसकी तुलाई रात 11 बजे तक चलती रही।

### महंगे दामों में बेचने की थी तैयारी

यह चावल सफाई के बाद महाराष्ट्र और गुजरात भेजा जाना था। जिला आपूर्ति नियंत्रक ने बताया कि बैरागढ़ में पीडीएस का चावल खरीदने की सूचना के बाद टीम ने राजकुमार ट्रेडर्स के गोदाम से 850 बोरियों में भरा चावल जब्त किया है। संचालक रतन वासवानी ने बताया कि वह यह चावल 25 रुपए किलो के हिसाब से खरीद रहे थे और सफाई के बाद उसे महाराष्ट्र और गुजरात महंगे दामों में बेचा जाता है।

*सुबह 8 से रात 11 बजे तक चलती रही बोरियों की तुलाई*





### टीम के सामने ही ऑटो से पहुंचा चावल

टीम जब राजकुमार ट्रेडर्स में छापा मारने पहुंची, इस दौरान एक ऑटो चालक करीब सात क्विंटल चावल लेकर यहां बेचने आ गया। सहायक आपूर्ति अधिकारी संदीप भार्गव ने जब चालक से पूछा कि कहां से चावल ला रहे हो तो उसने बताया कि लालघाटी क्षेत्र से गली-गली घूमकर 22 रुपए प्रति किलो के हिसाब से खरीदा है। जिसे यहां पर 25 रुपए किलो में बेच देता हूं। टीम ने ऑटो सहित चावल को जब्त कर लिया है।

### पीडीएस दुकानदारों ने खरीदा गेहूं-चावल

राजधानी में गरीब परिवारों को दिए गए एकमुश्त राशन के मामले में बड़ी गड़बड़ी सामने आई है। पिछले दिनों एक वीडियो वायरल होने के बाद जब दुकानों की जांच की गई तो वहां चावल का स्टॉक अधिक मिला। जबकि दुकानदार रोजाना खरीदे गए चावल का स्टॉक हटा देते थे। बताया जाता है कि उपभोक्ताओं से 25 रुपए प्रति किलो के हिसाब से गेहूं और चावल खरीदा गया है।

### करेंगे सख्त कार्रवाई

बैरागढ़ क्षेत्र में एक व्यापारी के यहां छापे में पीडीएस का 850 बोरियों में फोर्टिफाइड चावल मिला है। जिसकी तुलाई करने के बाद व्यापारी पर कार्रवाई की जाएगी।

**चंद्रभान सिंह जादौन**, जिला आपूर्ति नियंत्रक

## हमीदिया में बनेगा भिक्षुक वार्ड, रोस्टर बनाकर भिखारियों को तलाश करेंगी टीम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बीमार भिक्षुओं के इलाज पर रहेगा फोकस

अपर कलेक्टर ने अफसरों के साथ रखी बैठक

राजधानी के हमीदिया अस्पताल में बीमार भिक्षुओं के इलाज के लिए अलग से वार्ड बनाया जाएगा, जिससे इनका यहां पर अच्छे से इलाज किया जा सके। कोलार स्थित भिक्षुक गृह के संचालन के लिए प्राइवेट संस्थानाओं से प्रस्ताव मांगे गए हैं। जिले में कहीं भी भिक्षावृत्ति नहीं होनी चाहिए। यह बात शुक्रवार को अपर कलेक्टर प्रकाश नायक ने अफसरों के साथ रखी बैठक में कही। उन्होंने कहा कि भिखारियों की निगरानी के लिए आठ टीमों का गठन किया गया है। यह टीमें अपने-अपने क्षेत्र में रोस्टर के हिसाब से निगरानी रखें। एडीएम ने बताया कि जिले को भिक्षावृत्ति मुक्त बनाने के लिए गठित आठ टीमें शहर में छापामार कार्रवाई कर भिखारियों की तलाश करेंगी।




### टीम में इन विभागों की होगी सहभागिता

टीमों का साप्ताहिक रोस्टर तैयार किया गया है। वृद्ध और बीमार भिक्षुओं के लिए हमीदिया अस्पताल में इलाज के लिए विशेष वार्ड तैयार करने का निर्णय लिया गया है। टीमों में पुलिस विभाग, नगर निगम, श्रम, अनुसूचित जाति एवं जनजाति, महिला एवं बाल विकास, सामाजिक न्याय को शामिल किया है।

इंडियन बायोडोसिमीट्री नेटवर्क में साइटोजेनेटिक प्रयोगशाला शामिल

देशभर के 6 संस्थानों में भोपाल का बीएमचआरसी भी

## बीएमएचआरसी को मिली राष्ट्रीय पहचान : रेडिएशन आपातकाल में सहायता करेगा भोपाल का संस्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल मेमोरियल हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर (बीएमएचआरसी) को एक बड़ी वैज्ञानिक उपलब्धि हासिल हुई है। देशभर में चुनिंदा संस्थानों को शामिल कर बनाए गए इंडियन बायोडोसिमीट्री नेटवर्क में बीएमएचआरसी की साइटोजेनेटिक प्रयोगशाला को शामिल किया गया है। इसके तहत यह लैब अब रेडिएशन के कारण होने वाली आपदा की स्थिति में रेडिएशन के असर का वैज्ञानिक आकलन करेगी और गंभीर परिस्थितियों में इलाज करने के लिए सटीक जानकारी देगी। इस उपलब्धि के साथ बीएमएचआरसी मध्य भारत का पहला और इकलौता संस्थान बन गया है, जिसे इस अत्यंत महत्वपूर्ण राष्ट्रीय नेटवर्क में स्थान मिला है।

### रेडिएशन से ऐसे बचाएगा यह नेटवर्क

*देश में परमाणु ऊर्जा, उद्योग और चिकित्सा जैसे विभिन्न क्षेत्रों में रेडिएशन का उपयोग तेजी से बढ़ रहा है। ऐसे में यदि कभी किसी जगह पर रेडिएशन का रिसाव हो जाए या किसी को अनजाने में ज्यादा मात्रा में रेडिएशन लग जाए, तो डॉक्टरों को इलाज शुरू करने के लिए यह जानना जरूरी होता है कि मरीज को कितनी मात्रा में रेडिएशन से प्रभावित हुआ है। बायोडोसिमीट्री वह वैज्ञानिक तरीका है जिससे यह पता लगाया जाता है कि व्यक्ति के शरीर में रेडिएशन की कितनी मात्रा गई है। इस जानकारी से डॉक्टर सही समय पर सही इलाज शुरू कर पाते हैं।*



**सभी 6 संस्थान रेडिएशन से निपटने की क्षमता बढ़ाएंगे**

भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र द्वारा शुरू किए गए इस नेटवर्क में देशभर से केवल 6 संस्थानों को चुना गया है। बीएमएचआरसी के अलावा इसमें चेन्नई, दिल्ली, लखनऊ, मंगलूरु और कलपक्कम की प्रयोगशालाएं शामिल हैं। यह सभी मिलकर देश में रेडिएशन से निपटने की वैज्ञानिक क्षमता को बढ़ाएंगे।

### ऐसे पता चलता है रेडिएशन का असर

*डॉ. समर्थ ने बताया कि जब किसी व्यक्ति को अत्यधिक रेडिएशन का असर होता है, तो इसका सबसे बड़ा प्रभाव शरीर की कोशिकाओं में मौजूद क्रोमोजोम पर पड़ता है। रेडिएशन से क्रोमोजोम में टूट-फूट, असामान्य जुड़ाव या अतिरिक्त संरचनाएं बन सकती हैं, जो शरीर के लिए खतरनाक साबित होती हैं। बीएमएचआरसी की साइटोजेनेटिक लैब में मरीज के खून के नमूने लेकर विशेष जैविक तकनीकों जैसे डायसेंट्रिक क्रोमोजोम अस्से और माइक्रोन्यूक्लियस अस्से के माध्यम से यह पता लगाया जाता है कि रेडिएशन से क्रोमोजोम में कितनी और किस प्रकार की क्षति हुई है।*

### यह हमारे लिए गर्व की बात

बीएमएचआरसी को इस राष्ट्रीय नेटवर्क में शामिल किया जाना हम सभी के लिए गर्व की बात है। यह संस्थान की वैज्ञानिक क्षमताओं और गुणवत्तापूर्ण अनुसंधान का प्रमाण है। भोपाल और मध्य भारत के लिए यह सुविधा अब रेडिएशन से जुड़ी किसी भी आपात स्थिति में एक मजबूत सहारा बनेगी।

**डॉ. मनीषा श्रीवास्तव**, प्रभारी निदेशक, बीएमएचआरसी

## पश्चिम मध्य रेल

**ई-निविदा सूचना**

अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती है-, **निविदा सं0:** विद्युत-सा.-भो-नि.-36-2025 , **कार्य का नाम :** भोपाल संभाग SSE/PYET, SSE/NYET - और JE/HD आदि के अंतर्गत अनुभाग में AB CABLE के प्रावधान द्वारा विद्युत आपूर्ति व्यवस्था में सुधार । **कार्य पूर्ण करने की अवधि** 06 माह, **अनुमानित लागत ₹ :** 2,92,93,382.07, **बयाना राशि ₹ :** ₹ 2,96,500.00, **निविदा बंद होने की तिथि एवं समय:** 04-08-2025 11:00 बजे, **निविदा सं0:** विद्युत-सा.-भो-नि.-37-2025 , **कार्य का नाम :** भोपाल संभाग SSE/M/RKMP, SSE/M/BINA, और JE/M/BHS आदि के अंतर्गत अनुभाग में AB CABLE के प्रावधान द्वारा विद्युत आपूर्ति व्यवस्था में सुधार । **कार्य पूर्ण करने की अवधि** 06 माह, **अनुमानित लागत ₹ :** 3,19,99,884.37, **बयाना राशि ₹ :** ₹ 3,10,000.00, **निविदा बंद होने की तिथि एवं समय:** 04-08-2025 11:00 बजे, **नोट:1-** संपूर्ण निविदा प्रपत्र तथा निविदा से संबंधित पूर्ण जानकारी वेबसाइट https://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है एवं निविदा सूचना अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर देखी जा सकती है। निविदा/निविदायें हेतु मैन्युअल ऑफर स्वीकार नहीं है तथा ऐसा कोई ऑफर प्राप्त होता है तो उसे मान्य नहीं किया जायेगा। इस निविदा में आवश्यक संशोधन यदि लागू हो तो वेबसाइट पर लोड कर दिया जायेगा तथा ऐसे संशोधन कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर भी लगाये जायेंगे जिसे निविदा बंद होने के समय तक देखा जा सकता है। ठेकेदार को निविदा में भाग लेने की पात्रता जानने के लिए एवं निविदा के साथ संलग्न करने दस्तावेज जानने के लिए IREPS पर अपलोड किए गए सभी निविदा दस्तावेजों को सभी शर्तों के साथ ध्यानपूर्वक पढ़ना चाहिए। प्रस्ताव के साथ प्रस्तुत किए जाने वाले दस्तावेजों आदि को ही निविदा को अंतिम रूप देने के लिए विचार किया जाएगा।

**वरि. मंडल विद्युत इंजीनियर (सामान्य)**
**पश्चिम मध्य रेलवे, भोपाल**

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर




## कर्नाटक सरकार का अनोखा फैसला, 2.9 करोड़ होंगे खर्च

# आवारा कुत्तों को रोज मिलेगा चिकन-चावल

**बेंगलुरु।** कर्नाटक की सरकार टैक्सपेयर्स के पैसों से कुत्तों को चिकन चावल खिलाने का मुहिम चलाने जा रही है। बृहत बेंगलुरु महानगर पालिका लगभग 2.9 करोड़ रुपये की अभूतपूर्व पहल शुरू करने जा रही है। इसमें आवारा कुत्तों के लिए रोजाना भोजन योजना शुरू की जाएगी। बीबीएमपी का उद्देश्य कुत्तों के आक्रामक व्यवहार पर काबू पाना और जन सुरक्षा को मजबूत करना है। इस पहल की शुरुआत शहर के आठ क्षेत्रों में 5,000 आवारा कुत्तों को खिलाने से शुरू होगी। प्रतिदिन 367 ग्राम का भोजन उपलब्ध कराए जाएंगे। नगर निगम के अनुसार बेंगलुरु में 2.8 लाख आवारा कुत्ते हैं। सरकार की इस कदम पर लोगों ने राय दी। एनिमल राइट्स एक्टिविस्टने इस योजना की सराहना की है। वहीं, आलोचकों ने कुत्तों की नसबंदी करके उनकी आबादी पर लगाम लगाने के बजाय, उनके खाने-पीने के लिए करोड़ों रुपए के सरकारी धन के आवंटन की समझदारी पर सवाल उठा रहे हैं।


### जाहिर सूचना

फ्लैट नं. ई.डब्लू.एस.- 594, सरस्वती नगर, तहसील कोलार, जिला भोपाल के संबंध में

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्री रजत खण्डेलवाल आत्मज श्री विनोद खण्डेलवाल, आयु-वयस्क, निवासी- फ्लैट नं. ई.डब्लू.एस. - 594, भू-तल, हाउसिंग बोर्ड द्वारा विकसित कॉलोनी सरस्वती नगर, तहसील कोलार (हुजूर), जिला भोपाल म.प्र. को वसीयत के माध्यम प्राप्त संपत्ति आवासीय आवासीय प्रकोष्ठ फ्लैट नं. ई.डब्लू.एस. - 594, भू-तल, हाउसिंग बोर्ड द्वारा विकसित कॉलोनी सरस्वती नगर, तहसील कोलार (हुजूर), जिला भोपाल म.प्र. में नगर निगम सीमाओं के अंदर स्थित संपत्ति जो कि श्री ग्यारसी लाल खण्डेलवाल आत्मज श्री मोरे लाल खण्डेलवाल एवं श्री रजत खण्डेलवाल आत्मज श्री विनोद खण्डेलवाल, आयु-वयस्क, निवासी- फ्लैट नं. ई.डब्लू.एस. - 594, भू-तल, हाउसिंग बोर्ड द्वारा विकसित कॉलोनी सरस्वती नगर, तहसील कोलार (हुजूर), जिला भोपाल म.प्र. को मध्यप्रदेश हाउसिंग को आवंटित की गयी थी। उक्त वर्णित संपत्ति के आवंटन से संबंधित समस्त दस्तावेज कहीं गुम हो गये है, जो कि काफी ढूढने पर प्राप्त नही हो पा रहे है, उक्त संपत्ति के आवंटन के उपरांत पंजीयन होना शेष रह गया है। पंजीयन में उक्त मूल दस्तावेजो की आवश्यकता प्रतीत हो रही है। उक्त दस्तावेजों का मेरे द्वारा किसी भी प्रकार से उपयोग नही किया गया है, उक्त आवंटन के पंजीयन से संबंधित किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, फर्म, सरकारी व गैर सरकारी कार्यालय को कोई आपत्ति हो या कहीं दान, बंधक, गिरवी, हस्तांतरण, विक्रय, अनुबंध इत्यादि हो तो वह व्यक्ति अथवा संस्था इस सूचना प्रकाशन के 07 दिन के अंदर मेरे कार्यालय में मय दस्तावेज उपस्थित होकर लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा मेरे पक्षकार द्वारा उक्त संपत्ति का पंजीयन अपने पक्ष में करा लेगा, ऐसी स्थिति में कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

भवदीय **विकास सिंह गुर्जर** अधिवक्ता
कार्या.- जी.बी. 40, ब्लॉक-सी, मानसरोवर कॉम्प्लेक्स, हबीबगंज स्टेशन के पास भोपाल म.प्र, मो. न.- 9713126807

### जाहिर सूचना

**आवासीय मकान क्रमांक-104, वेस्टर्न कोर्ट, ग्राम-बंजारी, कोलार, भोपाल**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने श्रीमती हंसिका दिनेश रूपानी पत्नी श्री दिनेश रूपानी निवासी—मकान नम्बर —ए/1402/5, अविराही काम्पलेक्स, प्रेम नगर, नित्यानंद नगर, मीरा रोड, ईस्ट, थाणे, महाराष्ट्र हाल निवास—बी—154, सी—सेक्टर, इन्द्रा विहार कालोनी, एयरपोर्ट रोड, भोपाल के स्वत्व, स्वामित्व एवं अधिपत्य की एक किता आवासीय मकान क्रमांक—104, खसरा क्रमांक—336/2/1, 337, 338/3, 339/1, 339/2, 340/2, 341/1/2, 319, 329, 331/2, 332/3/3, 333, रकबा—10.260 हेक्टेयर का अंश भाग, मेसर्स अन्नज्य कंस्ट्रेशन एवं कन्ट्रेक्ट प्रा.लि. भोपाल एवं मेसर्स वेस्टर्न कालोनाईजर, भोपाल द्वारा निर्मित वेस्टर्न कोर्ट, जो कि ग्राम—बंजारी (मुख्य मार्ग से अन्दर) तहसील कोलार, जिला भोपाल में नगर पालिक निगम की सीमाओं के अन्दर वार्ड में स्थित है। जिसे मेरे पक्षकार के पक्ष में विक्रय करने की आपसी सहमति हो गयी है। उक्त संबंध में किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, हाऊसिंग फायनेंस संस्था, फर्म, शासकीय व गैर शासकीय कार्यालय को किसी भी प्रकार आपत्ति हो या उक्त वर्णित सम्पत्ति कहीं अनुबंध, विक्रय, दान, बंधक, गिरवी, वसीयत, हिबा, हस्तांतरण इत्यादि होतो वह इस सूचना प्रकाशन के 7 (सात) दिन की समयावधि में मेरे कार्यालय में मय दस्तावेज सहित उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करें, अन्यथा मेरा पक्षकार उक्त वर्णित भवन मय भूखण्ड का पंजीयन करा लेगा, ऐसी स्थिति में कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

**मंजू भिलाला** अधिवक्ता
कार्या प्लाट नं.-154, महेन्द्रा काम्पलेक्स जोन-1, एम.पी. नगर भोपाल मो.-9584846426


## जैकेट का शेष....

### मप्र ग्रोथ कॉन्क्लेव...

निवेश के प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। इससे प्रदेश में 15 हजार से अधिक रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे और शहरी एवं औद्योगिक विकास को नई ऊचाइयां प्राप्त होंगी। उन्होंने कहा कि अलग-अलग सेक्टरों के लिए विशेष ग्रोथ कॉन्क्लेव आयोजित किए जाएंगे, इससे प्रदेश के औद्योगिक विकास को नई गति और नई दिशा मिलेगी।

**25 वर्षों की जरूरतों और इंफ्रास्ट्रक्चर को ध्यान में रखकर मास्टर प्लान:** नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि प्रदेश में शहरी क्षेत्रों में 25 वर्षों की जरूरतों और इंफ्रास्ट्रक्चर को ध्यान में रखकर मास्टर प्लान तैयार किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में मिक्स्ड लैंड यूज और ईटीसी मॉडल को अपनाते हुए प्रदेश को हर क्षेत्र में अग्रणी बनाने के दिशा में ठोस प्रयास किए जा रहे है।

### इंदौर और भोपाल ...

रुपए से अधिक के निवेश के प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। नगरीय निकायों को अधोसंरचना विकास के लिए एक हजार 320 करोड़ रुपए से अधिक का अनुदान दिया गया।

### मध्यप्रदेश के शहरों को ...

ग्वालियर, जबलपुर, उज्जैन और सागर शहरों में प्रधानमंत्री ई-बस सेवा योजना के तहत 582 इलेक्ट्रिक बसें चलाई जाएंगी।

### हरसी डैम ओवरफ्लो, शिवपुरी...

ज्यादा चिंताजनक है। बमीठा से खजुराहो के बीच हाईवे पर 3 फीट से अधिक पानी भर गया है। इससे आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया है।

## पेज एक का शेष....

### अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष....

अपनी रिपोर्ट में बताया कि यूपीआई की सफलता के पीछे इसकी डिजाइन यानी लेन-देन के तरीके में सरलता है। इसने अलग-अलग बैंकों और पेमेंट प्रोवाइडर को ग्राहकों के साथ जोड़कर लेन-देन के तरीके को बहुत ही आसान बना दिया। यूपीआई सिर्फ भारत ही नहीं कई देशों में एक्टिव है। भारत का यूपीआई 7 देशों में इस्तेमाल किया जा रहा है। यूएई और ब्राजील जैसे देश भी भारत के इस टेक्नोलॉजी पर फिदा हैं। इन दोनों देशों में भी इसका इस्तेमाल किया जाता है।

### भारत में घरेलू ....

के शिखर से घटाकर वित्त वर्ष 2024 में केवल 15.5 लाख करोड़ रुपए कर दिया है। कोविड के बाद शुद्ध वित्तीय बचत और वित्तीय देनदारियों में हुए विकास ने निजी उपभोग में पर्याप्त सुधार में योगदान दिया है, जिसमें वित्त वर्ष 2023-2025 के दौरान औसतन 6.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

### युवा नेतृत्व को आगे...

सरकार बनाई थी, तब 75 साल से ऊपर के सभी नेताओं को मार्गदर्शक मंडली में डाल दिया गया था। अब 11 साल बाद आरएसएस भाजपा को उसकी वही बात को याद दिला रहा है। उनके बीच का आंतरिक टकराव अब सार्वजनिक हो चुका है। लेकिन इसका अंजाम क्या होगा, यह कोई नहीं जानता है।

### पिंगले ने कहा था...

सम्मान के रूप में शॉल ओढ़ाई गई थी। डॉ. भागवत ने मोरोपंत पिंगले की सहजता की तारीफ करते हुए कहा कि वह शॉल उनके सम्मान का प्रतीक था, लेकिन उन्होंने इसके पीछे के गहरे अर्थ को समझा, कि यह एक पीढ़ीगत बदलाव का इशारा था। एक बिल्कुल हल्का इशारा कि अब युवा नेताओं को आगे आने देने का वक्त आ गया है।

### कसूर इतना ... बारिश ...

है जिसमें स्थानीय लोग महिलाओं पर भी लाठियां चलाते हुए दिखाई दे रहे हैं। कुछ लोग श्रद्धालुओं को लाठियों से बेरहमी से पीट रहे हैं। इस हमले में कई भक्त घायल हो गए हैं। घटना की जानकारी मिलते ही श्रद्धालुओं ने खाटूश्याम पुलिस थाने में शिकायत दर्ज करवाई। जब यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ और मामले ने तूल पकड़ा, तो पुलिस ने चार लोगों को हिरासत में लिया है। फिलहाल पूछताछ जारी है और प्रशासन का कहना है कि दोषियों पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

### 'ढीला फास्टैग' हुआ....

राजमार्ग मंत्रालय ने इसकी जानकारी देते हुए कहा कि वार्षिक पास प्रणाली और मल्टी-लेन फ्री फ्लो (एमएलएफएफ) टोलिंग जैसी आगामी पहलों को देखते हुए, फास्टैग की प्रामाणिकता और प्रणाली की विश्वसनीयता सुनिश्चित करने के लिए इस मुद्दे का समाधान करना आवश्यक है। दरअसल, कभी-कभी वाहन मालिक जानबूझकर वाहन के विंडस्क्रीन पर फास्टैग नहीं लगाते। इस से परिचालन संबंधी चुनौतियां पैदा होती हैं, जिससे लेन में भीड़भाड़, झूठे चार्जबैक, बंद टोल प्रणाली में दुरुपयोग, इलेक्ट्रॉनिक टोल संग्रह व्यवस्था में बाधा आती है, जिसके परिणामस्वरूप टोल प्लाजा पर अनावश्यक देरी होती है और राष्ट्रीय राजमार्ग के अन्य उपयोगकर्ताओं को असुविधा होती है। समय पर सुधारात्मक उपाय सुनिश्चित करने के लिए, एनएचएआई ने एक समर्पित ईमेल आईडी उपलब्ध कराई है और टोल संग्रह एजेंसियों और रियायतधारकों को ऐसे फास्टैग की तुरंत सूचना देने का निर्देश दिया है। प्राप्त रिपोर्टों के आधार पर, एनएचएआई रिपोर्ट किए गए फास्टैग को ब्लैकलिस्ट/हॉटलिस्ट करने के लिए तुरंत कार्रवाई करेगा।

### श्री श्री रविशंकर...

लगभग 90 प्रतिशत शूटिंग दक्षिण अमेरिकी देश कोलंबिया में की जाएगी। यह फिल्म सिर्फ एक बायोपिक नहीं है, बल्कि यह उस ऐतिहासिक घटना पर आधारित है जब श्री श्री रविशंकर ने कोलंबिया में चल रहे 52 साल पुराने संघर्ष को शांति से खत्म करने में मदद की थी। चूंकि ये सभी घटनाएं कोलंबिया की धरती पर घटी थीं, इसलिए उनकी सच्चाई को बनाए रखने के लिए ज्यादातर शूटिंग वहीं होगी।

### एचयूएल की ...

कमान संभालेंगी। मौजूदा सीईओ रोहित जावा 31 जुलाई को पद से हट जाएंगे। प्रिया नायर अब न सिर्फ सीईओ और एमडी बनेंगी, बल्कि जरूरी मंजूरी मिलने के बाद कंपनी के बोर्ड का हिस्सा भी होंगी। इसके साथ ही वो यूनिलीवर लीडरशिप एक्जीक्यूटिव की सदस्य बनी रहेंगी। उनका यूनिलीवर में 30 साल का अनुभव है। प्रिया नायर ने एचयूएल में अपने करियर की शुरुआत 1995 में की थी। उन्होंने कंज्यूमर इनसाइट्स मैनेजर और ब्रांड मैनेजर जैसे शुरुआती रोल में काम किया और डव, रिन और कम्फर्ट जैसे लोकप्रिया प्रोडक्ट्स से जुड़ी रही हैं। प्रिया नायर ने मुंबई के सिडेनहम कॉलेज से बीकॉम किया है। इसके बाद उन्होंने पुणे के सिम्बायोसिस इंस्टीट्यूट से मार्केटिंग में एमबीए किया। आगे चलकर उन्होंने हार्वर्ड बिजनेस स्कूल से भी बिजनेस मैनेजमेंट का कोर्स किया।

### तेंदुए जैसी आंखें...

मांसाहारी जानवर है। मंदसौर वन प्रभाग में लगाए गए एक कैमरा ट्रैप में एक वयस्क नर कैराकल की उपस्थिति दर्ज की गई है और यह दृश्य जैव विविधता की दृष्टि से महत्वपूर्ण है। गौर हो कि इस वर्ष अप्रैल में दो दक्षिण अफ्रीकी चीते प्रभाष और पावक अभयारण्य के बसीगांव खेमला में छोड़े गए थे।

### मशाल जुलूस के...

(गेट नंबर-1) से निकाला गया। जुलूस में शामिल न हो पाने से अन्य श्रद्धालु नाराज हो गए और पुलिस द्वारा लगाए गए बेरिकेडिंग को पार करने की कोशिश करने लगे। करीब 10 मिनट तक श्रद्धालु और पुलिस के बीच धक्का-मुक्की होती रही। आखिरकार भीड़ ने बेरिकेडिंग तोड़ दी और दौड़ते हुए मंदिर परिसर की ओर बढ़ गई। इस घटना में किसी को कोई गंभीर चोट नहीं आई। शाम सात बजे तक यहां करीब पौने दो लाख लोगों ने दर्शन किए।

### सड़क मांग रही ...

इंजीनियर और ठेकेदार बनाते हैं।

उन्होंने पिछली कांग्रेस सरकार को इसके लिए जिम्मेदार ठहराया। गौर हो कि पिछली बार भी सीधी से भाजपा की ही रीति पाठक सांसद थी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने इस सड़क के लिए कुछ नहीं किया। वहीं, पीडब्ल्यूडी मंत्री ने कहा कि सोशल मीडिया पर पोस्ट करने से सड़क नहीं बन जाएगी। लीला ने एक साल पहले एक वीडियो बनाया था। इस वीडियो में उसने अपने गांव तक सड़क बनवाने की मांग की थी। उसे आश्वासन दिया गया था कि सड़क जल्दी बन जाएगी। लेकिन, समय बीतता गया और सड़क नहीं बनी। इसके बाद लीला फिर से सक्रिय हो गईं। उन्होंने एक और वीडियो बनाया। इस वीडियो में उन्होंने नेताओं और प्रशासन को चेतावनी दी। उन्हें लगा कि सरकार उनकी बात सुनेगी। लेकिन, उन्हें जो जवाब मिला, उसकी शायद ही किसी को उम्मीद थी।

**मंत्री राकेश सिंह क्या बोले? सड़क बनाने की अपनी तय प्रक्रिया:** पीडब्ल्यूडी मंत्री राकेश सिंह ने कहा कि ऐसे कई स्थान हैं जहां लोगों द्वारा सड़क निर्माण की मांग की जा रही है। लेकिन किसी भी विभाग, चाहे वह पीडब्ल्यूडी हो या अन्य, के पास इतना बजट नहीं होता कि किसी की सोशल मीडिया पोस्ट पर हम तुरंत सीमेंट, कंक्रीट या डंपर लेकर सड़क बनाने पहुंच जाएं। उन्होंने कहा, कौन-सी सड़क कौन-सा विभाग बनाएगा, इसकी अपनी तय प्रक्रिया होती है। विभागों की अपनी सीमाएं हैं। अगर, कोई भी सोशल मीडिया पर कुछ भी मांग पोस्ट कर देगा, तो क्या हम हर मांग को तुरंत मांग लेंगे? ऐसा संभव नहीं है।

### इस गांव में 6...

में बसे इस जिले में अभी तक सरकार की अंत्योदय योजना का लाभ ग्राम वासियों को नहीं मिल पा रहा है।

## बिजनेस साइट

# क्रिकेट से इन्वेस्टिंग तक : मोमेंटम की लहर पर सवार हों

**भोपाल।** अगर आप क्रिकेट के शौकीन हैं, तो आपको याद होगा कि जो खिलाड़ी हाल के सीजन में अच्छी फॉर्म में रहे हैं, उनके अगले सीजन में भी अपना प्रदर्शन बरकरार रखने की संभावना ज्यादा होती है। नतीजतन, ऐसे खिलाड़ी अक्सर टीम चयन में अपनी जगह पक्की कर लेते हैं और बल्लेबाजी क्रम में ऊपर चढ़ जाते हैं। निवेश पर भी यही सिद्धांत लागू होता है, खासकर मोमेंटम निवेश रणनीति के ढांचे में, जहां पूंजी उन शेयरों में लगाई जाती है जो "इन-फॉर्म" हैं, यानी मजबूत बढ़त का रुझान दिखा रहे हैं, जबकि कमजोर प्रदर्शन करने वाले शेयरों में निवेश व्यवस्थित रूप से कम किया जाता है या उनसे बाहर निकला जाता है।

मोमेंटम निवेश का मूल सिद्धांत यह है कि मौजूदा विजेता शेयरों, जिनकी कीमत में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है और उनके बेहतर प्रदर्शन करते रहने की प्रबल संभावना है, खासकर जब उस कीमत की बढ़त मजबूत आय वृद्धि पर आधारित हो। कई आय अपग्रेड्स और एनालिस्ट्स के अनुमानों से लगातार बेहतर प्रदर्शन करने वाले शेयरों में लगातार बेहतर प्रदर्शन का एक पैटर्न स्थापित होता है। ऐसी अर्निंग्स–सपोर्टेड मोमेंटम आमतौर पर ज्यादा टिकाऊ होती है, क्योंकि रुझान में बदलाव धीरे-धीरे होता है, जब तक कि किसी पूरी तरह से बदलाव लाने वाले घटनाक्रम से प्रेरित न हो।

निवेशकों द्वारा की जाने वाली एक आम गलती यह है कि वे उन शेयरों से समय से पहले ही निकल जाते हैं जिन्होंने बहुत ज्यादा रिटर्न दिया है। अक्सर मुनाफावसूली के कारण और इस उम्मीद में पिछड़े शेयरों को अपने पास रखते हैं कि वे अंततः उबर जाएंगे। इस व्यवहारिक ट्रेंड के परिणामस्वरूप अक्सर वैल्यू ट्रैप्स पैदा होते हैं, जहां कैपिटल कम प्रदर्शन करने वाले शेयरों में फंसी रहती है। निवेशक अक्सर घाटे वाले शेयरों से चिपके रहते हैं, किसी उलटफेर की आशंका में, जो अंततः ओवरऑल पोर्टफोलियो रिटर्न को कम कर देता है।



**सौरभ शर्मा,**
**निदेशक, ईश्वर फिनटेक प्राइवेट लिमिटेड, भोपाल**

इसके विपरीत, मोमेंटम निवेश ऐसे नुकसानों से व्यवस्थित रूप से बचता है। यह अनुशासित निर्णय लेने पर जोर देता है, जीतने वाले शेयरों से रिटर्न हासिल करते हुए, खरीद, होल्ड और बिक्री के फैसलों में भावनात्मक धारणाओं को दूर करता है। यह दृष्टिकोण डिस्पोजिशन प्रभाव को प्रभावी ढंग से कम करता है। एक सोचा-समझा व्यवहारिक पूर्वाग्रह जहां निवेशक गिरने वाली एसेट्स को बनाए रखते हुए बढ़ने वाली एसेट्स को बेचने के लिए अधिक इच्छुक होते हैं।

मोमेंटम—केंद्रित म्यूचुअल फंड मोमेंटम रणनीति चाहने वाले निवेशकों के लिए एक सुविधाजनक समाधान प्रदान करते हैं। रिटेल निवेशकों के लिए मोमेंटम शेयरों की पहचान करना चुनौतीपूर्ण हो सकता है, जिसके लिए अक्सर टेक्निकल और फंडामेंटल एनालिसिस की आवश्यकता होती है। प्रोफेशनल रूप से प्रबंधित म्यूचुअल फंड इस प्रक्रिया को सरल बनाते हैं और विशेषज्ञता प्रदान करते हैं। आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल एक्टिव मोमेंटम फंड में निवेश करने पर विचार करें, जो एक ओपन-एंडेड फंड है जो कमाई या प्राइस मोमेंटम के आधार पर शेयरों का चयन करता है। न्यू फंड ऑफर (एनएफओ) निवेश के लिए 8 जुलाई, 2025 से 22 जुलाई, 2025 तक खुला है।


## मध्यप्रदेश लघु उद्योग निगम मर्यादित

**कार्यालय महाप्रबंधक (संपदा/निर्माण), संभाग-क्र. 1**
**पंचानन भवन द्वितीय तल, मालवीय नगर, भोपाल (म.प्र.)**
**दूरभाष क्रमांक : 0755-2673196, E-mail : laghubpl01@gmail.com**
**क्रमांक: लउनि/निर्माण/ संभाग-क्र. 1, भोपाल/2025-26/26**
**भोपाल, दिनांक : 10.07.2025**

### निविदा आमंत्रण सूचना

निम्न कार्यों की निविदा ई-टेण्डरिंग पद्धति से वेबसाइट **https://www.mptenders.gov.in** पर आमंत्रित की जाती है :- **कार्य का नाम -** 1. विकास भवन अरेरा हिल्स भोपाल में म.प्र. कम्प्यूटर इमरजेंसी रिस्पांस टीम कार्यालय में इंटीरियर, फर्नीशिंग मय आंतरिक विद्युतीकरण कार्य फर्नीचर, नेटवर्किंग, सी.सी.टी.व्ही., यूपीएस एवं इलेक्ट्रिकल/इलेक्ट्रानिक इक्यूपमेन्ट कार्य। अनुमानित लागत राशि रु. 165.84 लाख। 2. राज्य शिक्षा केन्द्र पुस्तक भवन अरेरा हिल्स भोपाल के तृतीय तल पर स्टॉफ एरिया में इंटीरियर, फर्नीशिंग मय आंतरिक विद्युतीकरण कार्य, अनुमानित लागत राशि रु. 87.60 लाख। निविदाओं की बिड जमा करने की **अंतिम तिथि 22.07.2025 सायं 05.30 बजे**। निविदाओं की समस्त जानकारी उक्त वेबसाइट पर दी जावेगी। निविदाओं में कोई संशोधन व परिवर्तन किया जाता है, तो वह उपरोक्त वेबसाइट पर देखा जा सकता है। बिना कोई कारण बताये निविदा को स्वीकृत अथवा निरस्त करने का अधिकार निगम के पास सुरक्षित है।

म.प्र. माध्यम/121057/2025 **महाप्रबंधक (सं./नि)**



आवश्यकता है | खरीदना है | बेचना है | व्यापार | चिकित्सा | ज्योतिष | डिस्प्ले विज्ञापन

**हरिभूमि क्लासीफाइड**

संपर्क सूत्र : 9407279644


## राशिफल

**मेष:** किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। कारोबार में भागदौड़ अधिक रहेगी।

**वृष:** धैर्यशीलता में कमी भी हो सकती है। संयत रहें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। वाहन के रखरखाव एवं वस्त्रों आदि पर खर्च बढ़ सकते हैं।

**मिथुन:** माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। कारोबार में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। लाभ में वृद्धि होगी।

**कर्क:** मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कुछ चिंता परेशान भी हो सकती हैं। माता का साथ मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**सिंह:** आत्मविश्वास में कमी रहेगी। संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। कारोबार में वृद्धि होगी। किसी मित्र का सहयोग भी मिल सकता है।

**कन्या:** आशा-निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**तुला:** कला एवं संगीत में रुचि रहेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य में सुधार होगा। कारोबार में भाग-दौड़ बढ़ेगी, परन्तु स्वास्थ्य के प्रति सचेत भी रहे।

**वृश्चिक:** संयत रहें। क्रोध से बचें। बातचीत में संयत रहें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों में वृद्धि होगी। किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है।

**धनु:** आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु मन अशान्त भी रहेगा। आत्मसंयत रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं।

**मकर:** माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता रहेगी। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। कारोबार से लाभ में वृद्धि होगी।

**कुंभ:** आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। फिर भी धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। बातचीत में सन्तुलित भी रहें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है।

**मीन:** आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा, परन्तु आत्मसंयत रहें। अपनी भावनाओं को वश में रखें। पिता का साथ मिलेगा। किसी रुके धन की प्राप्ति हो सकती है।

### आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

- व्यावस्थापक


छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंगको 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं। नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक। घर बैठे मंगवाये। लाभ नही तो पैसे वापिस। 09083218330

R- 23/06/25 to 18/08/25 not 22,29/06/25= 06,10,13,20,27/07/25 =03,09,10,15,16,17,18/08/25

हरिभूमि **भोपाल बाजार** विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो. 9407279644

प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर
साईट:- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई
डायवर्शन एवं NOC एप्रूव्ड
आफिस इंडिया प्रोपर्टी करोंद भोपाल
मो. 7772079910


Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644

नये दागों का आना तुरन्त बंद



सफेद दाग गारंटेड इलाज
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें। M : 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंजिल पुरानी कजियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल


## शब्द पहेली - 5925



**बाएँ से दाएँ**
1.बलवान,ताकतवर-4
3.गाल,कपोल(ऊर्दू)-4
6.अनाज, धान-2
7.अवनति-3
8.जीवन तत्व-2
10.पुलिसकर्मी-4
11.भीगा हुआ-2
13.घमंडी,अभिमानी-4
15.दर्शन-3
17.अजदहा,शयालु-4
20.वायु रोग-2
21.दोस्त,सखा-3
23.ख्वाब,स्वप्न-3
25.अपशिष्ट पदार्थ-2
26.जंगल की आग-4
29.पुत्र,लड़का-3
31.पैगंबर,महापुरुष-4
32.राय,वोट-2
34.आफिस,दफ्तर-4
35.वीज,वीर्य-2
37.घर,भवन-3
39.सप्तम-2
40.आक्रमण,हमला-4
41.बलवान,सबल-4

**ऊपर से नीचे**
1.एक छोटी डबलरोटी-2
2.धर्मेंद्र,जीनत की एक फिल्म जो हीरे की चोरी पर बनी थी-4
3.मौसम,ऋतु-2
4.खोदना-3
5.छुट्टी,अवकाश-2
6.उदास,दुखी-4
7.पंख,पराया-2
9.जहीनता-4
10.आवश्यकता-4
12.अभिमान,गरुर-2
14.अग्नि,अनल-2
16.विदा होना-3
18.कुशल-3
19.फलों का रस-2
21.संगम,मिलना-3
22.वायदा-2
24.हार,मात-4
25.स्वार्थी-4
27.दीवार (अंग्रेजी-2)
28.आदत-4
30.यमराज-2
31.उथल-पुथल-4
33.पदक-3
34.श्रवणेंद्रिय-2
36.जीत,विजय-2
38.छोटी सवारी गाड़ी-2
39.पत्नी की बहन-2

### शब्द पहेली- 5924 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | ना | द | र | णी | य | ■ | प्र | क्षे | प | क |
| सं | ग | ■ | वे | ■ | कृ | पा | ण | ■ | र | म |
| वै | ■ | अ | दा | व | त | ■ | य | हां | ■ | जो |
| धा | य | दा | र | ■ | ■ | अ | ■ | का | त | र |
| नि | ■ | व | ■ | प्र | क्षा | ल | न | ■ | म | ■ |
| क | म | त | र | ता | ■ | सा | ग | र | गा | मी |
| ■ | लि | ■ | स | र | मा | या | ■ | द | ■ | न |
| बे | का | बू | ■ | णा | ■ | ■ | व | न | वा | सी |
| क | ■ | आ | स | ■ | अ | द | र | क | ■ | लै |
| द | म | ■ | ब | हा | र | ■ | दा | ■ | ता | ब |
| र | सा | त | ल | ■ | ज | ही | न | कु | श | ल |

## सूडोकु नवताल - 5935

★★★★☆ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | | | | | | 1 | 8 |
| | | | 6 | 7 | | | | 2 |
| | | | 8 | | | | | |
| | 8 | 5 | | | | | | |
| | 2 | | | 1 | | | 7 | |
| | | | | | | 3 | 5 | |
| | | | | | 5 | | | |
| 1 | | | | 4 | 7 | | | |
| 9 | 6 | | | | | | | 4 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 5934 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 9 | 7 | 4 | 8 | 6 | 2 | 3 | 5 |
| 4 | 5 | 3 | 9 | 1 | 2 | 7 | 6 | 8 |
| 2 | 6 | 8 | 7 | 3 | 5 | 9 | 1 | 4 |
| 5 | 3 | 1 | 2 | 7 | 9 | 4 | 8 | 6 |
| 9 | 2 | 4 | 8 | 6 | 1 | 5 | 7 | 3 |
| 7 | 8 | 6 | 5 | 4 | 3 | 1 | 9 | 2 |
| 3 | 4 | 9 | 6 | 2 | 7 | 8 | 5 | 1 |
| 6 | 7 | 2 | 1 | 5 | 8 | 3 | 4 | 9 |
| 8 | 1 | 5 | 3 | 9 | 4 | 6 | 2 | 7 |

## खबर संक्षेप

### महिंद्रा एक्सयूवी थ्रीएक्सओ आरईवीएक्स लांच

**मुंबई।** महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड ने बहुप्रतीक्षित एक्सयूवी 3एक्सओ आरईवीएक्स सीरीज को लांच किया, जिसकी शुरुआती कीमत 8.94 लाख रखी गई है। एक्सयूवी 3एक्सओ ने हाल ही में एक साल से कम समय में 1 लाख यूनिट्स की बिक्री का रिकॉर्ड बनाया है, जिससे यह महिंद्रा की अब तक की सबसे तेज बिकने वाली एसयूवी बन गई है। जिसमें बेहतरीन परफॉर्मेंस, प्रीमियम फीचर्स और आकर्षक डिजाइन का शानदार संगम है।

### एचपी ने लांच किए लेजर एम300 प्रिंटर्स

**नई दिल्ली।** एचपी ने एचपी लेजर एम300 सीरीज लांच किया। लेजर प्रिंटर्स की इस रेंज को विशेष रूप से भारत के तेजी से बढ़ते सूक्ष्म एवं मध्यम उद्यमों, स्थानीय कारोबारियों एवं प्रिंट शॉप की जरूरतों को ध्यान में रखकर बनाया गया है। इस सीरीज में पांच मॉडल्स- लेजर एमएफपी 323एसडीएनडब्ल्यू, 323डीएनडब्ल्यू, 323डी, 303डीडब्ल्यू और 303डी हैं।

### जीआईआईएस में दस विद्यार्थी हुए सम्मानित

**नई दिल्ली।** ग्लोबल इंडियन इंटरनेशनल स्कूल ने ग्लोबल सिटीजन स्कॉलरशिप प्राप्तकर्ताओं के नए समूह का सम्मान करने के लिए एक भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया। यह प्रतिष्ठित जीसीएस प्रोग्राम का 18वां संस्करण था। इस वर्ष के समूह में 10 असाधारण विद्यार्थी शामिल हैं। आठ भारत से और दो मध्य पूर्व से जिन्हें उनकी उत्कृष्ट शैक्षणिक उपलब्धियों के प्रति समर्पण के लिए सम्मानित किया गया है।

### फिनटेक के प्रभाकर लांच करेंगे 'प्रोजेक्ट ड्रोन'

**नई दिल्ली।** प्रभाकर तिवारी अब नए स्टार्टअप वेंचर 'प्रोजेक्ट ड्रोन' के साथ वेल्थटेक स्पेस में कदम रखने जा रहे हैं। इस महत्वाकांक्षी परियोजना में उन्हें रणनीतिक साझेदार के रूप में सूचीबद्ध वित्तीय सेवा कंपनी शेयर इंडिया सिक्योरिटीज लिमिटेड का समर्थन प्राप्त है। यह वेंचर आवश्यक विनियामक स्वीकृतियों की प्रक्रिया में है। प्रभाकर तिवारी, प्रोजेक्ट ड्रोन के संस्थापक और सीईओ ने कहा कि प्रोजेक्ट ड्रोन मेरी उस मूल सोच पर आधारित है ।

### सैमसंग के फोल्डेबल स्मार्टफोंस का अनावरण

**गुरुग्राम।** सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स फोल्डेबल स्मार्टफोन्स को ब्रुकलिन, न्यूयॉर्क में लांच किया है। सैमसंग गैलेक्सी पोर्टफोलियो में नवीनतम और बेहतरीन जोड़ को एक ऐसी जगह पर पेश करे, जो अपनी संस्कृति, रचनात्मकता और सहयोग के लिए जानी जाती है। कंपनी ने संकेत दिया है कि आगामी फोल्डेबल्स - जो अब अपनी सातवीं पीढ़ी में हैं - अब तक के सबसे पतले, सबसे हल्के और सबसे टिकाऊ होंगे।

### फ्रेंकलिन मल्टी एसेट एलोकेशन फंड लांच

**मुंबई।** फ्रैंकलिन टेम्पलटन ने फ्रैंकलिन इंडिया मल्टी एसेट एलोकेशन फंड के शुभारंभ की घोषणा की। यह एक ओपन-एंडेड मल्टी एसेट एलोकेशन फंड है जो इक्विटी, डेट और कमोडिटीज में निवेश करता है। यह फंड सक्रिय रूप से मैनेज किया जाएगा और इसका उद्देश्य लंबी अवधि में पूंजी में वृद्धि करना है। इसमें लार्ज, मिड और स्मॉल कैप सेगमेंट में ग्रोथ और वैल्यू स्ट्रैटेजी के मिश्रण के साथ-साथ डेट और कमोडिटीज में निवेश शामिल होगा।

### वारी एनर्जी ने मप्र में नए आउटलेट खोले

**भोपाल।** वारी एनर्जी लिमिटेड ने मध्य प्रदेश के रीवा में अपनी नई फ्रैंचाइजी स्टोर, गुप्ता एंड संस, का उद्घाटन किया। जो स्थानीय निवासियों, व्यवसायों और किसानों के लिए उन्नत और किफायती सौर समाधान को सुलभ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। समारोह में मुख्य अतिथि, अजय मिश्रा, रीवा नगर निगम के मेयर, की उपस्थिति ने नवीकरणीय ऊर्जा और एक हरित भविष्य के प्रति प्रतिबद्धता को रेखांकित किया।

# मुख्यमंत्री से 'वन-टू-वन' चर्चा, विकास में तेजी लाने पर बनी सहमति

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

राज्य सरकार द्वारा इंदौर में आयोजित एमपी ग्रोथ कॉन्क्लेव 2025 में क्रेडाई के नेशनल प्रेसीडेंट शेखर पटेल ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के साथ मंच साझा किया तथा मुख्यमंत्री से वन टू वन मीटिंग कर देशभर में क्रियान्वित इंवेस्टर फ्रेंडली नीतियों और बेस्ट प्रैक्टिसेस पर विस्तार से चर्चा की। मुख्यमंत्री ने क्रेडाई सभी सिटी चैप्टर्स की संयुक्त बैठक शीघ्र आयोजित करने का आश्वासन दिया।

मुख्यमंत्री और नगरीय विकास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने मंच से राज्य सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई कि रियल एस्टेट के सतत विकास के लिए सरकार क्रेडाई के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम करेगी। इस मौके पर क्रेडाई नेशनल के महासचिव गौरव गुप्ता, उपाध्यक्षगण धवल अजेरा और आशीष पटेल, एवं शहरी मामलों की समिति के अध्यक्ष नीलम दोषी ने भी इस दो दिवसीय आयोजन में भाग लिया।

## ग्रोथ कॉन्क्लेव में सरकार और क्रेडाई ने मिलाया हाथ





## एजेंडा किया साझा और नीति सुधारों पर हुआ संवाद

क्रेडाई एमपी बोर्ड मीटिंग में राज्य के 12 सिटी चैप्टर्स और भोपाल से आए 30 से अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक में राज्य के शहरीकरण की गति के अनुसार मास्टर प्लान के शीघ्र क्रियान्वयन, अफोर्डेबल हाउसिंग, और सिंगल विंडो क्लियरेंस जैसे बिंदुओं पर संगठित नीति प्रयासों की आवश्यकता पर बल दिया गया।

### *दौर तीव्र शहरीकरण का, स्थितियां कर रही हैं नीति सुधारों और जमीनी क्रियान्वयन की मांग*

*इस आयोजन में क्रेडाई भोपाल के अध्यक्ष मनोज मीक ने कहा कि यह तीव्र शहरीकरण का दौर है। स्थितियां नीति सुधारों की रफ्तार तेज करने और जमीनी क्रियान्वयन की मांग कर रही हैं। राज्य के प्रमुख महानगरों के मास्टर प्लान लंबित हैं, जिन्हें तत्काल लागू करना आवश्यक है। ग्रोथ कॉन्क्लेव के दौरान नवाचार, टेक्नोलॉजी, मोबिलिटी और ग्रीन सिटीज पर चार टेक्निकल सेशंस हुए, जिनमें निवेशकों, शहरी योजनाकारों और रियल एस्टेट लीडर्स ने सक्रिय सहभागिता की।*

# शेयर बाजार में निवेशकों के एक ही दिन में डूबे 3.77 लाख करोड़ रुपए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली




शुक्रवार को भारतीय शेयर बाजार में गिरावट आई। सेंसेक्स और निफ्टी 50 दोनों ही लाल निशान पर बंद हुए। इसकी मुख्य वजह आईटी कंपनियों के शेयरों में आई गिरावट थी। दरअसल, टीसीएस के नतीजे उम्मीद से कम रहे, जिससे बाजार में निराशा छा गई। इसके अलावा, अमेरिका द्वारा कनाडा पर फिर से व्यापार शुल्क लगाने और रूस पर संभावित प्रतिबंधों की आशंका ने भी बाजार को नीचे धकेल दिया। बीएसई सेंसेक्स 690 अंक यानी 0.83 फीसदी गिरकर 82,500 पर बंद हुआ। वहीं एनएसई निफ्टी 205 अंक यानी 0.81 फीसद गिरकर 25,149 पर आ गया। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का कुल मार्केट कैप 3.77 लाख करोड़ रुपए घटकर 456.48 लाख करोड़ रुपए हो गया। यानी निवेशकों को एक ही दिन में 3.77 लाख करोड़ रुपए का नुकसान हुआ।

### ई-चालान प्रणाली में पारदर्शिता लाने और दुरुपयोग पर नियंत्रण की मांग

# एआईएमटीसी के सदस्य बोले- ई- चालान प्रणाली वाहनों के लिए व्यापार में बड़ी बाधा

## सरकार से सुझावों पर विचार का आग्रह

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

वर्तमान वाहन चालक के बिना संज्ञान के केवल वाहन का फोटो खीचकर पीओएस मशीन से चालान जारी कर दिए जाते है और ऐसे फर्जी चालान वाहन के डेटाबेस में दर्ज हो जाते है जिसके कारण वाहन स्वामी को अकारण परेशानियों का सामना करना पड़ता है। अतः पीओएस के माध्यम से बने चालान के साथ चालक का नाम, फोटो एवं ड्राइविंग लाइसेंस नंबर अनिवार्य रूप से दर्ज हो तथा अपराध का मय साक्ष्य के विवरण भी दर्ज हो । यदि वाहन स्वामी 30 दिन तक चालान का शमन नहीं करना चाहता है तो उक्त चालान को संबंधित अधिकारी को नियमानुसार कोर्ट में पेश करना चाहिए और बिना कोर्ट के निर्णय के एक तरफा वाहन को ब्लैकलिस्ट न किया जाए, क्योंकि यह वाहन स्वामी के संवेधानिक अधिकारों हनन है।

यह बात ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस (एआईएमटीसी) एमसी सदस्य सीएल मुकाती ने कही। एआईएमटीसी के मेंबर मुकाती कहा कि अधिकारियों द्वारा बनाए गए चलानों का भी राज्य के उच्च अधिकारियों तथा एमओआरटीएच द्वारा नियमित रूप से परिक्षण किया जाना चाहिए तथा जिस अधिकारी द्वारा वाहन स्वामी को अकारण परेशान करने के उद्देश्य से चालान बनाया जाना पाया जाए। ऐसे अधिकारियों पर कठोर कार्यवाही होना चाहिए। ताकि भारत की जीवन रेखा मानी जाने वाला ट्रांसपोर्ट व्यवसाय सुगम एवं बाधारहित रूप से संचालित होकर देश की अर्थ व्यवस्था को सुद्रढ़ कर सके।



मुकाती ने ई-चालान प्रणाली में पारदर्शिता लाने और दुरुपयोग पर नियंत्रण करने की मांग करते हुए कहाकि अधिक से अधिक वर्चुअल कोर्ट स्थापित हो, ताकि वाहन स्वामी भटकने से बचें । चालान भुगतान की प्रक्रिया को सरल एवं पारदर्शी बनाया जाए। उन्होंने केंद्र एवं राज्य सरकार से आग्रह किया है कि एआईएमटीसी के सुझावों पर विचार कर इन्हें एमओआरटीएच ,परिवहन मंत्रालय, पुलिस प्रशासन एवं संबंधित अधिकारियों के साथ गंभीरतापूर्वक विचार कर सुधार किया जाए , ताकि देश के वाहन स्वामियों को राहत मिल सकें और परिवहन व्यवस्था अधिक पारदर्शी और भ्रष्टाचारमुक्त बन सकें।

## एनएसडीएल और सीडीएसएल ने की निवेशक एप में नई सुविधा शुरू

**मुंबई ।** नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल ) और सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड (सीडीएसएल ) ने अपने निवेशक ऐप्स में एक नई सुविधा शुरू करने की घोषणा की है, जिसके तहत खुदरा शेयरधारक अब ई-वोटिंग सिस्टम के माध्यम से कंपनी प्रस्तावों पर मतदान करते समय प्रॉक्सी एडवाइजर की सिफारिशें देख सकेंगे। इस नई सुविधा का औपचारिक शुभारंभ भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड के अध्यक्ष तुहिन कांता पांडेय द्वारा किया गया। यह अपडेट सेबी के खुदरा निवेशकों की कॉरपोरेट गवर्नेंस में भागीदारी को बढ़ाने के निरंतर प्रयासों का हिस्सा है, जो व्यक्तिगत निवेशकों के लिए अधिक पारदर्शिता और सोच समझ कर निर्णय लेने की सुविधा लेकर आता है। यह सुविधा एनएसडीएल के स्पीड ई-एप/वेब पोर्टल और सीडीएसएल द्वारा पेश किए गए माई इजी एप में उपलब्ध है। इसका उद्देश्य शेयरधारकों के लिए जानकारी को अधिक सुलभ और समान रूप से उपलब्ध कराना है।




###### बाजारों में हरे रंग की साड़ियों, लहरिया चूड़ियों, बिंदियों और मेंहदी की खरीदारी

# हाट-बाजारों में पूजा-पाठ सामग्री की मांग बढ़ी

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल




सावन माह शुरू होने के साथ ही राजधानी के हाट-बाजारों में पूजा-पाठ सामग्री की मांग बढ़ गई है। भगवान शिव की पूजा के लिए बेलपत्र, धतूरा, भांग, पंचामृत, गंगाजल, फूल, फल, मिठाई, दीपक, धूप, और अन्य आवश्यक सामग्री खरीदी शुरू कर दी है। बाजार में इन वस्तुओं की मांग में काफी वृद्धि देखी जा रही है। गौरतलब है कि सावन के महीने में भगवान शिव की पूजा का विशेष महत्व है। भक्त इस महीने में भगवान शिव को प्रसन्न करने के लिए विभिन्न प्रकार की पूजा-अर्चना करते हैं। इसके लिए वे विभिन्न प्रकार की पूजा सामग्री का उपयोग करते हैं। श्रद्धा से सराबोर बाजार श्रावण मास के चलते बाजारों में त्रिशूल, गेरुआ वस्त्र, शिव टी-शर्ट, साफी, रुद्राक्ष, बेलपत्र, धतूरा, गंगाजल और पूजा सामग्री की मांग बढ़ गई है। कांवरों की कीमत 800 से 3000 रुपएतक है। इस बार पीतल और लकड़ी से बने आकर्षक कांवर भी भक्तों को खूब पसंद आ रहे हैं। सोमवारी व्रत की तिथियां - 1 सोमवारी-14 जुलाई, 2 सोमवारी- 21 जुलाई , 3 सोमवारी - 28 जुलाई, 4 सोमवारी - 4 अगस्त को है। बाजारों में हरे रंग की साड़ियों, लहरिया चूड़ियों, बिंदियों और मेंहदी की खरीदारी जोरों पर है। बाजार में कॉटन व सिंथेटिक साड़ी, पटियाला, कुर्ती व स्ट्रेट पैंट की मांग भी बढ़ी है। भोलेनाथ को प्रसन्न करना सहज पंडितों के अनुसार भगवान शिव को प्रसन्न करना अत्यंत सरल है।

### शक्ति पंप ने क्यूआईपी इश्यू से 292.60 करोड़ रुपए जुटाए

**इंदौर।** शक्ति पम्प्स (इंडिया) लिमिटेड ने यह घोषणा की है कि कंपनी ने इंस्टिट्यूशनल इन्वेस्टर्स के लिए क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल प्लेसमेंट (क्यूआईपी) इश्यू को सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है और इस माध्यम से 292.60 करोड़ रुपए की पूंजी जुटाई है। इस क्यूआईपी इश्यू को मौजूदा और नए प्रमुख इंस्टिट्यूशनल इन्वेस्टर्स से जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली, जो कंपनी के भविष्य की संभावनाओं और अब तक के प्रदर्शन में उनके भरोसे को दर्शाता है। इस पूंजी का उपयोग मध्य प्रदेश के पीथमपुर में सोलर डीसीआर. सेल और सोलर पीवी मॉड्यूल निर्माण के लिए प्लांट की स्थापना के लिए किया जाएगा।

###### आयकर विभाग ने आयकर रिटर्न पर दिया अपडेट

# आईटीआर-2 और आईटीआर-3 फॉर्म के लिए एक्सेल यूटिलिटी जारी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

आयकर विभाग ने आईटीआर-2 और आईटीआर-3 फॉर्म के लिए एक्सेल यूटिलिटीज जारी कर दी है। इसका उपयोग करदाता कर योग्य पूंजीगत लाभ, क्रिप्टो आय और अन्य रिटर्न दाखिल करने के लिए कर सकते हैं। विभाग ने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर इसकी जानकारी दी है। इनकम टैक्स डिपार्टमेंट ने शुक्रवार को आईटीआर-2 और आईटीआर-3 फॉर्म के लिए एक्सेल यूटिलिटीज को जारी किया। अब ई-फाइलिंग पोर्टल के जरिए आईटीआर फॉर्म-2 और फॉर्म-3 का इस्तेमाल करने वाले टैक्सपेयर्स रिटर्न फाइल कर सकते हैं। डिपार्टमेंट ने पहले केवल आईटीआर-1 और आईटीआर-4 फॉर्म जारी किए थे, जिससे कुछ ही सीमित टैक्सपेयर्स को स्पेसिफाइड इनकम क्लासिफिकेशन के साथ उनके आईटीआर को फाइल करने में मदद मिली(

डिपार्टमेंट ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा। असेस्मेंट ईयर 2025-26 के लिए आईटीआर-2 और आईटीआर-3 की एक्सेल यूटिलिटीज अब लाइव हैं और फाइल करने के लिए उपलब्ध हैं। इनकम टैक्स डिपार्टमेंट के ई-फाइलिंग आईटीआर पोर्टल के डाउनलोड सेक्शन में आईटीआर-2 और आईटीआर-3 यूटिलिटीज डाउनलोड कर सकते हैं।

# एनसीडीएफआई से एमपीसीडीएफ भोपाल को मिला प्रशंसा पत्र

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

एनसीडीएफआई द्वारा भारतीय सेना के साथ सहयोग के 40 वर्ष होने पर वार्षिक समीक्षा बैठक नई दिल्ली में आयोजित की गई। कार्यक्रम में एनसीडीएफआई एव एनडीडीबी के अध्यक्ष डॉ. मीनेश शाह, एनसीडीएफआई के प्रबंध संचालक श्रीनिवास सज्जा, डीजीएसटी भारतीय सेना, भारतवर्ष से सभी कॉपरेटिव स्टेट फेडरेशन के एमडी तथा एनसीडीएफआई व भारतीय सेना के अधिकारीगण मौजूद रहे।

इस अवसर पर एमपी स्टेट कोआपरेटिव डेयरी फेडरेशन (एमपीसीडीएफ) द्वारा भारतीय सेना को सांची दूध एवं विभिन्न दूध उत्पाद प्रदाय कर सहयोग करने के लिए प्रबंध संचालक डॉ.संजय गोवाणी को एनसीडीएफआई चेयरमैन डॉ. मीनेश शाह की उपस्थिति में प्रशंसा पत्र प्रदान किया गया।

*भारतीय सेना के साथ सहयोग के 40 वर्ष पूर्ण*




### *सांची दूध उत्पादों की लगाई प्रदर्शनी*

*इस कार्यक्रम में सांची ब्राण्ड के प्रमुख दूध उत्पादों की डमी पैक की प्रदर्शनी भी लगाई गई, जिसका अवलोकन एनसीडीएफआई एव एनडीडीबी के अध्यक्ष डॉ.मीनेश शाह और भारतीय सेना अधिकारियों द्वारा किया गया। इस अवसर पर भारतीय सेना के अधिकारियों द्वारा मध्यप्रदेश में भारतीय सेना यूनिट्स को सांची दूध और दूध उत्पादों की सप्लाई को संतोषजनक बताया।*


## बिजनेस न्यूज

### महर्षि महेश योगी संस्थान में श्रद्धापूर्वक मनाई गई गुरु पूर्णिमा




**भोपाल।** महर्षि महेश योगी संस्थान में श्री गुरु पूर्णिमा धूमधाम एवं श्रद्धा पूर्वकमनाई गई। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता महर्षि महेश योगी संस्थान के प्रमुख वेद विद्या मार्तंड ब्रह्मचारी गिरीश ने इस अवसर पर कहा कि वैदिक गुरु परंपरा का विशिष्ट दिवस है। गुरु ही ब्रह्म है, गुरु ही विष्णु है और गुरु ही शिव है। अनादि से अनंत काल तक शिव का शासन है। यहां शासन का तात्पर्य शाश्वत से है। गुरु परंपरा में हम गुरु के चरण पादुकाओं का पूजन करते हैं। महर्षि जब मौन से बाहर निकलते थे तब उनके चरणों का स्पर्श एवं स्पंदन आज भी हमारे मन में है। ब्रह्मचारी गिरीश ने कहा कि महर्षि ने कभी भी अपने आप को गुरु नहीं कहलवाया, बल्कि वह अपने समस्त उपलब्धियां का श्रेय अपने गुरु स्वामी ब्रह्मानंद सरस्वती महाराज को दिया करते थे। गुरुदेव ब्रह्मानंद सरस्वती महाराज के नाम के आगे अनंत श्री विभूषित लगाने का अभिप्राय बताते हुए उन्होंने बताया कि गुरुदेव ने 11, 000 वैदिक पंडितों को दीक्षित किया था और प्रत्येक को 11,000 की दक्षिणा भी दी जाती थी। यह राशि कहां से आती थी यह आज भी खुद रहस्य का विषय बना हुआ है। इसलिए गुरुदेव के नाम के आगे अनंत श्री विभूषित लगाया जाता है। ब्रह्मचारी गिरीश ने 153 महर्षि विद्या मंदिर विद्यालयों, महर्षि विश्वविद्या पीठ, महर्षि महेश योगी वैदिक विश्वविद्यालय ,महर्षि महाविद्यालयों , महर्षि यूनिवर्सिटी ऑफ़ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट बिलासपुर, महर्षि फार्मेसी रिसर्च सेंटर, महर्षि किड्स होम, महर्षि विश्व शांति आंदोलन की समस्त इकाइयों की उपलब्धियां को श्री गुरु चरणों पर समर्पित करते हुए आगामी वर्ष की कार्य योजनाओं के लिए आशीर्वाद मांगा। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि महर्षि फार्मेसी रिसर्च सेंटर 48 दवाइयां के उत्पादन से प्रारंभ किया गया था जो कि अब बढ़कर 84 दवाइयां तक पहुंच चुका है। इस अवसर पर उन्होंने महर्षि विद्या मंदिर विद्यालयों में 15,000 नए ध्यान शिक्षकों को जोड़ने की घोषणा करते हुए महर्षि आध्यात्मिक जन जागरण इकाइयों की संख्या 1 लाख तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

### राधारमण कॉलेज ने मनाया विश्व जनसंख्या दिवस



**भोपाल।** राधारमण नर्सिंग कॉलेज द्वारा विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर बीएससी नर्सिंग और जीएनएम के छात्रों ने चंद्रशेखर आजाद शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रातीबड़ में एक जागरूकता नाटक प्रस्तुत किया, जिसमें अधिक जनसंख्या के समाज पर पड़ने वाले प्रभावों को प्रभावशाली ढंग से दर्शाया गया। ।राधारमण इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग की प्राचार्या प्रो. डॉ. वेनिस मारिया डेविड ने कहा कि ऐसे आयोजनों से छात्रों को समाज से सीधे जुड़ने और जनस्वास्थ्य से जुड़े मुद्दों पर संवाद स्थापित करने का अवसर मिलता है। विद्यालय की प्रधानाचार्य सुनीता जैन सहित विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं भी इस अवसर पर उपस्थित रहे। इस अवसर पर राधारमण ग्रुप के चेयरमैन आर. आर. सक्सेना ने कहा कि राधारमण संस्थान हमेशा समाजहित में सक्रिय भूमिका निभाता रहा है।

### आईइएस यूनिवर्सिटी में शिक्षक हुए सम्मानित




**भोपाल।** आईइएस यूनिवर्सिटी में गुरु पूर्णिमा के शुभ अवसर पर गुरु वंदना कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रो. (डॉ) सुनीता सिंह, प्रो-चांसलर, आईइएस यूनिवर्सिटी ने शिक्षकों को शॉल और स्मृति चिन्ह भेंट देकर उन्हें सम्मानित किया। छात्रों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों, कविताओं, और भाषणों ने माहौल को भावनात्मक और प्रेरणादायक बना दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता यूनिवर्सिटी प्रो. (डॉ) सुनीता सिंह, प्रो-चांसलर, आईइएस यूनिवर्सिटी ने की, जिन्होंने गुरु के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहाकि गुरु जीवन के अंधकार को मिटाकर ज्ञान का प्रकाश फैलाते हैं। ऐसे गुरुओं का जीवन में विशेष स्थान होता है। इस अवसर पर आईइएस यूनिवर्सिटी के छात्रों ने भी अपने शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त किया और उनके मार्गदर्शन को अपने जीवन की सबसे बड़ी पूंजी बताया। कार्यक्रम का समापन सभी शिक्षकों को मंच पर आमंत्रित कर उनके सम्मान के साथ किया गया। आईइएस यूनिवर्सिटी परिवार ने इस दिन को गुरु-शिष्य परंपरा की पुनः स्थापना के रूप में मनाया और यह संकल्प लिया कि वे सदैव अपने शिक्षकों के दिखाए मार्ग पर चलेंगे।

### सगमनियां स्टोन को 'फाइव स्टार रेटिंग' अवॉर्ड

**भोपाल।** बिरला कॉर्पोरेशन लिमिटेड की सगमनियां लाइम स्टोन माइन्स को वर्ष 2024-25 के लिए फाइव स्टार रेटिंग अवॉर्ड से नवाजा गया। भारतीय खान ब्यूरो (मिनिस्ट्री ऑफ माइंस) के तत्वावधान में यह पुरस्कार विगत सात वर्षो से निरंतर उत्कृष्ट कार्य के लिए दिया जा रहा है। यह पुरस्कार भारतीय खान ब्यूरो द्वारा एमसीडीआर 2017 के नियमों के तहत एवं उसमें विर्दिर्निष्ठ मापदण्डों के गहन निरीक्षण के उपरांत प्रदान किया जाता है। इस तरह देश की कुल 95 माइंस को इस अवार्ड से सम्मानित किया गया। सगमनियां माइन्स हमेशा से ही मिनरल कन्सर्वेशन, रिक्लेमेशन, प्लांटेशन एवं सीएसआर की गतिविधियों में उत्कृष्ठ कार्य करता रहा है। समारोह में राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, केन्द्रीय कोयला एवं खान मंत्री. किशन रेड्डी, संजय लोहिया केन्द्रीय अपर सचिव खान मंत्रालय, पियूष नारायण शर्मा मुख्य खान नियंत्रक एवं टी.रविकांत प्रधान सचिव एवं देश के सभी माइन्स के प्रतिनिधियों की गरिमामय उपस्थिति रही। बिरला कॉर्पोरेशन की सगमनियां माइन्स की तरफ से रजत कुमार, राजेश चौबे , कुमार राजन उपस्थित होकर केंद्रीय मंत्री किशन रेड्डी के हाथों पुरस्कार ग्रहण किया।

### पीएनबी का 'मेगा कृषि आउटरीच' कार्यक्रम

**भोपाल।** पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) वित्तीय समावेशन और कृषि क्षेत्र के विकास के लिए अपनी प्रतिबद्धता को दोहराते हुए एक देशव्यापी मेगा कृषि आउटरीच कार्यक्रम आयोजित किया । इस कार्यक्रम में एमडी एवं सीईओ, कार्यपालक निदेशकगण तथा कॉरपोरेट कार्यालय के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों सहित पीएनबी के शीर्ष प्रबंधन उपस्थित हुए। यह कार्यक्रम किसानों, स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी), कृषि-उद्यमियों और अन्य जमीनी स्तर के हितधारकों को तत्काल ऋण और विशेषज्ञ वित्तीय सलाह प्रदान करने के लिए एक मंच पर लाएगा। समावेशी, प्रौद्योगिकी-आधारित कृषि वित्तपोषण को बढ़ावा देने हेतु इस आउटरीच का आयोजन कृषि चौपालों, कृषि सेवा बूथों और पीएनबी डिजिटल जोन के माध्यम से किया जाएगा। अशोक चंद्र ने कहा कि कृषि हमारी अर्थव्यवस्था की केवल आधार मात्र नहीं है, बल्कि भारत की आत्मा है ।

# भारत पेट्रोलियम की बीना रिफाइनरी को मिला 'मोस्ट रिलायबल रिफाइनरी' का पुरस्कार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड को उसकी बीना रिफाइनरी को ग्लोबल रिफाइनिंग एंड पेट्रोकेमिकल्स कांग्रेस 2025 में मोस्ट रिलायबल रिफाइनरी का पुरस्कार मिला है। यह नई दिल्ली में हुए डाउनस्ट्रीम इंडिया एक्सीलेंस अवॉर्ड्स के कार्यक्रम में दिया गया।

बीना रिफाइनरी की ओर से यह सम्मान चाको एम.जोस, कार्यकारी निदेशक और उनके साथ मौजूद वरिष्ठ अधिकारियों ने प्राप्त किया। यह सम्मान इस बात का सबूत है कि बीना रिफाइनरी लगातार सुरक्षा, भरोसेमंद संचालन और बेहतर प्रदर्शन के लिए काम कर रही है। बीना रिफाइनरी ने अच्छी देखरेख, सुरक्षा को प्राथमिकता देने वाली सोच और प्रदर्शन सुधार पर जोर दिया है। इसी कारण यह रिफाइनरी लगातार सोलोमन बेंचमार्किंग में बेहतर प्रदर्शन करने वाली रिफाइनरियों में शामिल रही है। सुधार की सोच और मजबूत प्रणाली के साथ, बीना रिफाइनरी ना सिर्फ बीपीसीएल की एक अहम यूनिट बनी हुई है। बल्कि दुनिया की बेहतरीन रिफाइनरियों में भी अपनी पहचान बना रही है।


**मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम**

कार्यालय परियोजना यंत्री, संभाग क्र.-1, भदभदा रोड, भोपाल

क्र./1005/तशा/प.यं./2025 — दिनांक : 09.07.2025

**प्रेस विज्ञप्ति**

इस कार्यालय द्वारा पुरुष हॉकी अकादमी सी.आर.सी. भोपाल में सिंथेटिक टर्फ के चारों ओर ग्रेड स्लैब डालने एवं कर्टनवॉल में फिनिशिंग का कार्य हेतु ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा क्रमांक 2025_MPPHC_436484_1 **दिनांक 17.07.2025 समय अपराह्न 17:00 बजे तक** खरीदी जा सकती है। विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **Portal : www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं।

म.प्र. माध्यम/121040/2025 — **परियोजना यंत्री**

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री (भवन) लोक निर्माण विभाग, विदिशा**

Email : piuvidisha@gmail.com

एनआईटी नं.-19/2025/टेण्डर/सा/ई.ई.(भ)/... // विज्ञप्ति // विदिशा, दिनांक 10.07.2025

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा सह नीलामी हेतु उपयुक्त पात्रता वाली प्रतिष्ठित फर्म / व्यक्तियों से आमंत्रण की जाती है :-

| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025_PWPIU_436574_1 | सिविल लाइन क्षेत्र में पुराने भवन, संरचनाओं को ध्वस्त करना, विदिशा स्थित 09 आई. टाइप क्वार्टर, ई और एम वर्कशॉप भवन, परिसर क्षेत्र से ध्वस्त सामग्री और अतिरिक्त खड़ी सामग्री को हटाना तथा सम्पूर्ण परिसर को समतल बनाना और सभी श्रमिकोंए सामग्री और मशीनरी सहित किसी भी बाधा से मुक्त करना। | विदिशा | 25235 | 2524 | 1000 | 10 Days |
| | | कुल योग रू | | 25235 | | | |

1- निविदा से संबंधित बिड डॉक्यूमेंट बेवसाईट http://mptenders.gov.in पर बिना भुगतान के देखे एवं डाउनलोड किये जा सकेंगे।
2-निविदा प्रपत्र का मूल्य ऑन लाईन पोर्टल पर क्रेडिट / डेबिट / कैशकार्ड / इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान कर निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकेगा।
3-निविदा प्रपत्र केवल ऑन-लाईन दिनांक 10.07.2025 समय 10.30 से दिनांक 16.07.2025 समय 05.30 तक खरीदा जा सकेगा। सूचना व अन्य जानकारी बेबसाईट पर देखी जा सकती है।
4- निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उपरोक्त बेवसाईट पर ही दर्ज किये जायेंगे, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री (भवन)
लोक निर्माण विभाग, विदिशा

G-15487/25 — " स्वच्छता ही सेवा "

## चिंतन

# गुजरात में पुल ढहने के जिम्मेदारों पर हो कार्रवाई

नदी पर पुल टूटने की घटनाएं बिहार के बाद अब गुजरात में हो रही हैं। गुजरात के वडोदरा जिले में महिसागर नदी पर बने पुल के ढहने की घटना में घायल एक व्यक्ति की उपचार के दौरान मौत के बाद मृतकों की संख्या शुक्रवार को बढ़कर 19 हो गई। लापता दो लोगों की तलाश अब भी जारी है। गत बुधवार सुबह पादरा कस्बे के निकट गंभीरा गांव के पास चार दशक पुराने पुल का एक हिस्सा ढह जाने से कई वाहन महिसागर नदी में गिर गए थे। यह पुल आणंद और वडोदरा जिलों को जोड़ता है। गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने राज्य के सड़क और भवन विभाग के चार अभियंताओं को निलंबित कर दिया। पर यह काफी नहीं है, पुल ढहने के जिम्मेदारों पर कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। गुजरात के सड़क एवं भवन विभाग की एक उच्च स्तरीय जांच समिति 30 दिनों में एक विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी। गुजरात में यह कोई पहला पुल हादसा नहीं है, बल्कि मोरबी से लेकर मुमतपुरा तक पिछले पांच साल में 12 से भी ज्यादा पुल टूटे या क्षतिग्रस्त हुए हैं। इन हादसों में कई लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी, बावजूद इसके पुल हादसों को रोकने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं। गंभीरा पुल को लेकर भी पहले से चेतावनी जारी की गई थी, आखिरकार ब्रिज हादसे का शिकार हो गया। गुजरात में 24 जनवरी 2020 मेहसाणा में खारी नदी पर बना ब्रिज क्षतिग्रस्त हुआ था। 21 दिसंबर 2021 अहमदाबाद में मुमतपुरा पुल का एक हिस्सा टूट गया था। 30 अक्टूबर 2022 मोरबी में मच्छू नदी पर बना ब्रिज टूटा था और इस हादसे में 135 लोगों की मौत हुई थी। गुजरात सरकार ने राज्य में जिन 7,000 पुलों का सर्वेक्षण किया गया है, उनमें से सरकार ने उन पुलों की पहचान की है, जिनकी मरम्मत या नए पुल के निर्माण की आवश्यकता है। बिहार में एक वर्ष में करीब 12 पुल गिर गए थे। उनमें से एक पुल तो लोकार्पण के दिन ही गिर गया था। यह कदाचार का बड़ा नमूना था। देश में केएमपी समेत कई राष्ट्रीय राजमार्ग हैं, जो निर्माण के दस वर्ष के अंदर ही जर्जर हो गए हैं। भारत में पुल सड़क समेत अनेक निर्माण कार्य ठेके पर होते हैं, जिनमें टेंडर प्रक्रिया से लेकर निर्माण तक गहरे भ्रष्टाचार हैं। आला अफसरों, इंजीनियरों व ठेकेदारों के बीच एक नेक्सस है, सरकार भी इस तथ्य से अवगत है। केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गठकरी रोडमैन के नाम से देश में ख्यात हैं, महाराष्ट्र सरकार से लेकर केंद्र सरकार तक मंत्री रहते हुए उनके नाम सड़कों का जाल बिछाने का रिकार्ड है, ऐसे में उनके समेत राज्यों के परिवहन मंत्रालयों का दायित्व है कि कोई भी निर्माण घटिया सामग्री से न हो। हादसे में जब बेकसूर लोगों की जान जाती है, तो उस क्षति की पूर्ति नहीं की जाती है। हाल के वर्षों में सड़क निर्माण में ओवर बजटिंग के बावजूद सड़क निर्माण उस स्तर का नहीं हो रहा है। देश की अधिकांश सड़कें यातायात के अंतरराष्ट्रीय मानकों पर खरी नहीं उतरतीं, इसका तात्पर्य है सड़क निर्माण के दौरान हम सुरक्षित यातायात से संबंधित इंजीनियरिंग मानकों का ध्यान नहीं रख रहे हैं। सड़क व पुल निर्माण ही महत्वपूर्ण नहीं है, इसके रखरखाव, मरम्मत भी महत्वपूर्ण है। देखा गया है कि ऑथोरिटी और सरकार रखरखाव व मरम्मत के प्रति उदासीन रहते हैं, कई बार बजट ही नहीं होते हैं। केंद्र सरकार को इस ओर भी ध्यान देना चाहिए। केवल नए निर्माण पर जोर देने के बजाय, जो पहले से हैं, उनके रखरखाव व मरम्मत पर अधिक ध्यान देने की जरूरत है। बहरहाल गुजरात पुल हादसे से सबक लेकर देश के पुराने पुलों व सड़कों का क्वालिटी ऑडिट होना चाहिए।




## शताब्दी वर्ष
अवधेश कुमार

सरसंघचालक मोहन भागवत का विशेष संवाद कार्यक्रम चार शहरों दिल्ली, मुंबई, कोलकता, बेंगलुरु में आयोजित होगा, जिसमें आमंत्रित लोगों के समक्ष अपनी बात रखेंगे तथा संवाद भी होगा। संघ ने शताब्दी वर्ष में समाज परिवर्तन की दृष्टि से पांच परिवर्तन का विचार रखा है जिसमें सामाजिक समरसता,परिवार यानी कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण, स्व का बोध और नागरिक कर्तव्य शामिल है। दरअसल , मोहन भागवत ने 2021 में समाज परिवर्तन की दृष्टि से ये पांच विषय सामने रखे थे और संघ इस पर काम कर रहा है। समाज और सत्ता में व्याप्त विद्रूपताओं की निंदा, आलोचना, विरोध से परे समाज की सहभागिता से सकारात्मक परिवर्तन का उद्देश्य ही इसके पीछे है।

# समाज परिवर्तन के लिए सक्रिय संघ

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की राजधानी दिल्ली में 4 से 6 जुलाई तक आयोजित तीन दिवसीय अखिल भारतीय प्रांत प्रचारक बैठक वैसे तो राजनीतिक दलों एवं मीडिया के लिए किसी हलचल मचाने वाले समाचार का कारण नहीं बना, पर इसके महत्व से इनकार नहीं किया जा सकता। संघ ने संगठन की दृष्टि से पूरे देश को 11 क्षेत्र एवं 46 प्रांतों में बांटा है। बैठक में सरसंघचालक, सरकार्यवाह एवं सहसर्यकार्यवाह सहित केंद्रीय पदाधिकारियों , सभी प्रांत प्रचारक, सह प्रांत प्रचारक, सभी क्षेत्र प्रचारक, सह क्षेत्र प्रचारक के साथ 32 संघ प्रेरित विविध संगठनों के अखिल भारतीय संगठन मंत्री शामिल हों तो इसका महत्व समझ में अपने -आप आ जाता है। यानी संघ और इससे जुड़े संगठनों का संपूर्ण संघ प्रतिनिधि नेतृत्व की वहां उपस्थिति केवल मिलने जुलने के लिए तो नहीं हो सकती। संघ का गहराई से अध्ययन करने वाले या निकट से उसकी गतिविधियों पर निष्पक्ष दृष्टि रखने वाले जानते हैं कि बैठकों के सभी सत्रों के विषय एवं प्रारुप निर्धारित होते हैं। विरोधियों के तीखे तेवरों के विपरीत बैठक हमेशा शांत संतुलित व्यवस्थित माहौल में संपन्न होता है। इसमें सामान्य दलीय राजनीति पर विचार के लिए गुंजाइश नहीं होती है। जितनी जानकारी है भाजपा अध्यक्ष के चुनाव को लेकर बाहर की उत्कंठा के विपरीत यह चर्चा में भी नहीं आया। संघ के वर्ष में कुछ निश्चित आयोजन हैं जिनमें प्रांत प्रचारक बैठक भी शामिल है। मार्च में अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा की बैठक तथा अप्रैल से जून तक प्रशिक्षण वर्गों के संपन्न होने के बाद यह बैठक आयोजित होती है। इसलिए इसमें देश भर के पूरे वृतांत व भविष्य के संगठन की योजनाओं पर फोकस रहता है।

वैसे भी संघ का मुख्य फोकस संगठन, समाज जागरण तथा समाज परिवर्तन है तो इसका फोकस वही रहेगा। जैसा हम जानते हैं इस वर्ष विजयादशमी यानी 2 अक्टूबर से संघ शताब्दी वर्ष में प्रवेश कर रहा है। पिछले काफी समय से आगामी 2 अक्टूबर से लेकर 2 अक्टूबर 2026 तक इसके आयोजनों और कार्यक्रमों को लेकर गंभीर चर्चा हमारे सामने आते रहे हैं। स्वाभाविक ही इस समय की अधिकतर बैठकों का केंद्र बिंदु शताब्दी वर्ष ही होगा। जितनी जानकारी है संघ अन्य संगठनों या राजनीतिक दलों की तरह शताब्दी वर्ष पर कोई एक बड़ा आयोजन करने की जगह इसका उपयोग संगठन विस्तार , हिंदुत्व केंद्रित विचार को अधिकतम लोगों तक पहुंचाने तथा समाज परिवर्तन की दृष्टि से कार्यक्रमों के आयोजनों के लिए कर रहा है। योजना अनुसार नागपुर में 2 अक्टूबर को वार्षिक विजयादशमी उत्सव में सरसंघचालक डॉ मोहन भागवत की हर वर्ष की तरह उपस्थिति एवं संबोधन के साथ उसी दिन देशभर में शाखा/मंडल/बस्ती के स्तर पर उत्सव आयोजित होंगे। विशेष अभियानों के तहत स्वयंसेवक घर-घर जाकर संपर्क करेंगे। गृह संपर्क अभियान के दौरान स्वयंसेवक संघ साहित्य देकर बातचीत करेंगे। सरसंघचालक मोहन भागवत का विशेष संवाद कार्यक्रम चाऱ शहरों दिल्ली, मुंबई, कोलकता, बेंगलुरु में आयोजित होगा , जिसमें आमंत्रित लोगों के समक्ष अपनी बात रखेंगे तथा संवाद भी होगा। संघ ने शताब्दी वर्ष में समाज परिवर्तन की दृष्टि से पांच परिवर्तन का विचार रखा है जिसमें सामाजिक समरसता,परिवार यानी कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण, स्व का बोध और




नागरिक कर्तव्य शामिल है। दरअसल , मोहन भागवत ने 2021 में समाज परिवर्तन की दृष्टि से ये पांच विषय सामने रखे थे और संघ इस पर काम कर रहा है। इससे संबंधित अलग-अलग सामाजिक सद्भाव सम्मेलन युवाओं का परिवारों का तथा इसी दृष्टि से संवाद आदि के सतत कार्यक्रम हैं। स्वाभाविक ही प्रांत प्रचारक बैठक में कहां-कहां कितने और कौन से कार्यक्रम हो सकते हैं तथा उनमें अपेक्षित संख्या की कितनी संभावना होगी, व्यवस्था कैसे हो रही है आदि विषय विंदूवार चर्चा में आए। सभी प्रांत और क्षेत्र प्रचारक कार्यक्रमों की पूर्व तैयारी की दृष्टि से बैठकें, एकत्रीकरण आरंभ कर देंगे।

इनकी गहराई से समीक्षा करें तो साफ हो जाएगा कि समाज और सत्ता में व्याप्त विद्रूपताओं की निंदा, आलोचना, विरोध से परे समाज की सहभागिता से सकारात्मक परिवर्तन का उद्देश्य ही इसके पीछे है। जाति भेद से परे हटकर सामाजिक समरसता के अंतर्गत समाज में सद्भाव बढ़े, परिवारों की पर्यावरण अनुकूल जीवनशैली बने, हममें स्व-बोध यानी अपने राष्ट्र की महान विरासत, महान सभ्यता -संस्कृति -धर्म - अध्यात्म, फोटो में व्याप्त समाज संगठन उपलब्धियां आदि के प्रति गौरव व्याप्त हो, कुटुंब यानी परिवार के सभी सदस्यों- संबंधियों में आत्मीयता व संस्कारों की वृद्धि हो तथा लोग नागरिक के नाते अपने कर्तव्यों के प्रति जागरूक हो जाएं तो धीरे-धीरे संपूर्ण समाज और देश की स्थिति कितनी सकारात्मक, सहकारी और सशक्त होगी इसकी कल्पना आसानी से की जा सकती है। पहले से इन विषयों पर चर्चाएं हो रही हैं, उनके साहित्य आदि प्रकाशित हैं, बैठकों में भी इन पर मंथन हो रहा है और प्रांत प्रचारक बैठक में संगठन के स्तर पर इसे आगे बढ़ाने की योजना तय हो गई है इसलिए कार्यक्रम भी संपन्न होंगे। विश्व में ऐसा कोई संगठन नहीं होगा जो जितना तय करें सब कुछ उसी के अनुरूप हो जाए और त्वरित लक्ष्यों की प्राप्ति भी। इसलिए यह नहीं कह सकते कि सब कुछ कल्पना के अनुरूप भी हो जाएगा और सारे लक्ष्य भी प्राप्त हो जाएंगे किंतु उस दिशा में कुछ हद तक सफलता मिलेगी यह निश्चित है। जितनी संख्या में व्यक्तियों के अंदर पांच परिवर्तन के लिए भाव जाएंगे वह अपने स्तर पर कुछ ना कुछ करेंगे और समाज के स्तर पर जगह-जगह इन सबके सुखद परिणाम आते रहेंगे। वास्तव में संघ शताब्दी वर्ष की योजना ऐसा नहीं है जिन पर एक वर्ष तक काम किया और फिर।। यह सतत आगे बढ़ते रहने के कार्यक्रम हैं। फिर जिन लोगों से सब ज्ञान के दौरान संपर्क होगा उनके आगे शाखों प्रशिक्षकों आदि की दृष्टि से भी उपयोग की योजनाएं हैं। यानी जो जुड़ें वह छूट नहीं इसकी कोशिश भी होगी। त्वरित परिवर्तन तात्कालिक आंदोलनों से होती है किंतु स्थायी सतत परिवर्तन और प्राप्तियों के लिए अनवरत ऐसे ही समाज के अंदर स्वतः अभियान संचालित होते रहना आवश्यक होता है। संघ की यही कार्य शैली दिखती है।

बैठक है तो इस बीच देश और दुनिया की घटनाएं भी चर्चा में अवश्य आएंगी। अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील अंबेडकर ने पत्रकारों के प्रश्न के उत्तर में कहा कि भारत की सभी भाषाएं राष्ट्र भाषाएं हैं, और संघ का मानना है कि प्राथमिक शिक्षा मातृभाषा में होनी चाहिए। भाषा संबंधी संघ की सोच अनेक बार सार्वजनिक रूप से रखी जा चुकी है फिर भी विरोधी यही कहते हैं कि संघ केवल हिंदी की ही बात करता है। अब शायद आलोचक बाज आएं। पहलगाम हमले से लेकर ऑपरेशन सिंदूर के दौरान के स्थानीय अनुभवों तथा लोगों की प्रतिक्रियाओं की इससे ज्यादा अधिकृत जानकारी किसी संगठन को नहीं प्राप्त हो सकती। इस फीडबैक से भविष्य में ऐसी चुनौतियों से निपटने को लेकर समाज व संगठन के साथ सरकार के लिए भी कुछ दिशा मिलेगी।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

## वोटर लिस्ट पुनरीक्षण
राजेश माहेश्वरी



# सर्वोच्च न्यायालय ने चुनाव आयोग को आईना दिखाया

बिहार में वोटर लिस्ट विशेष गहन पुनरीक्षण मामले में सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला आया है। सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग को बिहार में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को जारी रखने की अनुमति दे दी है, लेकिन साथ ही उसने चुनाव आयोग से एक बहुत ही प्रासंगिक प्रश्न पूछा हैः अभी क्यों? अदालत ने यह बिल्कुल सही बात कही है कि विधानसभा चुनाव से कुछ महीने पहले इस तरह की कवायद से लोगों के मन में संदेह पैदा होना स्वाभाविक है। यह चुनाव आयोग की जिम्मेदारी है कि वह बताए कि यह प्रक्रिया पहले क्यों नहीं की गई, जिससे उसे राज्य के लगभग 8 करोड़ मतदाताओं के दस्तावेजों की जांच करने के लिए पर्याप्त समय मिल जाता। यदि कोई मतदाता पीछे न छूट जाए तो इस कार्य के लिए दस्तावेजीकरण तार्किक और त्रुटिरहित होना चाहिए। विपक्षी दलों के कई नेताओं सहित विभिन्न याचिकाकर्ताओं ने दावा किया है कि व्यापक सुधारों के नाम पर कागजी धोखाधड़ी के कारण कई पात्र मतदाता अपने लोकतांत्रिक अधिकारों से वंचित हो सकते हैं। यह मूलभूत चिंता है जिसका निर्वाचन आयोग को प्राथमिकता के आधार पर समाधान करना होगा।

इसमें कोई संदेह नहीं है कि संविधान ने मतदाता सूचियों को अद्यतन करने का कार्य सौंपा है और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस कथन के लिए कोई बहाना नहीं मिल सकता कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया को मजबूत करने के लिए मतदाताओं को अद्यतन किया जाना चाहिए। यह महत्वपूर्ण है कि सूचियां साफ-सुथरी हों, लेकिन इस उद्देश्य के लिए चुनाव आयोग द्वारा अपनाए गए तरीकों पर सवाल उठाए जा रहे हैं। चुनाव आयोग ने कहा कि प्रक्रिया का पालन किया जाएगा। उन्होंने आश्वासन दिया कि सुनवाई का अवसर दिए बिना किसी को भी मतदाता सूची से बाहर नहीं किया जाएगा।

इस मामले में कांग्रेस का दोहरापन एक बार फिर सामने आया है। बिहार विधानसभा चुनाव से पहले विशेष गहन पुनरीक्षण सर्वे में आधार को शामिल करने की कांग्रेस की मांग एक बार फिर राजनीतिक छलावे और अवसरवाद का जीता-जागता उदाहरण बन चुकी है। कुछ ही समय पहले, 2021 में कांग्रेस ने जोर-शोर से कहा था कि आधार केवल निवास प्रमाण है, नागरिकता का प्रमाण नहीं। उन्होंने आधार को वोटर आईडी से जोड़ना अवैध और अलोकतांत्रिक करार दिया था। कांग्रेस ने यह भी चेतावनी दी थी कि इससे गैर-नागरिकों को वोट देने का अधिकार मिल सकता है, जो लोकतंत्र के लिए बड़ा खतरा है। साथ ही निजता के अधिकार का उल्लंघन होने की चिंता भी जताई थी। लेकिन अब, 2025 आते-आते कांग्रेस वही मांग कर रही है, जिसे उसने पहले खारिज किया था। पार्टी चुनाव आयोग से आधार को विशेष गहन पुनरीक्षण सर्वे में शामिल करने की जोरदार मांग कर रही है। यह साफ दिखाता है कि कांग्रेस की विचारधारा और नीतियां स्थिर नहीं, बल्कि राजनीतिक लाभ के लिए रोजाना बदलती रहती हैं। 2021 में जो आधार लिंकिंग को संविधान विरोधी बताती थी, वही आज इसे चुनाव सुधार का जरिया बता रही है। कांग्रेस का यह रवैया राजनीतिक अवसरवाद इस बात का प्रमाण है कि पार्टी नीति नहीं, केवल अपने राजनीतिक फायदे के लिए काम करती है। जब विरोध करना फायदेमंद था, तब आधार को अवैध बताया, और जब समर्थन से लाभ दिखा, तब उसी आधार को चुनाव सुधार का हथियार बना डाला। सोशल मीडिया पर कांग्रेस की इस दोहरी नीति को लेकर तीखी आलोचना हो रही है। सुप्रीम कोर्ट ने इस बात पर आश्चर्य व्यक्त किया है कि इस प्रक्रिया में आधार कार्ड पर विचार क्यों नहीं किया जा रहा है। उसका मानना है कि चुनाव अधिकारियों को आधार कार्ड, मतदाता पहचान पत्र और राशन कार्ड पर विचार करना चाहिए। फिलहाल पुनरीक्षण में 15 दिन का समय शेष है। विपक्ष ने तेलंगाना में 22 फीसदी मतदाताओं और कर्नाटक में 18 फीसदी मतदाताओं के नाम काटने पर खूब हंगामा मचाया था। दोनों ही राज्यों में कांग्रेस की सरकारें किस तरह बन गईं? जम्मू-कश्मीर में भी पुनरीक्षण के बाद चुनाव हुए थे। वहां भी विपक्ष का एनसी-कांग्रेस गठबंधन जीता और अब उनकी सरकार है। 2026 में पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, असम, केरल आदि राज्यों में भी चुनाव से पहले 'विशेष गहन पुनरीक्षण' जरूर किया जाएगा। यह घोषणा चुनाव आयोग कर चुका है। इससे पहले 2003 में पुनरीक्षण का काम किया गया था। बहरहाल 'आधार कार्ड' को इस पूरी प्रक्रिया के दौरान निराधार क्यों किया गया, यह सवाल बराबर उठना चाहिए। व्यक्ति की दैहिक पहचान का सबसे मौलिक दस्तावेज यही है। हम इस मुद्दे को उठा चुके हैं।

(लेखक यूपी राज्य मुख्यालय पर मान्यता प्राप्त स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# स्वतंत्रता दिवस स्व नियंत्रण का पर्व



संकलित
दर्शन

स्वाधीनता अर्थात स्व के अधीन होने का पर्व। स्व नियंत्रण का पर्व, जहां पर स्व की इच्छाओं की प्रधानता हो, स्वयं पर स्वयं का नियंत्रण हो। वास्तव में भारत पर भारत का ही नियंत्रण हो सकता है। इस विशाल, समृद्ध, संस्कार और संस्कृति से युक्त राष्ट्र पर नियंत्रण करने की कोशिश तो बहुत से राष्ट्रों द्वारा की गई, परंतु भारत विशाल हृदय और समृद्ध विरासत के साथ सदैव खड़ा रहा। हिमालय जैसे विशाल हृदय, गंगा जैसी पावनता व वेदों के विशाल ज्ञान के भंडार के साथ जीवंत व जाग्रत बना रहा और आगे भी रहेगा। भारत ने महाभारत देखी, भारत ने राम-भरत का प्रेम देखा, कृष्ण-सुदामा की मित्रता देखी। वर्तमान भारत विश्व पटल पर अपना उत्कृष्ट स्थान रखता है। अब हम एक ऐसे भारत की ओर बढ़ें, जहां नक्शे में हर भारतीय के हस्ताक्षर हों। ऐसा भारत, जहां भारत माता की रक्षा के लिए बलिदान देने वाले और धरती के गर्भ से अन्न पैदा करने के लिए पसीना बहाने वालों के लिए उपयुक्त स्थान हो। राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त कहते हैं, 'सब तीर्थों का एक तीर्थ यह, हृदय पवित्र बना लें हम, आओ यहां अजातशत्रु बन, सबको मित्र बना लें हम। भारत माता का मंदिर यह, समता का संवाद जहां, सबका शिव कल्याण यहां है, पावें सभी प्रसाद यहां।' ऐसे भाव जहां हों, वह राष्ट्र केवल गौरव का अधिकारी है। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने भी इसीलिए कहा, 'भारत जमीन का टुकड़ा नहीं, जीता जागता राष्ट्रपुरुष है।

# कभी भी अपने धन और पद का घमंड न करें



संकलित
प्रेरणा

देवताओं के कोषाध्यक्ष कुबेर देव के पास बहुत धन-संपत्ति थी। कुबेर को अपनी धन-दौलत पर घमंड हो गया। एक दिन कुबेर घमंड के साथ ही शिव जी के पास पहुंच गए और शिव जी से कहा कि मैं आपको अपने महल में खाने के लिए आमंत्रण देने आया हूं। शिव जी ने सोचा कि कुबेर देव का घमंड दूर करना चाहिए। उन्होंने कहा कि मैं तो नहीं आ सकता, लेकिन आप गणेश को ले जाइए और ध्यान रखना गणेश खाने में जल्दी तृप्त नहीं होते हैं। कुबेर देव को अहंकार तो था ही, उन्होंने कह दिया कि मैं तो सभी को भोजन करा सकता हूं तो गणेश जी को भी तृप्त कर सकता हूं। शिव जी गणेश जी को कुबेर देव के यहां भोजन करने भेज दिया। गणेश जी कुबेर देव के महल पहुंच गए। कुबेर देव ने गणेश जी के लिए बहुत सारा खाना बनवाया और गणेश जी को खाना परोसना शुरू कर दिया। गणेश जी लगातार खाते ही जा रहे थे, लेकिन उनका पेट नहीं भर रहा था। गणेश जी तृप्त नहीं हुए, लेकिन कुबेर देव के यहां का अन्न का भंडार खाली हो गया। गणेश जी को और भूख लग रही थी। कुबेर देव निराश होकर तुरंत ही शिव जी के पास पहुंचे और पूरी बात बता दी। कुछ ही देर में गणेश जी भी शिव जी के पास पहुंच गए। शिव जी ने देवी पार्वती से गणेश जी के खाने के लिए कुछ लाने को कहा। पार्वती जी तुरंत ही खाना ले आईं। देवी पार्वती के हाथ का बना खाना खाकर गणेश जी शांत हो गए। ये देखकर कुबेर देव को अपनी गलती समझ आ गई। कुबेर ने शिव जी से क्षमा मांगी और घमंड न करने का संकल्प लिया।

## सटाका




## आज की पाती

### आपदा में भविष्यवक्ता क्यों हो जाते हैं विफल

वो जो कहते हैं, 'ऊपर वाले से सीधा संपर्क है', उनका नेटवर्क अचानक उस समय क्यों डाउन हो जाता है जब कोई भयंकर आपदा, ट्रेन हादसा, प्लेन क्रैश या भूकंप आता है। क्या उनकी ज्योतिषीय सेटिंग में कोई सर्वर एरर आ जाता है या फिर 'अदृश्य शक्ति' भी क्योशन बोर्ड लगाकर छुट्टी पर चली जाती है? यह प्रश्न अब मजाक नहीं, बल्कि गंभीर सामाजिक विमर्श का विषय बन चुका है। आज जब कोई गंभीर संकट आता है, तो सबसे पहले न्यूज चैनल, वैज्ञानिक एजेंसियां या रेस्क्यू टीमें सक्रिय होती हैं- न कि वो बाबा जिनका दावा है कि वे भविष्य देख सकते हैं, या ईश्वर से सीधी बातचीत करते हैं।

- किशन महोबिया, दुर्ग

## ट्रेंड

### अधिकारों के लिए लड़ें



भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत केंद्र सरकार संविधान से धर्मनिरपेक्ष और समाजवाद को हटाने का प्रयास कर रही है। देश के दलितों, आदिवासियों और युवाओं को भाजपा शासन में अपने अधिकारों के लिए लड़ना सीखना होगा।

-मल्लिकार्जुन खरगे, कांग्रेस अध्यक्ष

### थरूर स्पष्ट रास्ता चुनें



अगर शशि थरूर कांग्रेस के भीतर लाचार महसूस करते हैं तो उन्हें स्पष्ट राजनीतिक रास्ता चुनना चाहिए। उनके सामने दो रास्ते हैं। अगर किसी मुद्दे पर मतभेद हैं तो पार्टी के भीतर उन्हें व्यक्त करने की गुंजाइश है। नहीं तो उन्हें अपनी पसंद का राजनीतिक मार्ग चुनना चाहिए।

-के. मुरलीधरन, कांग्रेस नेता

### खुद को निखारने पर ध्यान



मेरा ध्यान बॉक्स ऑफिस पर सफलता से अधिक एक कलाकार के तौर पर खुद को निखारने पर है। जब दर्शक आपकी फिल्म पर एक खास तरह से प्रतिक्रिया देते हैं, तो इससे आपको एक विचार, एक नजरिया मिलता है, जो मददगार हो सकता है।

-मानुषी छिल्लर, अभिनेत्री

### श्री का किरदार चुनौतीपूर्ण



शांति का श्री श्री रविशंकर का तरीका, उन्होंने दुनिया को व्यापक पैमाने पर कैसे प्रभावित किया, उनके जीवन के उस अध्याय को बताना, उनका किरदार निभाना चुनौतीपूर्ण है। मैं बहुत घबराया हुआ हूं।

-विक्रांत मैसी, अभिनेता

## करंट अफेयर

# जापानी लड़ाकू विमानों के करीब चीन न उड़ाए विमान


जापान ने चीन से कहा है कि वह अपने लड़ाकू विमानों को जापानी टोही विमानों के करीब उड़ाना बंद करे। जापान के अनुसार चीन लगातार ऐसा कर रहा है और इससे टकराव हो सकता है। जापान के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि बुधवार और बृहस्पतिवार को चीनी 'जेएच-7' लड़ाकू-बमवर्षक विमान ने जापान 'एयर सेल्फ-डिफेंस फोर्स' के 'वाईएस-11ईबी' 'इलेक्ट्रॉनिक-इंटेलिजेंस विमान' के पास से उड़ान भरी। मंत्रालय ने कहा कि यह घटना पूर्वी चीन सागर के ऊपर हुई, हालांकि यह जापानी हवाई क्षेत्र नहीं था और इससे जापानी पक्ष को कोई नुकसान भी नहीं हुआ। चीन ने इस पर तत्काल कोई टिप्पणी नहीं की। इससे पहले, चीन ने आरोप लगाया था कि जापानी विमान उसके विमान के करीब से उड़ान भर रहे हैं और चीन की सैन्य गतिविधियों पर नजर रख रहे हैं तथा उसने जापान से इन गतिविधियों को बंद करने को कहा था। जापान के विदेश मंत्रालय ने बृहस्पतिवार देर रात जारी एक बयान में कहा कि उप मंत्री ताकेहिरो फुनाकोशी ने जापान में मौजूद चीनी राजदूत वू जियांगहाओ के समक्ष ''गंभीर चिंता'' व्यक्त की और चीन से ऐसी गतिविधि को रोकने का कहा। बयान के अनुसार जापान ने कहा कि चीन की इस तरह की कार्रवाई 'टकराव भड़का सकती है', साथ ही चीन से यह भी सुनिश्चित करने का आग्रह किया कि ऐसी कार्रवाइयां दोबारा नहीं हों।



## ऑफ बीट

# मौसम के बदलाव से भी होता है माइग्रेन का दर्द

अगर आप अमेरिका में माइग्रेन से पीड़ित 3 .9 करोड़ अमेरिकियों में से एक हैं, तो मौसम बदलने पर तेज़ सिरदर्द शुरू होने की पूरी संभावना है। आप अकेले नहीं हैं। अध्ययनों से पता चलता है कि माइग्रेन से पीड़ित 30 से 50 प्रतिशत लोग किसी न किसी तरह के मौसम परिवर्तन को माइग्रेन का कारण मानते हैं, जिससे यह माइग्रेन की सबसे आम वजह बन जाती है। कोलोराडो में मौसम में लगातार बदलाव होते रहते हैं। कोलोराडो के एक न्यूरोलॉजिस्ट और सिरदर्द विशेषज्ञ के रूप में मरीज अक्सर मुझे बताते हैं कि मौसम उनके माइग्रेन शुरू होने की सबसे बड़ी वजहों में से एक है। इसके परिणाम कामकाज, पढ़ाई और सामाजिक योजनाओं को बाधित कर सकते हैं और असहायता की भावना पैदा कर सकते हैं। चिकित्सक अब भी पूरी तरह से समझ नहीं पाए हैं कि मस्तिष्क पर्यावरणीय परिवर्तनों के प्रति अधिक संवेदनशील क्यों होते हैं। हम यह जानते हैं कि माइग्रेन से पीड़ित लोगों का तंत्रिका तंत्र विशेष रूप से संवेदनशील होता है, और कुछ पर्यावरणीय परिवर्तन, जैसे वायुदाब, तापमान, आर्द्रता और वायु गुणवत्ता में बदलाव मस्तिष्क में उन कारकों को सक्रिय कर सकते हैं जो दर्द का कारण बनते हैं।



## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com
पर भेज सकते हैं।

जेपीसी की बैठक में पूर्व सीजेआई चंद्रचूड़ की दो टूक

# चुनाव आयोग को 'बेलगाम ताकत' नहीं दी जा सकती



एक देश-एक चुनाव पर 129वें संशोधन बिल के लिए ज्वाइंट पार्लियामेंट्री कमेटी की बैठक में पूर्व सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ और जस्टिस जेएस खेहर ने चुनाव आयोग को अनियंत्रित शक्तियां न देने की बात कही। उन्होंने निर्वाचित सरकार का पांच साल का कार्यकाल सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया। पीपी चौधरी ने कहा कि जरूरत पड़ी तो विधेयक में संशोधन किया जाएगा।

**खास बातें**

- 129 वें संशोधन बिल पर ज्वॉइंट पार्लियामेंट्री कमेटी (जेपीसी) की बैठक में कहा
- ईसी की शक्तियों पर बैठक में किया विचार विमर्श



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

एक देश-एक चुनाव (वन नेशन वन इलेक्शन) के लिए 129 वें संशोधन बिल पर ज्वाइंट पार्लियामेंट्री कमेटी (जेपीसी) की बैठक शुक्रवार संसद भवन में हुई। इस मीटिंग में पूर्व चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया डीवाई चंद्रचूड़ और जस्टिस जगदीश सिंह खेहर ने भी हिस्सा लिया। उन्होंने बैठक के दौरान अपनी बातें भी रखी। दोनों पूर्व सीजेआई ने इस बात पर जोर दिया कि भारत के चुनाव आयोग को एक राष्ट्र, एक चुनाव प्रणाली को लागू करने में अनियंत्रित शक्तियां नहीं दी जानी चाहिए।

## दोनों ने निगरानी तंत्र की बताई आवश्यकता

इससे पहले पूर्व मुख्य न्यायाधीश रंजन गोगोई ने भी प्रस्तावित संविधान संशोधन कानून में



चुनाव निकाय को दी गई व्यापक शक्तियों पर सवाल उठाया था। डीवाई चंद्रचूड़ और जेएस खेहर ने संसदीय समिति को सुझाव दिया कि चुनावों के संचालन पर एक निगरानी तंत्र होना चाहिए।

### निर्वाचित सरकार का 5 साल का कार्यकाल जरूरी

न्यायाधीशों में से एक ने यह भी कहा कि निर्वाचित सरकार का पांच साल का कार्यकाल सुशासन के लिए महत्वपूर्ण है। इसे (पांच साल के कार्यकाल को) किसी भी परिस्थिति में कम नहीं किया जाना चाहिए। संविधान (एक सौ उनतीस वां संशोधन) विधेयक, 2024 और केंद्र शासित प्रदेश कानून (संशोधन) विधेयक, 2024 पर संसद की संयुक्त समिति जांच कर रही है।

## समिति अध्यक्ष चौधरी कर रहे न्यायविदों और कानूनी विशेषज्ञों से बात

भाजपा सांसद पीपी चौधरी की अध्यक्षता वाली संसद की संयुक्त समिति, विधेयक पर अपनी



सिफारिशें तैयार करने के लिए न्यायविदों और कानूनी विशेषज्ञों से बात कर रही है, जिसका उद्देश्य राज्यों में विधानसभाओं और संसद के चुनाव एक साथ कराना है।

### विधेयक में संशोधन की जरूरत पड़ी तो करेंगे: चौधरी

पूर्व मुख्य न्यायाधीशों के सुझावों पर पीपी चौधरी ने कहा कि जहां तक चुनाव आयोग के प्रावधान का सवाल है, अगर हमें लगता है कि विधेयक में संशोधन की जरूरत है तो हम इसमें संशोधन करेंगे। उन्होंने आगे कहा कि हम राष्ट्रीय हित में संशोधन करने के बाद ही संसद को अपनी रिपोर्ट भेजेंगे।उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि एक राष्ट्र, एक चुनाव प्रणाली राष्ट्र निर्माण के लिए आवश्यक है। चौधरी यह भी कहा कि ये महत्वपूर्ण है कि विधेयक की संवैधानिकता बरकरार रहे ताकि यह व्यवस्था अगले सैकड़ों वर्षों तक जारी रहे।

---

**खबर संक्षेप**

### मराठों की 2 मांगों पर अब जरांगे करेंगे मुंबई मार्च




**मुंबई।** महाराष्ट्र में मराठा आरक्षण के लिए आंदोलन चला रहे मनोज जरांगे पाटील ने फिर से मराठा समुदाय के लिए ओबीसी श्रेणी में आरक्षण और 'सगे-संबंधी लाभ' के लिए अध्यादेश लाने की 2 प्रमुख मांगों को ध्यान में रखते हुए 29 अगस्त को महाराष्ट्र मंत्रालय तक मार्च निकालने की घोषणा की है। जरांगे ने 'चावड़ी सभा' में यह बात कही है।

### सीएम बनने को बेताब शिंदे भाजपा में जाएंगे



**मुंबई।** शिवसेना (उबाठा) नेता संजय राउत ने महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के दिल्ली दौरे पर तंज कसते हुए कहा कि वे सीएम बनने को इतने बेताब हैं कि उन्होंने शिवसेना का भाजपा में विलय करने की पेशकश कर दी है। राउत ने दावा किया कि शिंदे ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात के दौरान सीएम देवेंद्र फडणवीस की शिकायत की थी।

### भूकंप के हल्के झटकों से हिली दिल्ली



**नई दिल्ली।** एक बार फिर भूकंप के झटकों से दिल्ली-एनसीआर की धरती हिल उठी। ये झटके दिल्ली, गुड़गांव, नोएडा के अलावा हरियाणा में भी महसूस हुए। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 3.7 मापी गई है। गुरुवार को भी झटके महसूस हुए थे। नेशनल सेंटर फॉर सिस्मोलॉजी के मुताबिक भूकंप का केंद्र हरियाणा के झज्जर में जमीन से 10 किमी की गहराई पर था।

### बोर खनन वाहन खाई में गिरा, 5 की मौत



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के कबीरधाम जिले में बोर खनन वाहन के खाई में गिरने से 5 लोगों की मौत हो गई और चार अन्य लोग घायल हो गए।बताया जा रहा कबीरधाम जिले के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र सिंह बघेल ने बताया कि यह दुर्घटना कुकदुर थानाक्षेत्र के चाटा गांव में तड़के उस समय हुई, जब वाहन पड़ोसी राज्य मध्यप्रदेश से छत्तीसगढ़ की ओर आ रहा था।

### बिलासपुर में बस खाई में गिरी, 30 घायल



**बिलासपुर।** हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर जिले में नम्होल चौक के पास शुक्रवार तड़के एक बस के गहरी खाई में गिर जाने से 30 से अधिक यात्री घायल हो गए, जिनमें 7की स्थिति गंभीर है। पुलिस ने बताया कि बस में 36 लोग सवार थे। बताया जा रहा है कि यह पंजाब के नूरमहल से दरलाघाट वापस जा रही थी, तभी चालक ने नियंत्रण खो दिया।

---

महाराष्ट्र में विशेष सार्वजनिक सुरक्षा विधेयक को मिली मंजूरी

# चरमपंथी समूहों पर पूरी तरह से लगाएंगे नकेल, अवैध संगठन किए जाएंगे 'बैन'

ये संगठन अन्य राज्यों में पहले से प्रतिबंधित हैं। उन्होंने इसके दुरुपयोग की आशंकाओं को दूर करने का भी प्रयास किया जाएगा। पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने विधान परिषद में समर्थन किया

एजेंसी ▶▶ मुंबई

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने वामपंथी उग्रवादी संगठनों की गतिविधियों पर अंकुश लगाने संबंधी विधेयक को विधानमंडल के दोनों सदनों की मंजूरी मिलने की सराहना करते हुए कहा कि राज्य में सक्रिय ऐसे समूहों पर नकेल कसने के लिए यह आवश्यक था।उनके अनुसार ये संगठन अन्य राज्यों में पहले से प्रतिबंधित हैं। उन्होंने इसके दुरुपयोग की आशंकाओं को दूर करने का भी प्रयास किया। दूसरी ओर पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने विधान परिषद में तो इस विधेयक का समर्थन किया, लेकिन सदन से बाहर पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि यह सार्वजनिक सुरक्षा नहीं भाजपा सुरक्षा विधेयक है। फडणवीस ने शुक्रवार को इस कानून के दुरुपयोग की आशंकाओं को दूर करने का प्रयास करते हुए बताया कि कम से कम छह ऐसे संगठन हैं जो अन्य राज्यों में प्रतिबंधित हैं, लेकिन महाराष्ट्र में अभी भी सक्रिय हैं। उनके अनुसार इन संगठनों से निपटने के लिए 'विशेष सार्वजनिक सुरक्षा विधेयक' में पर्याप्त कानूनी सुरक्षा उपाय शामिल हैं।

### अभी भी 6 प्रतिबंधित संगठन कर रहे काम

**मुख्यमंत्री फडणवीस ने इसे बताया अति आवश्यक**

अब पर्याप्त कानूनी सुरक्षा होगी

#### शहरी नक्सलवाद और परोक्ष उग्रवाद पर लगेगा अंकुश



गृह विभाग का भी प्रभार संभाल रहे मुख्यमंत्री ने विशेष विधेयक की आवश्यकता पर बल दिया, जो शहरी नक्सलवाद और परोक्ष उग्रवाद पर अंकुश लगाने पर केंद्रित है, और उन्होंने उग्रवादी संगठनों से निपटने में गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम और महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम (मकोका) जैसे कड़े कानूनों की सीमाओं के बारे में भी बताया।

**महाराष्ट्र में 64 माओवादी संगठन कार्यरत**

महाराष्ट्र विधानमंडल के दोनों सदनों में इस विधेयक के पारित हो जाने के बाद मुख्यमंत्री ने कहा कि महाराष्ट्र में 64 माओवादी संगठन कार्यरत हैं, जिनमें से 6 को पहले से ही इसी तरह के कानूनों के तहत अन्य राज्यों में प्रतिबंधित किया गया है। यह विधेयक सरकार को उन संगठनों के खिलाफ कार्रवाई करने का अधिकार देगा जो डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर द्वारा तैयार संवैधानिक ढांचे को चुनौती दे रहे हैं।

#### अब इन पर होगी कानूनी कार्रवाई

फडणवीस ने कहा कि मुझे खुशी है कि किसी ने भी विधेयक का सीधे तौर पर विरोध नहीं किया। कई सुझाव आए और उनमें से कई को शामिल कर लिया गया है। मुख्यमंत्री ने गुरुवार को विधानसभा में बोलते हुए कहा था कि यह विधेयक कुछ ऐसे संगठनों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए कानूनी ढांचा प्रदान करता है जो खुद को संवैधानिक और लोकतांत्रिक बताने के बावजूद संविधान को अस्वीकार करना चाहते हैं। केंद्र ने नक्सल गतिविधियों से प्रभावित सभी राज्यों से ऐसा कानून पारित करने को कहा है।

मंत्री बावनकुले का बड़ा ऐलान

## धर्मांतरण रोकने के लिए कड़ा कानून बनेगा, अवैध गिरजाघरों पर चलेगा बुलडोजर



महाराष्ट्र में भाजपा अब धर्मांतरण के मुद्दे पर कड़ा रुख अपनाएगी। भाजपा महाराष्ट्र के पूर्व अध्यक्ष और राज्य के राजस्व मंत्री चंद्रशेखकर बावनकुले ने विधानसभा में बड़ा ऐलान कर दिया। उन्होंने कहा कि राज्य में धर्मांतरण रोकने के लिए राज्य सरकार सख्त कानून बनाएगी। विधायक अनुपभैया अग्रवाल, अतुल भातखलकर सहित अन्य विधायकों ने राज्य में धर्मांतरण रोकने से संबंधित प्रश्न पूछा। उनके प्रश्नों का उत्तर देते हुए राजस्व मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले ने कहा कि राज्य में धर्मांतरण रोकने के लिए एक कड़ा कानून बनाया जाएगा।

#### अनधिकृत ढांचे गिराए जाएंगे

बावनकुले ने कहा कि कहा कि कड़े प्रावधानों के साथ धर्मांतरण-रोधी कानून कैसे लाया जाए। उन्होंने सदन में कहा कि धुले-नंदुरबार के संभागीय आयुक्त को क्षेत्र में अनधिकृत गिरजाघरों की जांच करने और उन्हें छह महीने में ध्वस्त करने का निर्देश दिया है। इस पर बीजेपी के विधायक अतुल भातखलकर ने पूछा कि जब पहले से ही पता है कि गैरकानूनी है तो छह महीने का समय क्यों दिया जा रहा है ? तत्काल अनधिकृत धार्मिक ढांचों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई की जानी चाहिए। अब राज्य में अवैद गतिविधियां नहीं चल सकेंगी।

#### आदिवासी बेल्ट में धर्मांतरण

बावनकुले ने कहा कि कार्रवाई करने से पहले शिकायतों की जांच आवश्यक है। भाजपा के ही विधायक संजय कुटे ने कहा कि धर्मांतरण केवल नंदुरबार में ही नहीं, बल्कि पूरे राज्य के आदिवासी इलाकों में हो रहा है। अग्रवाल ने दावा किया कि नवापुर (धुले जिला) में आदिवासियों और गैर-आदिवासियों को ईसाई धर्म अपनाने के लिए लालच दिया जा रहा है। महाराष्ट्र के पड़ोसी राज्य गुजरात ने दिवंगत सीएम विजय रूपाणी के कार्यकाल में धर्मांतरण रोधी कानून बनाया था।

---

भुवनेश्वर में राहुल का भाजपा पर हमला

# ओडिशा में 40,000 महिलाएं गायब हुईं, वोट चोरी हो रहे



एजेंसी ▶▶ भुवनेश्वर

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने भुवनेश्वर के बारामुंडा मैदान में एक विशाल रैली 'संविधान बचाओ समावेश' को संबोधित किया। इस दौरान राहुल ने कहा कि ओडिशा में 40,000 से ज्यादा महिलाएं गायब हो गई हैं। आज तक नहीं मालूम कि ये महिलाएं कहां पर गईं? महिलाओं के खिलाफ हर रोज यहां पर अत्याचार होता है। यहां की सरकार को इससे कोई लेना-देना नहीं है। ओडिशा सरकार का एक ही काम है कि राज्य के गरीब लोगों के हाथों से ओडिशा का धन चुराना। पहले बीजेडी सरकार ने यही किया और अब भाजपा सरकार यही कर रही है। केवल कांग्रेस कार्यकर्ता, ओडिशा की जनता के साथ मिलकर, इस लड़ाई को जीत सकते हैं, कोई और नहीं। राहुल ने कहा कि बिहार में मतदाता सूची विशेष पुनरीक्षण पर निशाना साधते हुए राहुल ने कहा कि भाजपा महाराष्ट्र की तरह अब बिहार में चुनाव को चोरी करने की साजिश कर रही है।

### तो फिर भाजपा सब छीन लेगी खरगे ने कहा

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सम्मेलन में कहा कि अगर दलित और आदिवासी समुदाय अपने अधिकारों के लिए संघर्ष



करना नहीं सीखेंगे, तो भाजपा उनकी हर चीज छीन लेगी। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार देश के संविधान से 'धर्मनिरपेक्षता' और 'समाजवाद' जैसे मूल शब्दों को हटाने की कोशिश में जुटी है। ओडिशा में भाजपा समर्थक दलितों और सरकारी अधिकारियों पर हमले कर रहे हैं। उन्होंने लोगों को चेताया कि अगर समय रहते दलितों, आदिवासियों और वंचितों ने आवाज नहीं उठाई, तो उनके वोट और अधिकार दोनों खत्म कर दिए जाएंगे।

### कांग्रेस की मांग बेमतलब: अमित



कांग्रेस की आधार और वोटर कार्ड को लिंक कराने की मांग पर भाजपा ने कहा कि यह कांग्रेस का बेशर्मी से भरा पलटवार है। जब 2021 में भाजपा संसद में यह प्रस्ताव लेकर आई तो कांग्रेस ने इसका विरोध किया था। अब कांग्रेस वही मांग कर रही है। भाजपा नेता अमित मालवीय ने एक्स पर आधार को वोटर आईडी से जोड़ने के केंद्र के प्रस्ताव के खिलाफ 2021 में संसद में कांग्रेस के विरोध प्रदर्शन को याद किया और कहा कि अब कांग्रेस भी यही चाहती है।

---

तेलंगाना के उपमुख्यमंत्री मल्लू और एससी विभाग के अध्यक्ष राजेंद्र ने लगाए आरोप

# वेमुला की आत्महत्या मामले में आरोपी रामचंदर को तेलंगाना भाजपा अध्यक्ष नियुक्त करने पर उठे सवाल

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस ने हैदराबाद विश्वविद्यालय के दलित छात्र रोहित वेमुला की आत्महत्या के मामले में आरोपी एन रामचंदर राव को तेलंगाना भाजपा अध्यक्ष नियुक्त किए जाने की कड़ी आलोचना की है। इंदिरा भवन स्थित कांग्रेस मुख्यालय में तेलंगाना के उपमुख्यमंत्री मल्लू भट्टी विक्रमार्क और पार्टी के एससी विभाग के अध्यक्ष राजेंद्र पाल गौतम ने पत्रकार वार्ता करते हुए कहा कि भाजपा दलित, आदिवासी, पिछड़े और अल्पसंख्यक समुदायों के उत्पीड़न में शामिल लोगों को संरक्षण देती है। गौतम ने अपराधियों को संरक्षण देने की भाजपा की नीति पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि 2014 के बाद से भारत में एक नया माहौल बन रहा है, जहां उत्पीड़न करने वालों को भाजपा का समर्थन मिल रहा है। 2016 में हैदराबाद केंद्रीय विश्वविद्यालय के छात्रवेमुला की आत्महत्या के मामले का उल्लेख



करते हुए उन्होंने बताया कि 7महीने तक उसका वजीफा रोका गया, जो पहले से कर्ज का बोझ झेल रहे रोहित के लिए बड़ी परेशानी का सबब बन गया। विश्वविद्यालय प्रशासन ने उन्हें और उनके साथियों को बहुत प्रताड़ित किया। एबीवीपी नेता एम सुशील कुमार ने झूठा मुकदमा दर्ज कराया और तत्कालीन केंद्रीय मंत्री बंडारू दत्तात्रेय, तत्कालीन शिक्षा मंत्री स्मृति ईरानी, भाजपा एमएलसी राव ने विश्वविद्यालय प्रशासन पर दबाव बनाकर रोहित व उनके साथियों को दंड दिलवाया।

#### आरोपी को पुरस्कृत किया

गौतम ने बताया कि भाजपा सरकार ने रोहित की आत्महत्या के आरोपियों को पुरस्कृत करते हुए दत्तात्रेय को हरियाणा का राज्यपाल, सुशील कुमार को दिल्ली विवि में असिस्टेंट प्रोफेसर और अब राव को तेलंगाना भाजपा का अध्यक्ष बना दिया गया। उन्होंने एम्स और सफदरजंग अस्पताल में दलित और आदिवासी छात्रों के साथ किए गए अन्याय का भी उल्लेख किया, जहां उन्हें अनुचित तरीके से फेल किया गया था। कांग्रेस ने रायपुर अधिवेशन में रोहित वेमुला एक्ट लाने का प्रस्ताव पास किया। यह एक्ट एससी, एसटी, ओबीसी और अल्पसंख्यक छात्रों के लिए विश्वविद्यालयों में सुरक्षित माहौल, काउंसलिंग और शिकायत निवारण तंत्र सुनिश्चित करेगा।

### चिराग को मिली जान से मारने की धमकी



**नई दिल्ली।** लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह केन्द्रीय मंत्री चिराग पासवान को सोशल मीडिया के माध्यम से जान से मारने की धमकी मिली है। मुख्य प्रवक्ता बिहार प्रदेश राजेश भट्ट ने इसको लेकर साइबर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराया है। सोशल मिडिया के माध्यम से टाइगर मेराज इदिसी के नाम से बने इंस्टाग्रामअकाउंट से एक महिला यूट्यूबर पत्रकार के इंस्टा ग्राम अकाउंट पर चिराग पासवान को बम से उड़ाकर जान से मारने की धमकी दी गई है।

### जय बाबा अमरनाथ



**जम्मू।** जम्मू के राम मंदिर आधार शिविर से शुक्रवार को वार्षिक अमरनाथ यात्रा के लिए रवाना होते समय तीर्थयात्री धार्मिक नारे लगाते हुए।

---

आयकर विभाग ने मंत्री शिरसाट को भेजा नोटिस

# बेडरूम में कैसे पहुंचा पैसों से भरा बैग? स्पष्टीकरण पेश करें

एजेंसी ▶▶ मुंबई

आयकर विभाग ने सामाजिक न्याय मंत्री और एकनाथ शिंदे गुट के नेता संजय शिरसाट को नोटिस भेजा है। शिरसाट ने संभाजीनगर में एक सार्वजनिक कार्यक्रम में इस बारे में सीधा खुलासा किया। चुनाव के दौरान हलफनामे में घोषित संपत्ति में भारी अंतर पाए जाने के बाद आयकर विभाग ने इस पर स्पष्टीकरण मांगा है। छत्रपति संभाजीनगर स्थित विट्स होटल मामले में मंत्री संजय शिरसाट की मुश्किलें बढ़ गई हैं। शिरसाट को आयकर विभाग से सीधा नोटिस मिला है, जो शिंदे गुट के लिए बड़ा झटका है।

### छत्रपति संभाजीनगर स्थित विट्स होटल मामले में सियासत गरमाई



#### राउत के बयान पर समय बर्बाद नहीं करना चाहिए: शिरसाट

शिरसाट ने कहा कि संजय राउत ने आज भी भौंकने का काम किया है। हर समय सिर्फ एकनाथ शिंदे दिखते हैं। राउत ने अपने मन की सारी भड़ास निकाल ही दी। हमें उन्हें अस्पताल ले जाना चाहिए? मुझे लगता है बेवकूफ इंसान पर समय बर्बाद नहीं करें।

**पैसे नहीं थे, वे कपड़े थे**

शिरसाट ने दावा करते हुए कहा कि बैग में पैसे नहीं थे, वो कपड़े थे। पहले भी एक बार कहा गया था कि शिंदे के सुरक्षारक्षकों के बैग में पैसे थे। ऐसे लोगों को कपड़े रखने के लिए बैग की जरूरत नहीं होती, उन्हें सिर्फ पैसों की बैग चाहिए होती है। वह बैग मेरे सफर से लौटने के बाद रखी गई थी। हमारे पास मातोश्री जैसा कोई बंगला नहीं है।

#### उधर, थप्पड़बाज गायकवाड़ पर मामला दर्ज

**फडणवीस बोले- जांच होगी**

एमएलए हॉस्टल की कैंटीन में शिवसेना विधायक के कैंटीन कर्मचारी से मारपीट



मामले में मुंबई पुलिस ने शिवसेना विधायक संजय गायकवाड़ के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। सीएम देवेंद्र फडणवीस ने भी कहा कि घटना की जांच शुरू करने के लिए पुलिस को औपचारिक शिकायत का इंतजार करने की कोई जरूरत नहीं है। जांच करनी चाहिए।

राजभाषा विभाग के कार्यक्रम में बोले रेड्डी

# हिंदी बोलना मातृभाषा का अपमान नहीं, भाषाएं अनेक पर हम 'एक'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



केंद्रीय कोयला एवं खनन मंत्री जी. किशन रेड्डी ने शुक्रवार को कहा कि कभी-कभी होने वाले हिंदी विरोधी आंदोलन बड़े पैमाने पर 'राजनीति से प्रेरित' होते हैं और हिंदी बोलने को किसी की मातृभाषा के अपमान के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए। केंद्र सरकार के राजभाषा विभाग द्वारा उसकी स्वर्ण जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित 'दक्षिण संवाद' को संबोधित करते हुए रेड्डी ने इस बात पर जोर दिया कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है, जो किसी एक भाषा से नहीं बल्कि साझा आदर्शों और राष्ट्रीय प्रतिबद्धता से एकजुट है। उन्होंने कहा कि जो लोग हिंदी के खिलाफ आंदोलन करते हैं, वह भाषा से जुड़ा आंदोलन नहीं है। यह राजनीतिक आंदोलन है। यह वोट बैंक की राजनीति है। हम हिंदी में बात करने की कोशिश करते हैं। इससे संवाद में मदद मिलती है।

रक्षामंत्री की अध्यक्षता में हुई कोर के पूर्व छात्रसंघ की शासी परिषद की पहली बैठक

# एनसीसी के मौजूदा और पूर्व कैडेटों की राष्ट्र निर्माण में बढ़ेगी भागीदारी: राजनाथ सिंह

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में शुक्रवार को साउथ ब्लॉक में राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) के पूर्व छात्र संघ यानी एनसीसीएए की शासी परिषद की पहली बैठक हुई। जिसमें यह निर्णय लिया गया कि दुनिया के सबसे बड़े वर्दीधारी युवा संगठन एनसीसी के मौजूदा और पूर्व कैडेटों की राष्ट्र निर्माण में भागीदारी को बढ़ाने के लिए सभी को एक छतरी के नीचे लाया जाना चाहिए।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एनसीसी के इस पूर्व छात्रसंघ के पहले सदस्य हैं। जबकि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने दूसरे पूर्व छात्र के रूप में एनसीसीएए में अपना पंजीकरण किया है। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान जारी कर यह जानकारी दी। बैठक में भारतीय जनता पार्टी सांसद मनोज तिवारी, रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह, शिक्षा सचिव संजय कुमार, युवा मामलों के विभाग के सचिव डॉ.पल्लवी जैन गोविल, रक्षा मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव श्रीमती दीप्ति चावला, एनसीसी के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल गुरबीर पाल सिंह शामिल हुए।

### मजबूत भारत के स्तंभ हैं पूर्व कैडेट

रक्षा मंत्री ने बैठक को संबोधित करते हुए जहां एक ओर एनसीसी को एक ऐसा शानदार मंच बताया जो देश के युवाओं के लिए आदर्श प्रस्तुत करता है। उन्होंने कोर के पूर्व कैडेटों को भारत के मजबूत स्तंभ के रूप में परिभाषित किया और कहा कि वे अलग-अलग क्षेत्रों में देश के विकास में निष्क्रियता नहीं बल्कि पूरी सक्रियता के साथ अपना योगदान दे रहे हैं। उन्होंने राष्ट्र के विकास के लक्ष्य को आगे बढ़ाने के लिए पूर्व कैडेटों की सलाह को शामिल करने की आवश्यकता पर जोर दिया। साथ ही एनसीसीएए पर भरोसा जताते हुए कहा कि यह एनसीसी को एक नई ऊर्जा और दिशा प्रदान करेगा।

### *एनसीसी प्लस के जरिए पहुंचता संदेश*

*राजनाथ सिंह ने ये भी कहा कि एनसीसी को अपने कैडेटों के मूल्यों और गुणों को समाज के बड़े तबके तक 'एनसीसी प्लस' की भावना के साथ पहुंचाना चाहिए। कोर यह काम बहुत अच्छी तरह से कर सकती है। हमारी कोशिश और प्रयास होना चाहिए कि ये मूल्य और गुण उन लोगों तक पहुंचे जो एनसीसी से अब तक नहीं जुड़ पाए हैं। एनसीसीएए सक्रियता के साथ राष्ट्र निर्माण से जुड़ी गतिविधियों और कार्यक्रमों जैसे एक भारत, श्रेष्ठ भारत, स्वच्छता अभियान व कई अन्य सामुदायिक विकास कार्यक्रम और सामाजिक सेवा योजनाओं में भागीदारी कर रही है। यह तमाम गतिविधियां और योजनाएं आबादी को विस्तृत पैमाने पर प्रभावित करती हैं।*

### *एनसीसी के योगदान की प्रशंसा की*

*उन्होंने युवाओं के बहुमुखी विकास के लिए एनसीसी के सराहनीय योगदान की सराहना की और कहा कि यह अपने आदर्श वाक्य से जुड़ी सच्ची भावना एकता और अनुशासन से पूरी तरह से मेल खाता है। कोर पूरी तरह से भारत की एकता और राष्ट्र-निर्माण को लेकर प्रतिबद्ध है। उसने लाखों युवाओं की मदद की है। जिसमें सुदूर इलाकों में रहने वाले छात्र भी शामिल हैं। एनसीसी की मदद से वे भी अनुशासित और प्रेरित हुए हैं।*

## खबर संक्षेप

### देहरादून में 125 किलो विस्फोटक मिला, 3 काबू



**देहरादून।** देहरादून में 125 किलो विस्फोटक मिलने से हड़कंप मच गया। मामले में हिमाचल के तीन व्यक्ति गिरफ्तार किए गए हैं। त्यूणी पुलिस द्वारा चेकिंग के दौरान एक ऑल्टो कार को चेक किया गया तो वाहन में 5 पेटी डायनामाइट कुल वजन 125 किलो बरामद हुआ। वाहन सवार व्यक्तियों से उक्त विस्फोटक पदार्थ को परिवहन करने के संबंध में आवश्यक दस्तावेज मांगे गए, जो दिखा नहीं पाए। अवैध विस्फोटक पदार्थ की बरामदगी पर थाना त्यूनी ने रिंकू, रोहित, सुनील पर केस दर्ज किया।

### आरोपी पिता को पुलिस रिमांड पर भेजा गया



**गुरुग्राम।** गुरुग्राम के सेक्टर-57 के सुशांतलोक-2 में गुरुवार की सुबह करीब 11.30 बजे महिला टेनिस खिलाड़ी को उसके पिता ने तीन गोली मारकर हत्या कर दी। टेनिस खिलाड़ी के अकेडमी चलाने पर नाराजगी के चलते पिता ने लाइसेंसी रिवॉल्वर से उसी पीठ में गोली मार दी। राधिका यादव को एक निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी पिता को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। जहां से कोर्ट ने आरोपी को एक दिन की पुलिस रिमांड पर भेज दिया है।

ऑपरेशन सिंदूर को लेकर पहली बार बोले एनएसए अजित डोभाल

*ये भी कहा हमें पता था कि कौन कहां है!*

# हमने पाक में घुसकर नौ ठिकानों को उड़ाया, एक भी नहीं चूका, हमें गर्व है

एजेंसी ⏭ चेन्नई

आईआईटी मद्रास में आयोजित एक कार्यक्रम में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजित डोभाल ने 'ऑपरेशन सिंदूर' को लेकर विदेशी मीडिया की रिपोर्टिंग पर कड़ी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि कई विदेशी समाचार एजेंसियों ने भारत को लेकर भ्रामक और तथ्यहीन जानकारी प्रकाशित की है। उन्होंने कहा कि भारत का ऑपरेशन बेहद ही सफल रहा। हमने पाकिस्तान में नौ ठिकानों को निशाना बनाया था।

इसमें से एक भी नहीं चूका। हमें इस बात पर गर्व है। एनएसए डोभाल ने कहा कि विदेशी प्रेस ने कहा कि पाकिस्तान ने यह किया, वो किया... आप मुझे एक भी फोटो या सबूत दिखाइए जिसमें भारत में किसी इमारत को नुकसान हुआ हो, एक कांच तक टूटा हो... उन्होंने बातें लिख दीं और छाप दीं। उन्होंने कहा कि विदेशी मीडिया द्वारा जारी की गईं सैटेलाइट तस्वीरों में 10 मई से पहले और बाद में पाकिस्तान के 13 एयरबेस दिखाए गए, चाहे वह सरगोधा हो, रहीम यार खान हो या चकलाला। मैं सिर्फ वही बता रहा हूं जो उन्होंने अपनी रिपोर्टिंग में छापा। हममें यह क्षमता है कि अगर हम चाहें तो पाकिस्तान के एयरबेस को नुकसान पहुंचा सकते हैं।

**खास बातें**

- भारत ने ढाई साल में 5जी प्रौद्योगिकी विकसित की, चीन को 12 साल लगे
- ऑपरेशन सिंदूर हमारी सफलता, भारत को नुकसान के सारे दावे खोखले

*एनएसए डोभाल ने कहा कि विदेशी प्रेस ने कहा कि पाकिस्तान ने यह किया, वो किया... आप मुझे एक भी फोटो या सबूत दिखाइए जिसमें भारत में किसी इमारत को नुकसान हुआ हो, एक कांच तक टूटा हो... उन्होंने बातें लिख दीं और छाप दीं*



### भारत, एक राष्ट्र के रूप में सहस्राब्दियों से अस्तित्व में

डोभाल ने कहा कि हम एक ऐसे देश और ऐसी सभ्यता से ताल्लुक रखते हैं, जो हजार वर्षों से संकटग्रस्त, लहूलुहान और अपमानित रही है। हमारे पूर्वजों ने बहुत कुछ सहा है... मुझे नहीं पता कि इस सभ्यता को जीवित रखने और राष्ट्र की इस धारणा को जीवित रखने के लिए उन्होंने कितने अपमान, अभाव और कष्ट सहे होंगे। राष्ट्र, राज्य से अलग होता है। भारत, एक राष्ट्र के रूप में सहस्राब्दियों से अस्तित्व में है। 22 साल बाद जब हम अपनी आजादी के 100 साल पूरे कर रहे होंगे, तब आप अपने करियर के शीर्ष पर होंगे।

### स्वदेशी तकनीक विकसित करें

डोभाल ने कहा कि तकनीक और युद्ध के बीच अहम संबंध है और देश को अपनी जरूरतों को पूरा करने के लिए स्वदेशी तकनीक विकसित करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि मुझे ऑपरेशन सिंदूर पर गर्व है। हमें इस बात पर गर्व है कि हमारी कुछ बेहतरीन प्रणालियों ने काम किया, चाहे वह ब्रह्मोस (मिसाइल) हो, एकीकृत हवाई नियंत्रण और कमान प्रणाली हो या युद्धक्षेत्र निगरानी हो। हमने नौ आतंकवादी ठिकानों पर निशाना साधा, सीमावर्ती क्षेत्रों में नहीं बल्कि पाकिस्तान के आर-पार और हम एक भी नहीं चूके।

### प्रौद्योगिकी की लड़ाई में आगे रहना होगा

डोभाल ने कहा कि देश प्रौद्योगिकी की लड़ाई में हारकर दूसरों से पीछे रहने या दशकों पीछे रह जाने का जोखिम नहीं उठा सकता। उन्होंने ढाई साल में 5जी विकसित करने में आईआईटी मद्रास और निजी क्षेत्र की भूमिका को स्वीकार किया, जबकि चीन को 5जी प्रौद्योगिकी विकसित करने में 12 साल से अधिक का समय लगा और उसने 300 अरब डॉलर खर्च किए। उन्होंने कहा कि डेटा या सुरक्षा से संबंधित एक कील भी विश्वसनीय स्रोत से ही आनी चाहिए। यह या तो भारत में बनी हो या कहीं ऐसी जगह बनी हो जो भारत के बहुत करीब हो।

### पूरे ऑपरेशन में 23 मिनट लगे

एनएसए अजीत डोभाल ने कहा कि हमें अपनी स्वदेशी तकनीक विकसित करनी होगी। हमें इस बात पर गर्व है कि ऑपरेशन सिंदूर में स्वदेशी सामग्री थी। हमने पाकिस्तान के आर-पार नौ आतंकवादी ठिकानों पर निशाना साधने का फैसला किया, ये सीमावर्ती इलाकों में नहीं थे। हम कोई भी निशाना नहीं चूके। हमने इसके अलावा कहीं और निशाना नहीं साधा। यह उस बिंदु तक सटीक था जहां हमें पता था कि कौन कहां है? पूरे ऑपरेशन में 23 मिनट लगे। आप मुझे एक भी तस्वीर बताइए जिसमें भारत को होता कोई नुकसान दिखाई दे रहा हो।

यूएई से भारत लाया गया मुस्तफा

# विदेश में रहकर नशीली दवाओं की फैक्टरी चलाने का है आरोप

सीबीआई ने इंटरपोल के माध्यम से की कार्रवाई

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



सीबीआई विदेश में रहकर महाराष्ट्र में नशीली दवाओं की फैक्टरी चलाने के वांछित आरोपी को अबूधाबी से वापस लेकर आई है। आरोपी कुब्बावाला मुस्तफा यूएई और दुबई में रहकर भारत में नशे का कारोबार कर रहा था। सीबीआई ने बताया कि नशीली दवाएं बनाने के आरोपी वांछित कुब्बावाला मुस्तफा को मुंबई पुलिस की चार सदस्यीय टीम के साथ संयुक्त अरब अमीरात से मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर लाया गया। सीबीआई की अंतरराष्ट्रीय पुलिस सहयोग इकाई (आईपीसीयू) एनसीबी-अबू धाबी के सहयोग से वांछित रेड नोटिस प्राप्त कुब्बावाला मुस्तफा को सफलतापूर्वक भारत वापस लाई।

### 126.141 किलो मेफेड्रोन जब्त

सांगली में एक सिंथेटिक ड्रग निर्माण फैक्टरी चलाने के आरोप में मुंबई पुलिस को उसकी तलाश थी। सांगली में कुब्बावाला मुस्तफा की फैक्टरी से 252 करोड़ रुपए मूल्य की कुल 126.141 किलोग्राम मेफेड्रोन ड्रग्स बरामद और जब्त की गई थी। उसके खिलाफ आरोप पत्र दायर किया गया। अदालत ने उसके खिलाफ ओपन डेटेड गिरफ्तारी वारंट जारी किया था। सीबीआई प्रवक्ता ने कहा कि सीबीआई ने इंटरपोल के माध्यम से एनसीबी-अबू धाबी के साथ मिलकर की गई गहन जांच के बाद मुस्तफा की भौगोलिक स्थिति संयुक्त अरब अमीरात में पाई थी। मुंबई पुलिस के अनुरोध पर सीबीआई ने 25 नवंबर, 2024 को इंटरपोल के माध्यम से रेड नोटिस प्रकाशित करवाया।

### यूएई में सुरक्षा मिशन भेजा

एनसीबी-अबू धाबी ने सीबीआई को 19 जून 2025 को बताया कि उनके अधिकारियों ने इस व्यक्ति को भारत वापस लाने के लिए यूएई में एक सुरक्षा मिशन भेजने का अनुरोध किया है। इसके बाद यूएई से आरोपी को वापस लाने के लिए मुंबई पुलिस की एक टीम का गठन किया गया। इससे पहले सीबीआई ने सांगली मेफेड्रोन निर्माण मामले के आरोपी ताहिर सलीम डोला का यूएई से प्रत्यर्पण कराया था।

अमरनाथ यात्रा के श्रद्धालुओं को सुरक्षा का मजबूत घेरा मिल रहा

# सुरक्षा को चाक-चौबंद बनाने के लिए सेना ने लांच किया 'ऑपरेशन शिवा'

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

भारतीय सेना ने अमरनाथ यात्रा-2025 को एक मजबूत सुरक्षा घेरा प्रदान करने के लिए 'ऑपरेशन शिवा' लांच किया है। जिसका उद्देश्य स्थानीय प्रशासन और केंद्रीय सुरक्षा बलों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर बाबा बर्फानी की इस पवित्र यात्रा के लिए आने वाले यात्रियों को एक अच्छी और सुरक्षित यात्रा का अनुभव कराना है। सेना ने शुक्रवार को एक बयान जारी कर यह जानकारी दी।



### हेलिकॉप्टर स्टैंड बाय पर

150 से ज्यादा डॉक्टर और चिकित्सा कर्मी एक 100 बेड का अस्पताल, 26 ऑक्सीजन बूथ (2 लाख लीटर ऑक्सीजन) के साथ तैनात हैं। बेहतर संचार के लिए सेना ने सिग्नल्स की कंपनियां लगाई हैं। बम निरोधक दस्ते को भी ऑपरेशन शिवा में शामिल किया गया है। 25 हजार लोगों के लिए आपात राशन की व्यवस्था भी सेना ने की है। क्यूआरटी, टेंट, वाटर पॉइंट, बुलडोजर को अलर्ट पर रखा गया है। साथ ही सेना के हेलिकाप्टर किसी भी आपातकालीन परिस्थिति से निपटने के लिए स्टैंड बाय पर रखे गए हैं।

### 8 हजार 500 जवानों की तैनाती

सेना ने बताया कि यात्रा के लिए ऑपरेशन शिवा के तहत उसने यात्रियों के समूचे सुरक्षा सिस्टम को मजबूत बनाते हुए 8 हजार 500 से अधिक जवानों की तैनाती की है। जिन्हें विभिन्न प्रकार के रणनीतिक और तकनीकी संसाधनों से लैस किया गया है। आतंकवाद से मुकाबले के लिए एक मजबूत ग्रिड, कॉरिडोर सुरक्षा और सशक्त सुरक्षा तैनाती इसका अहम हिस्सा है। ड्रोन हमले के खतरे से निपटने के लिए 50 सी-यूएएस और ईडब्ल्यू सिस्टम लगाए गए हैं।

अंडमान-निकोबार द्वीपसमूह के पास फंसे हुए थे

# तटरक्षकबल ने अमेरिकी नौका के चालक दल के दो सदस्यों को बचाया

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली



तटरक्षकबल ने अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह के पास इंदिरा पॉइंट के दक्षिण-पूर्व में करीब 52 समुद्री मील की दूरी पर फंसी हुई अमेरिकी नौका 'सी एंजल' के चालक दल के दो सदस्यों को सुरक्षित बचाया है। यह नौका अत्यंत खराब मौसम में फटी हुई पाल और उलझे हुए प्रोपेलर के कारण समुद्र में आगे बढ़ने में अक्षम हो गई थी। तटरक्षकबल ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

### जरूरी प्रोटोकॉल का पालन किया

तटरक्षकबल ने बताया, बचाव अभियान के दौरान जैसे ही हमें संकट चेतावनी मिली। एमआरसीसी पोर्ट ब्लेयर ने सभी निकटवर्ती व्यापारी जहाजों को सतर्क किया और प्रोटोकॉल शुरू किए। इसके अलावा तटरक्षकबल के पोत राजवीर को भी तैनात किया गया। अमेरिकी नौका में फंसे हुए चालक दल के साथ संचार स्थापित किया गया। तेज हवाओं और यांत्रिक अक्षमता के बावजूद चालक दल सुरक्षित और स्वस्थ हैं।

दुनिया के 31 अन्य स्थलों के साथ पेरिस में चल रही बैठक में होगा मूल्यांकन

# 'मराठा मिलिट्री लैंडस्केप्स' यूनेस्को के विश्व धरोहर के लिए नामित

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारत के 'मराठा मिलिट्री लैंडस्केप्स' को यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में शामिल किए जाने के लिए नामांकित किया गया है। इस प्रस्ताव का मूल्यांकन 6 से 16 जुलाई के बीच पेरिस में चल रहे यूनेस्को की विश्व धरोहर समिति (डब्ल्यूएचसी) के 47वें सत्र में किया जा रहा है। इस सत्र में दुनिया भर से कुल 32 नए स्थलों के नामांकन पर चर्चा की जा रही है, जिनमें भारत का यह ऐतिहासिक सैन्य तंत्र भी शामिल है। भारत की ओर से यह नामांकन 2024-25 चक्र के लिए प्रस्तुत किया गया है।



### 11 से 13 तक होगी बैठक

विश्व धरोहर समिति की बैठक में 11 से 13 जुलाई के बीच 32 स्थलों की समीक्षा की जा रही है। भारत के इस नामांकन के साथ-साथ कैमरून का डीआईवाई-जीआईडी-बीआईवाई सांस्कृतिक क्षेत्र, मलावी का माउंट मुलंजे सांस्कृतिक परिदृश्य, और यूएई का फाया पैलियोलैंडस्केप जैसे स्थलों पर भी चर्चा की जा रही है।

### एक देश से एक नामांकन नियम

यूनेस्को के 'ऑपरेशनल गाइडलाइंस 2023' के अनुसार, हर देश एक बार में केवल एक ही नामांकन जमा कर सकता है। भारत ने इस चक्र के लिए 'मराठा मिलिट्री लैंडस्केप्स' को चुना है। 'मराठा मिलिट्री लैंडस्केप्स' में 12 किले और किलेबंद क्षेत्र शामिल हैं जो 17वीं से 19वीं शताब्दी के बीच विकसित किए गए थे। यह किले मराठा साम्राज्य की सैन्य शक्ति, रणनीति और निर्माण कला का अद्भुत उदाहरण माने जाते हैं। इन 12 स्थानों में महाराष्ट्र और तमिलनाडु के किले शामिल हैं।


चीन-पाक से दो मोर्चों पर मिलती युद्ध की चुनौती के बीच बढ़ेगी वायुसेना की युद्धक

# वायुसेना ने सुखोई लड़ाकू विमान से किया अस्त्र एयर टू एयर मिसाइल का सफल परीक्षण

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

देश की पश्चिमी और पूर्वी सीमा पर चीन-पाकिस्तान से मिलती युद्ध की साझा चुनौती के बीच शुक्रवार को भारतीय वायुसेना की युद्धक क्षमता में कई गुना इजाफा देखने को मिला। जिसके पीछे का सबसे बड़ी वजह रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) और वायुसेना द्वारा सुखोई-30-एमकेआई लड़ाकू विमान से स्वदेशी रेडियो फ्रीक्वेंसी सीकर के साथ किया गया हवा से हवा में मार करने वाली अस्त्र बियॉन्ड विजुअल रेंज (बीवीआर) मिसाइल का सफल परीक्षण है। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में यह जानकारी देते हुए बताया कि यह परीक्षण ओडिशा तट के करीब स्थित एकीकृत चांदीपुर परीक्षण रेंज (आईटीआर) से किया गया। जिसमें दो बार मिसाइल को लांच कर अलग-अलग रेंज पर मौजूद उच्च-गति वाले मानव रहित हवाई लक्ष्यों (ड्रोन जैसे) पर निशाना लगाया गया।

**रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने वायुसेना और डीआरडीओ को दी बधाई**



फाइल फोटो

### *अस्त्र मिसाइल की खूबियां*

*गौरतलब है कि अस्त्र एक दृश्य सीमा से परे (बीवीआर) हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइल है। जिसे डीआरडीओ ने स्वदेश में विकसित किया है। यह हवा से हवा में मार करने वाली भारत द्वारा विकसित की गई पहली मिसाइल है। कुल करीब 80 किलोमीटर की रफ्तार से आगे बढ़ रहे दुश्मन के हवाई लक्ष्यों पर अस्त्र सटीकता के साथ हमला करने में सक्षम है। डीआरडीओ ने इस मिसाइल को सुखोई, मिराज, मिग-21, सी हैरियर और तेजस लड़ाकू विमान में लगाने के लिए विकसित किया है। आसमान में यह मिसाइल करीब 20 हजार फीट की ऊंचाई से भी दुश्मन पर धावा बोल सकती है। इसमें लगे स्वदेशी रेडियो सीकर की खासियत यह है कि इसकी मदद से मिसाइल एक बार अपना लक्ष्य तय करने के बाद यानी उसे लॉक करने के बाद अपने घातक वार से उसे नष्ट करके ही दम लेती है।*

**रक्षामंत्री ने सभी टीमों के प्रयासों की सराहना की**

*परीक्षण की सफलता पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने वायुसेना, डीआरडीओ और उद्योग जगत को बधाई दी। यह सभी स्वदेशी रेडियो फ्रीक्वेंसी सीकर के डिजाइन और विकास में शामिल रहे। रक्षा मंत्री ने सीकर के साथ किए गए अस्त्र मिसाइल के इस सफल परीक्षण को चुनौतीपूर्ण रक्षा तकनीक से जुड़ा एक बड़ा मील का पत्थर करार दिया। डीआरडीओ अध्यक्ष डॉ.समीर वी.कामत ने परीक्षण में शामिल रही सभी टीमों को बधाई दी और उनके प्रयासों की सराहना की।*

सैटेलाइट तस्वीरों से खुलासा

# ईरान के हमले में कतर स्थित अमेरिकी एयरबेस का संचार केंद्र हुआ था तबाह

एजेंसी ⏭ तेहरान

बीते महीने ईरान के हमले में कतर स्थित अमेरिका के एयरबेस पर जियोडेसिक गुंबद को नुकसान पहुंचा। इस जियोडेसिक गुंबद का इस्तेमाल अमेरिकी वायुसेना द्वारा सुरक्षित संचार के लिए इस्तेमाल किया जा रहा था। 25 जून को ली गईं सैटेलाइट तस्वीरों से यह खुलासा हुआ है। ईरान ने 23 जून को कतर स्थित अल उदैद एयर बेस को निशाना बनाया था। यहां पर अमेरिकी वायुसेना की 379वीं एयर एक्सपीडिशनरी विंग तैनात है। ईरान के हमले में अमेरिकी एयरबेस को मामूली नुकसान हुआ।



### बच गया ईरान का परमाणु कार्यक्रम

इजराइल के एक वरिष्ठ अधिकारी ने दावा किया है कि बीते महीने अमेरिका द्वारा किए गए हमले के बावजूद ईरान का परमाणु कार्यक्रम बच गया और ईरान अभी भी यूरेनियम संवर्धन की क्षमता हासिल कर सकता है। संवर्धित यूरेनियम इस्फ़हान परमाणु ठिकाने में गहराई से दबा हुआ है। अमेरिकी सरकार ने अपने नागरिकों के लिए एडवाइजरी जारी कर उन्हें ईरान की यात्रा न करने की सलाह दी।

## खबर संक्षेप



### बच्चों को दी साफ-सफाई रखने की जानकारी

**औबेदुल्लागंज।** मुख्य नगर पालिका अधिकारी किरण राहंगडाले एवं स्वच्छता नोडल अधिकारी मुकेश कुमार जैन के मार्गदर्शन में अभिनव संस्था शुभम लोधी के द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 के तहत शुक्रवार को वार्ड 1 में शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय बिशनखेड़ा स्कूल में बच्चों को राष्ट्रीय व्यापी अभियान में हाथ धुलाई एवं 'सफाई अपनाओ बीमारी भगाओ' की जानकारी दी एवं साफ सफाई रखेंगे स्वस्थ रहेंगे के बैनर के माध्यम से बच्चों को जानकारी दी। सफाई अपनाओगे तो बीमारी नहीं होगी, इसलिए आप अपने आसपास साफ-सफाई रखें, जिससे हम सभी बीमार होने से बचे। इस कार्यक्रम में स्कूली बच्चे और शिक्षक शामिल हुए।

### गुरु पूर्णिमा पर होनहार विद्यार्थियों का सम्मान



**संतनगर।** भारत विकास परिषद के द्वारा नवनिध हसोमल एवं मीठीं गोविन्दराम स्कूल में गुरुपूर्णिमा का पर्व मनाया गया। इस कार्यक्रम के दौरान सर्वोच्च अंक प्राप्त बच्चों एवं शिक्षकों का सम्मान किया। भारत विकास परिषद के अध्यक्ष जीटी खेमचंदानी, कमल प्रेमचंदानी, बाल विकास आयोग की सदस्य निशा सक्सेना व भाजपा नेता एवं परिषद के सदस्य विनय दादलानी, विमल भंडारी, घनश्याम बूलचंदानी आदि उपस्थित थे।

### अधेड़ ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**भोपाल।** तलैया थाना क्षेत्र स्थित गली नंबर-4 भोईपुरा में एक अधेड़ ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उनके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। प्रारंभिक जांच में पता चला कि उनका मानसिक संतुलन ठीक नहीं था। पुलिस के अनुसार अब्दुल साबिर (50) गली नंबर-4, मस्जिद के पास भोईपुरा में रहते थे और वे अविवाहित थे।

### चावल फैक्ट्री में स्थानीय लोगों को मिले रोजगार

**तामोट।** स्थानीय रहवासियों ने तामोट में सागर फैक्ट्री और चावल फैक्ट्री शुरू हो और उसमें तामोट, बीलखेड़ी, एकलबाड़ा, सिंगल दीप के युवाओं को रोजगार दिए जाने की मांग की है। ज्ञात हो कि फैक्ट्री के उद्घाटन के समय मुख्यमंत्री, विधायक ने एवं फैक्ट्री के अग्रवाल ने कहा था कि लोकल के लोगों को रोजगार मिलेगा, मगर ऐसा कुछ नहीं हुआ। इससे स्थानीय लोगों में रोष है। तामोट के नेता बाबूलाल, रामकिशोर चौहान, रमेश, राजकुमार आदि ने कहा है स्थानीय लोगों को प्राथमिकता दी जाए।

### पेरेंट-टीचर मीटिंग और ओरिएंटेशन आज

**औबेदुल्लागंज।** शनिवार को सुबह 8 बजे, ग्लोबल स्कूल ऑफ एक्सीलेंस के प्रांगण में पेरेंट-टीचर मीटिंग, ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इसमें देश के प्रसिद्ध विशेषज्ञों से बातचीत होगी। डॉ. प्रीति शुक्ला देश की जानी-मानी डाइटीशियन हैं, जो हज़ारों लोगों को संतुलित जीवनशैली और चीनी की लत से मुक्ति की राह दिखा चुकी हैं। डॉ. कनिका शर्मा आत्मविश्वास, आर्थिक समझ, डिजिटल और सामाजिक कौशल सिखाने वाली अनुभवी प्रशिक्षिका, जो बच्चों को जीवन की वास्तविक चुनौतियों के लिए तैयार करने में मदद करेंगी। यह सिर्फ एक मीटिंग नहीं है, यह मौका है अपने बच्चे की सोच, स्वास्थ्य और भविष्य को बेहतर दिशा देने का।

**शुभांक**

| | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याण: | 8350 | | |
| दिन: | 248 | 48 | 125 |
| रात: | 660 | 28 | 378 |
| तारा: | | | |
| दिन: | 479 | 05 | 113 |
| रात: | 136 | 08 | 468 |

## हबीबगंज थाना पुलिस ने किशोरी को आरोपियों के चंगुल से छुड़ाया था

# अगवा लड़कियों को बेचकर शादी कराने वाले गिरोह के दो अन्य सदस्य भी किए गिरफ्तार, बाकी की तलाश जारी

**शपथ-पत्र पर कराई शादी, बंधक बनाकर खरीदार कर रहा था किशोरी से दुष्कर्म**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

हबीबगंज थाना क्षेत्र से अगुवा 17 साल की किशोरी को दो लाख 75 हजार रुपए में राजस्थान के युवक को बेचने का सनसनीखेज मामले में पुलिस ने गिरोह से जुड़ी एक महिला और युवक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार महिला पर जहांगीराबाद में भी दो आपराधिक मामले दर्ज है।

पुलिस ने इस मामले में दलाल को भी गिरफ्तार किया है, जो मानव तस्करी से जुड़े दलालों के संपर्क में था। उक्त प्रकरण में फरार रोशनी, सुनील वह अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है।





आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद और भी चौकाने वाले खुलासे होने की उम्मीद है।

### 17 साल की किशोरी को राजस्थान में पौने 3 लाख रुपए में बेचा था

अरेरा कॉलोनी इलाके में रहने वाली 17 साल की किशोरी दसवीं कक्षा की छात्रा है। 2 फरवरी 2025 को कोचिंग नहीं जाने पर मां ने उसे फटकार लगा दी। इससे वह नाराज होकर घर से चली गई। परिजन की सूचना पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी पर अपहरण का मामला दर्ज किया। पुलिस की टीम ने संदेह के आधार पर बारह नंबर मल्टी निवासी अंकिता (19) से पूछताछ की। अंकिता किशोरी की दोस्त थी और उसकी शादी झालावाड़ राजस्थान में हुई है। वह अपनी ससुराल में रहती है। जांच में पता चला कि किशोरी फतेहपुर जिला, सीकर राजस्थान के एक घर में है। पुलिस करीब पांच महीने 5 जुलाई को राजस्थान के सीकर जिले पहुंची और किशोरी का सकुशल बरामद कर लिया। किशोरी ने बताया कि घर से भागकर वह अपनी दोस्त अंकिता के पास झालावाड़ राजस्थान चली गई थी। वहां अंकिता को पता चला कि हबीबगंज पुलिस उसकी दोस्त की तलाश में बारह नंबर मल्टी स्थित उसके घर भी पहुंची है। अंकिता ने भोपाल में रहने वाली अपनी ननद दुर्गा कसवे से कहा कि वह उसकी दोस्त को पुलिस थाने में पेश करा दे। इसके बाद दुर्गा ने अपनी परिचित कुसुम विश्वकर्मा से अगवा किशोरी को मिलाया था। लिहाजा पुलिस ने दुर्गा कसवे को भी गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने मानव तस्करी में लिप्त प्रदीप जैन उर्फ पंडित (40) निवासी शिव नगर 80 फीट रोड करोंद को गिरफ्तार किया है। आरोपी प्रदीप जैन मानव तस्करी करने वाले दलालों के संपर्क में था।

## ईंटखेड़ी थाना क्षेत्र स्थित टेल्स मैरिज गार्डन के पास हुआ हादसा

# अज्ञात वाहन ने बाइक सवार युवक को मारी टक्कर, सिर के ऊपर से निकला पहिया, मौत

**पुलिस घटनास्थल और मुख्य सड़क पर लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज खंगाल रही**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

ईंटखेड़ी थाना क्षेत्र स्थित टेल्स मैरिज गार्डन के पास परवलिया की ओर जाने वाली सड़क पर अज्ञात वाहन ने बाइक सवार युवक को कुचल दिया। सिर के ऊपर से पहिया निकलने के कारण युवक की मौके पर ही मौत हो गई थी। हादसा गुरुवार रात करीब 9 बजे के आसपास का है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए मचूर्री भेज दिया है। पुलिस टक्कर मारने वाले वाहन चालक और वाहन की तलाश कर रही है।

एसआई नवीन कुमार ने बताया कि महेंद्र सिंह दांगी पिता किशनलाल दांगी (38) गांव हिनोती, अहमदपुर, जिला सीहोर का रहने वाला था। इन दिनों वह शारदा नगर, लांबाखेड़ा में रह रहा था। अभी उसकी नौकरी गंजबासौदा वाइन शॉप में सेल्समैन बतौर चल रही थी। पूर्व में लांबाखेड़ा वाइन शॉप में काम कर चुका है। गुरुवार रात वह अपनी बाइक से गंजबासौदा से शारदा नगर आया था। वह ईंटखेड़ी से परवलिया की तरफ जाने वाली सड़क से जा रहा था, तभी टेल्स मैरिज गार्डन के पास उसकी बाइक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। बाइक में टक्कर लगने से वह सड़क पर गिरा था और अज्ञात वाहन का पहिया उसके सिर पर से गुजरा है। हादसे की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने महेंद्र का शव पीएम के लिए मचूर्री भेज दिया है। पुलिस घटनास्थल और मुख्य सड़क पर लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज खंगाल रही है।



**टक्कर मारने वाले वाहन चालक और वाहन की तलाश में जुटी पुलिस**

### सड़क पर हो गया है एक फीट गहरा गड्ढा

जिस जगह हादसा हुआ उस जगह मुख्य सड़क पर करीब एक फीट गहरा गड्ढा हो गया है। इस गड्ढे से अक्सर वाहन अनियंत्रित होकर दुर्घनाग्रस्त हो रहे हैं। अनुमान है कि महेंद्र की बाइक भी इसी गड्ढे से अनियंत्रित होकर गिरी थी। बाइक गिरने के बाद महेंद्र सड़क की तरफ गिरा और उसे बड़ा वाहन कुचलते हुए निकल गया।

### धोखाधड़ी के आरोपी को जमानत देते हुए जज ने विवेचना अधिकारी से मांगा स्पष्टीकरण

**विधिक संवाददाता, भोपाल।** करोड़ों रुपयों की धोखाधड़ी के मामले में 90 दिन की अवधि के अंदर पुलिस द्वारा चालान पेश नहीं किए जाने पर न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी तरुणेन्द्र प्रताप सिंह ने आरोपी शैलेश गुप्ता का जमानत आवेदन स्वीकार कर उसे 50-50 हजार रुपए की दो जमानतें प्रस्तुत करने पर रिहा करने के आदेश पारित करते हुए लापरवाही बरतने वाले प्रकरण के विवेचना अधिकारी को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण पेश किए जाने के आदेश दिए हैं। कोलार रोड थाना पुलिस ने फरियादी सब्यसाची गुप्ता की शिकायत पर शैलेश गुप्ता सहित अन्य आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध पंजीबद्ध किया था। आरोपियों ने सावित्री बाई नामक महिला की ग्राम बावडिया कलां की भूमि को अन्य महिला को अन्य महिला को सावित्री बाई बना कर 31 मार्च 2016 को फर्जी ज्वाइंट वेंचर तैयार कर फरियादी से एक करोड़ 65 लाख रूपयों में सौदा तय कर 21 लाख 11000 हजार रूपए हड़प लिए थे। पुलिस ने आरोपी शैलेश गुप्ता को 5 अप्रैल को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।

### पड़ोसी का कुत्ता लपका, चार साल की मासूम गिरी, हाथ में फ्रेक्चर

**भोपाल।** ईंटखेड़ी थाना क्षेत्र स्थित गणेश चौक पर गुरुवार शाम पड़ोसी के खूंखार कुत्ते के लपकने से चार साल की मासूम गिर गई। उसके हाथ में फैक्चर आया है। गनीमत रही कि उसे कुत्ते ने काटा नहीं। पुलिस ने बच्ची के पिता की शिकायत पर कुत्ते के मालिक पर प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार संजय अहिरवार गणेश चौक लांबाखेड़ा में रहते हैं और प्राइवेट काम करते हैं। उन्होंने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि उनके पड़ोस में अजय अहिरवार रहता है और उसने खूंखार कुत्ता पाल रखा है। संजय ने बताया कि अजय का कुत्ता बच्चों को देखकर लपकता है। गुरुवार शाम उनकी चार साल की बेटी वैष्णवी घर के बाहर खेल रही थी, तभी अजय के कुत्ता उस पर लपक गया। कुत्ते से बचकर वैष्णवी पीछे की तरफ हटी और पत्थर पर गिर गई। इससे उसके हाथ में फैक्चर आया है।



## गुरु के प्रति कृतज्ञता प्रकट कर बच्चों ने दी रंगारंग प्रस्तुतियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

लाइफलाइन पब्लिक स्कूल में गुरुपूर्णिमा पर कई आयोजन किए गए। इस अवसर पर बच्चों ने गुरुओं के प्रति कृतज्ञता प्रकट करते हुए उनकी महिमा का सांस्कृतिक कार्यक्रमों के जरिए बखान किया।

इस अवसर पर विद्यार्थियों ने अपनी शिक्षिकाओं के पैर धुलवा कर पोछे, साथ ही तिलक लगाकर शिक्षकों की आरती उतारी और फूल मालाएं पहनाकर आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने गुरु शिष्य परंपरा पर आधारित नाटक, डांस, भजन प्रस्तुत किया। छोटे बच्चों ने ड्राइंग बनाई। कार्यक्रम में प्राचार्य किरन वाधवानी ने बच्चों को गुरु शिष्य परंपरा पर आधारित दोहे सुनाए।

**सिविल अस्पताल में रोगी कल्याण समिति की बैठक**

## पहले व्यवस्थाएं उपलब्ध हों, फिर होगा नई बिल्डिंग का लोकार्पण: रामेश्वर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

संत हिरदाराम नगर सिविल अस्पताल में शुक्रवार को रोगी कल्याण समिति की बैठक विधायक रामेश्वर शर्मा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। इस बैठक में अस्पताल की नई बिल्डिंग के निर्माण कार्य, स्टाफ की कमी, उपकरणों की व्यवस्था और रोगियों को दी जाने वाली सुविधाओं पर चर्चा की गई। विधायक शर्मा ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार की ढिलाई न बरती जाए। अगस्त के बाद भवन का लोकार्पण किया जाएगा, इसलिए निर्माण कार्य को समय सीमा के भीतर पूरा किया जाना चाहिए।




### स्टाफ की कमी से मरीज़ होते हैं परेशान

बैठक में अस्पताल में डॉक्टरों, नर्सों और अन्य स्वास्थ्यकर्मियों की कमी का मुद्दा भी उठा। रामेश्वर शर्मा ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि इस विषय में संबंधित विभाग को प्रस्ताव भेजा जाए, ताकि जल्द से जल्द स्टाफ की पूर्ति हो सके और मरीजों को परेशानी न हो। अस्पताल अधीक्षक ने रोगी कल्याण समिति को कई आवश्यक प्रस्तावों की जानकारी दी।

## वार्ड 15 के ओवर ब्रिज के नीचे फैली गंदगी, लोग बदबू से हो रहे परेशान

**औबेदुल्लागंज।** वार्ड 15 के ओवर ब्रिज के नीचे पुराना रेहटी रोड पर हर तरफ गंदगी फैली हुई है। वहीं ओवर ब्रिज के नीचे एक तरफ मांस-मछली की दुकाने तो दूसरी तरफ कलारी की दुकान है। मांस-मछली की दुकान के बीच में गुमठी रखी है, जहां पर रोजाना लोग दारू पीते हैं और डिस्पोजल गिलास, दारू की बोतलें और अन्य गंदगी सड़क पर फेंक देते हैं। वहीं मांस के दुकानदार भी मांस के अवशेष सड़क पर फेंक देता है, जिससे गंदगी फैल रही है। वहां से गुजरने वाले राहगीर और रहवासी काफी परेशान हो रही हैं। साथ ही स्कूली छात्र-छात्राओं का भी इसी सड़क से आना जाना होता है उन्हें भी परेशानी उठानी पड़ रही है। वार्ड के निवासी व वरिष्ठ कांग्रेस नेता बसंत साहू, पर्वत सिंह राजपूत, राजमल नागर, अनिल धमीजा, राकेश बाथम, दीपक श्रीवास्तव आदि ने बताया कि नगर परिषद के जिम्मेदार इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। नपा उपाध्यक्ष नामिता बागिश अग्रवाल ने फोन पर बताया कि मुझे भी वार्ड वासियों ने शिकायत की है, मैं नगर परिषद को पत्र लिखूंगी, कि शीघ्र इस समस्या का हल करें।



**खाद्य विभाग दफ्तर में लगा रहता है ताला, उपभोक्ता कहां करें शिकायत**

## राशन की दुकान में गड़बड़ी, उपभोक्ता परेशान अंगूठा लगाने के बाद भी कह रहे... बाद में देंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

भारत सरकार एवं मध्य प्रदेश सरकार गरीबों और दीन दुखियों को मुफ्त में गेहूं, चावल, नमक वितरण करा रही है, वहीं सरकारी राशन की दुकान से सस्ते दर पर शक्कर भी मिल रही है, मगर सरकारी राशन के दुकानदार गरीबों के हिस्से का राशन उपभोक्ताओं को नहीं दे रहे हैं। इसकी शिकायत करते हुए मुकेश अहिरवार, कलादेवी, शकील खान, विनय दादा, पार्वती बाई ने बताया कि औबेदुल्लागंज, गौहरगंज, महावीर कॉलोनी, सिमराई, काली तराई एवं अन्य पंचायतों में भारी अनियमिताएं की जा रही है।



नगर के विभिन्न क्षेत्रों में कई फर्जी सरकारी राशन की दुकान चल रहे हैं। गौहरगंज के पास एक दर्जन सरकारी राशन की दुकान हैं जो नियम विरुद्ध चल रहीं हैं। औबेदुल्लागंज जनपद में फूड अधिकारी नहीं हैं। गरीब, असहाय लोग आखिर अपनी शिकायत किससे करें। कुछ लोगों ने बताया कि बायोमेट्रिक मशीनों पर अंगूठा लगवा लेते हैं और कहते हैं अभी गेहूं, नमक, चावल नहीं आया है, बाद में दे देंगे। कई महीने चक्कर लगाने बाद भी उन्हें गेहूं, चावल, नमक नहीं मिलता। औबेदुल्लागंज की महावीर कॉलोनी के वार्ड 2 की दुकान भी गौहरगंज के उपभोक्ता के नाम से आवंटित है। भोजपुर क्षेत्र, ओबेदुल्लागंज में 90 से 95 सरकारी राशन की दुकानें हैं। इन दुकानों की जांच हो तो कई दुकानें फर्जी और नियम विरुद्ध मिलेंगे। पीड़ित उपभोक्ता तहसीलदार कार्यालय में निलेश सरवटे से शिकायत करते हैं। सरवटे ने बताया कि सरकारी राशन की दुकानों में गड़बड़ी की शिकायत आती है। हम इन शिकायतों को फूड विभाग को भेज देते हैं। शिकायतकर्ताओं ने बताया कि फूड विभाग के कार्यालय में ताला लगा रहता है।

## आजीवन एवं स्थाई सदस्यों ने मानस कल्याण समिति के चुनाव की मांग की

### चुनाव कराने के लिए हर सदस्य को जोड़ेंगे: गौर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

हिंदू उत्सव समिति मानस कल्याण के स्थाई सदस्यों, आजीवन सदस्यों की बैठक शुक्रवार को आयोजित की गई। बैठक में नगर के कई पार्षद, भाजपा नेता, कांग्रेस नेता, व्यापार संघ के सदस्य एवं गणमान्य लोग शामिल हुए। बैठक में हस्ताक्षर अभियान भी चलाया। बैठक में अशोक मित्तल एवं पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष रमेश गौर ने कहा कि अब हम मानस कल्याण समिति के चुनाव कराने के लिए हम हर सदस्य को जोड़ेंगे।

मानस कल्याण समिति संचालक मंडल अवैध होने के कारण तुरंत भंग कर चुनाव करवाना चाहिए। वहीं आजीवन सदस्य एवं स्थाई सदस्यों ने





मानस कल्याण समिति के चुनाव शीघ्र कराने की मांग की। मानस कल्याण समिति के चुनाव 2002 में किया गया, इसके बाद कोई चुनाव नहीं हुआ है। 23 वर्षों से वही समिति अवैध रूप से संचालन कर रही है। मानस कल्याण समिति के संविधान अनुसार 3 वर्ष में चुनाव होना चाहिए मगर वर्तमान संचालक मंडल एवं अध्यक्ष को पद पर बने रहने का कोई वैधानिक अधिकार नहीं है।

**हेल्थ ऑफिसर से वेतन और इंसेटिव भुगतान करने मांगे रुपए**

## स्वास्थ्य केंद्र के ब्लॉक कंप्यूटर ऑपरेटर को 35 हजार रुपए रिश्वत लेते पकड़ा, बीएमओ को भी बनाया आरोपी

**शिकायत के सत्यापन के बाद लोकायुक्त एसपी ने ट्रेप दल का किया गठन**

**इंदौर लोकायुक्त की टीम ने की कार्रवाई**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

इंदौर लोकायुक्त की टीम ने बड़वानी जिले के ठीकरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के ब्लॉक कंप्यूटर ऑपरेटर राहुल कुमार गुप्ता को 35 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा है। इस मामले में लोकायुक्त ने



बीएमओ को भी आरोपी बनाया है। लोकायुक्त ने आरोपियों के खिलाफ भ्रष्टाचार अधिनियम की धारा 7 के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

शिकायतकर्ता डॉ. बलवीर सिंह वर्मा ने एसपी लोकायुक्त इंदौर राजेश सहाय को शिकायत की थी जिसमें उल्लेख किया कि वह कालापानी उप स्वास्थ्य केंद्र में कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर के पद पर कार्यरत है। उनका वेतन और परफॉरमेंस बेस्ड इंसेंटिव (पीबीआई) मिलाकर कुल 2.87 लाख रुपए का भुगतान काफी समय से रुका हुआ था। इसे जारी कराने के लिए बीएमओ डॉ. राजवीर तोमर और कम्प्यूटर ऑपरेटर राहुल गुप्ता से संपर्क किया गया तो उन्होंने 50 हजार रुपए की मांग की। शिकायत के सत्यापन के बाद लोकायुक्त एसपी ने ट्रेप दल का गठन कर आरोपियों को पकड़ने का प्लान तैयार किया। कार्रवाई के दौरान राहुल गुप्ता को 35 हजार रुपए की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया। कंप्यूटर ऑपरेटर और बीएमओ दोनों आरोपियों के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। ट्रैप की यह कार्रवाई उप पुलिस अधीक्षक आनंद चौहान के नेतृत्व में निरीक्षक राहुल गजभिये सहित अन्य पुलिस कर्मियों की टीम ने की।

## प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत 480 नवीन आवास हितग्राहियों को स्वीकृति प्रमाण-पत्र वितरित

### 1.0 अंतर्गत हितग्राहियों को 555 आवासों में कराया गृह प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप

औद्योगिक नगर में शुक्रवार को नपा सभागार में आयोजित प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 1.0 अंतर्गत निर्मित आवासों का गृह प्रवेश व प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 अंतर्गत नवीन आवासों के हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र प्रदान किए गए। मुख्य नगर पालिका अधिकारी प्रशांत जैन ने बताया कि दोपहर में इन्दौर में आयोजित मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का लाईव प्रसारण देखा गया। उसी के तहत नपा सभागार में आयोजित कार्यक्रम में नगरपालिका परिषद क्षेत्र में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 1.0 अंतर्गत निर्मित 555 आवासों का गृह प्रवेश एवं प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 अंतर्गत 480 नवीन आवासों के हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र प्रदान किए।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से नगर पालिका अध्यक्ष प्रियंका राजेन्द्र अग्रवाल, उपाध्यक्ष पुष्पा प्रेमशंकर साहू,



पूर्व जिला अध्यक्ष राजेन्द्र अग्रवाल, पार्षद विनोद चौकसे मुख्य रूप से मौजूद रहे। इस दौरान नपा अध्यक्ष प्रियंका अग्रवाल ने कहा कि अब वह दिन दूर नहीं जब सरकार की महती योजना के तहत कोई भी वर्ग लाभ से वंचित रहेगा। अब हर वर्ग के पास अपना स्वयं का घर होगा। आज जिन हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र का वितरण किया जा गया है, इनके खाते में अब सीधे किस्त की राशि डाल दी जाएगी। नपा उपाध्यक्ष पुष्पा साहू ने कहा कि पीएम व सीएम की मंशा यह है कि हर वर्ग को बिना किसी भेद-भाव के लाभ दिया जाए।

# गुरु पूर्णिमा के दूसरे दिन भी बड़ी संख्या में भक्तों ने पहुंचकर गुरुजी का लिया आशीर्वाद



## मां चामुंडा दरबार में 58वां गुरु पूर्णिमा महोत्सव धूमधाम से मनाया, गुरुजी पूजन, चरण वंदना कर आशीर्वाद लिया

भोपाल। राजधानी में मां चामुंडा दरबार शाहजहांनाबाद में 58वां गुरु पूर्णिमा महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। गुरु पूर्णिमा के दूसरे दिन शुक्रवार को भी देश के विभिन्न शहरों से आए सैकड़ों शिष्यों ने पंडित रामजीवन दुबे गुरुजी का पूजन, चरण वंदना कर आशीर्वाद लिया। गुरुजी ने शिष्यों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## आश्रम चाणक्य, महाकाल घाटी में मनाया गुरु पूर्णिमा उत्सव

आश्रम चाणक्य, महाकाल घाटी में गुरु पूर्णिमा महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान मप्र यूपी, राजस्थान, हरियाणा, पंजाब, झारखंड, कलकत्ता सहित देश के विभिन्न शहरों से आए सैकड़ों शिष्यों ने महेश पुजारी का गुरु पूजन कर आनंद, उमंग और उल्हास के साथ गुरु पूर्णिमा उत्सव मनाया। आश्रम के रूपेश मेहता ने बताया कि इस अवसर पर अपने शिष्यों को मार्गदर्शन देते हुए महेश पुजारी ने कहा कि सनातन धर्म में धर्म गुरुओं की बाढ़ आ गई हैं। कई लोग अनजाने में अपने उद्धार के लिए ऐसे लोगों को गुरु बना रहे हैं, जिन्हें सनातन धर्म की परंपरा, मर्यादा और व्यवस्था का ज्ञान नहीं है। ऐसे धर्म गुरुओं के कारण सनातन धर्म बदनाम हो रहा हैं। इस मौके पर विजय पुजारी, मधुसूदन शर्मा, आशीष अग्निहोत्री, राकेश जोशी (राका गुरुजी), हितेश जरीवाला, रूपा गांगुली, गोपाल पुजारी, सुरेश शर्मा, अशोक शुक्ला, राजेश बैरागी, मुकेश खंडेलवाल, कप्तान बोबल, सुभाष यादव, राहुल व्यास, जयकिशन, राहुल शर्मा, मंगल पुजारी, घनश्याम दीक्षित, नेमीचंद परिहार, आशीष ठक्कर, किशन पांडे, राम शर्मा, गोविंद व्यास सहित सभी पदाधिकारी मौजूद थे।



## गुरु पूर्णिमा पर केंद्रीय जेल नर्मदापुरम में 450 कैदी भाइयों ने ली गुरु दीक्षा

गुरुदेव एवं बंदनीय माता जी के सूक्ष्म संरक्षण में अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा मां नर्मदा के तट पर स्थित नर्मदापुरम केंद्रीय जेल में 450 कैदी भाइयों ने गुरु दीक्षा ली। कैदी भाइयों ने गुरु दीक्षा में दुष्प्रवृत्तियों को छोड़कर सत्प्रवृत्तियों को अपनाने का संकल्प लिया।

केंद्रीय जेल नर्मदापुरम में खण्ड अ में 190 बंदी भाइयों ने एवं खण्ड ब में 260 बंदी भाइयों ने गायत्री मंत्र की दीक्षा लेकर अपने जीवन को संवारने का संकल्प लिया। पूर्व में दोनों जेलों में गायत्री परिवार द्वारा सतसाहित्य पुस्तकालय की स्थापना की गई थी, जिसमें गुरुदेव पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य द्वारा रचित सत साहित्य की स्थापना की गई थी एवं बंदी भाइयों द्वारा मंत्र लेखन अभियान के अंतर्गत करोड़ मंत्रों के लेखन का कार्य किया जा चुका है।

जेल अधीक्षक संतोष सोलंकी ने बताया कि मैं जब भी जेल का भ्रमण करता हूं तब बंदी भाई यहां मंत्र लेखन करते हुए या स्वाध्याय करते हुए दिखते हैं। इस प्रकार के गायत्री परिवार द्वारा चलाए जा रहे बंदी साधना अभियान से हमारे सैकड़ों बंदी भाई व बहने निरंतर शांतिपूर्वक साधना कर आपस में मिलजुल कर रहते हैं ।

## खबर संक्षेप

### बीबीए और बीसीए के लिए अब 20 से 52 हजार रुपए तक होगी फीस

**भोपाल।** प्रदेश के कॉलेज में बीबीए और बीसीए के लिए प्रवेश एवं फीस विनियामक कमेटी ने फीस तय कर दी है। प्रदेश में पहली बार बीबीए और बीसीए की फीस तय की गई है। यह फीस वर्तमान के साथ आगामी दो सत्रों पर लागू रहेगी। कालेजों ने अपनी फीस अधिक रखने के लिए प्रस्ताव तैयार कर कमेटी के सामने रखे थे। कई कॉलेजों ने अपने प्रस्ताव कोर्स का अध्ययन कितनी फीस में कराना चाहिए इसका उल्लेख ही किया नहीं। ऐसे कॉलेजों के प्रस्ताव को रिव्यू कराया गया है। कमेटी में पहुंचे प्रस्ताव में कालेजों ने एक से सवा लाख रुपए तक की फीस मांगी थी।

### इग्नू अब अंग्रेजी के साथ हिंदी माध्यम में भी कराएगा एमबीए

**भोपाल।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) अब एमबीए अंग्रेजी के अलावा हिंदी माध्यम से भी कराएगा। इग्नू ने जुलाई 2025 सत्र के लिए प्रबंधन में पीजी में प्रवेश के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू है। एमबीए में प्रवेश लेने के लिए न्यूनतम पात्रता 3 वर्षीय स्नातक डिग्री है। इसमें सामान्य वर्ग के लिए न्यूनतम 50 फीसदी अंक तथा आरक्षित वर्ग के लिए 45 फीसदी अंक अनिवार्य हैं। वरिष्ठ क्षेत्रीय निदेशक डॉ. उमेश चन्द्र पाण्डेय ने बताया एमबीए में विद्यार्थियों के लिए विशेष रूप से उपयोगी है, जो किसी भी क्षेत्र में स्नातक की डिग्री के उपरांत प्रबंधन में दक्षता प्राप्त कर अपने कॅरियर को एक नई दिशा देना चाहते हैं।

### माहवारी स्वास्थ्य एवं स्वच्छता जागरुकता अभियान चलाया



**भोपाल।** ज्ञानदीप चिकित्सा एवं शिक्षा समिति, भोपाल द्वारा माहवारी स्वास्थ्य एवं स्वच्छता अभियान के अंतर्गत भोपाल सहित आसपास के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के विभिन्न स्कूलों में किशोरी बालिकाओं को माहवारी से जुड़ी वैज्ञानिक जानकारी, स्वच्छता के उपाय, एवं स्वास्थ्य सुरक्षा के प्रति जागरूक किया जा रहा है। समिति की सक्रिय सदस्य साक्षी गुप्ता, लोकेश मित्तल और रितेश मित्तल ने जानकारी दी कि अब तक 1000 से अधिक स्कूलों में अभियान संचालित किया जा चुका है, जिसमें हजारों छात्राओं को लाभ मिला है।

### लायंस इंटरनेशनल की ओर से मानसिक स्वास्थ्य पर कार्यशाला

**भोपाल।** लायंस इंटरनेशनल की ओर से मानसिक स्वास्थ्य एवं कल्याण द्वारा आयोजित सत्संग कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस मौके पर मुख्य वक्ता अनिल दुलानी गुरुदेव ने कहा कि हमारा मानना है कि दुनिया ध्यान और आध्यात्मिक जागृति के लाभों से वंचित हो रही है हमारा मिशन दुनिया में ध्यान और आध्यात्मिक जागृति फैलाना है। कार्यक्रम के आरंभ में दीप प्रज्वलन के समय लायन सुषमा कुलश्रेष्ठ, लायन आशा राव द्वारा गायत्री मंत्र का पाठ किया गया।

## धार्मिक आस्था का प्रतीक पवित्र सावन मास शुरू, 9 अगस्त को मनाएंगे रक्षाबंधन

# श्रावण के पहले दिन ही शिव मंदिरों में जुटे भक्त, जगह-जगह हुआ शिवलिंग निर्माण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

धार्मिक-आस्था के प्रतीक पवित्र सावन मास की शुरुआत शुक्रवार से हो गई है। 9 अगस्त रक्षाबंधन तक सावन माह होने के चलते श्रद्धालु भगवान भोलेनाथ की भक्ति में लीन रहेंगे। सावन माह के पहले दिन शिव भक्तों की मंदिरों में भीड़ उमड़ी। मंदिरों में धार्मिक अनुष्ठान हुए और जगह-जगह पार्थिक शिवलिंग बनाए गए। सावन मास में भगवान भोलेनाथ की आरधना का विशेष महत्व है। सावन की शुरुआत के साथ ही शहर का माहौल शिवमय हो गया। एक माह तक श्रद्धालु भगवान की आराधना की जाएगी।

सावन मास के पहले दिन शुक्रवार को मंदिरों और घरों में भगवान शिव का पंचामृत से अभिषेक और चंदन, धतूरा, बेल पत्र से श्रृंगार किया गया। सुभाष कॉलोनी, अशोका गार्डन स्थित मां भवानी, शिव हनुमान मंदिर में महिलाओं ने माटी से शिवलिंग निर्माण कर उनका पूजन-अभिषेक किया। गुफा मंदिर में अभिषेक और आरती की गई। मंदिरों में शिवजी का गंगाजल, दूध-दही, शहद आदि से अभिषेक कर पुष्प, बिल्ब पत्र, धतूरा, फल आदि अर्पित किए। सोमवारा स्थित बड़वाले महादेव मंदिर में भगवान बटेश्वर का अनेक यजमानों ने अभिषेक किया।

मां चामुण्डा दरबार के पुजारी गुरु पंडित रामजीवन दुबे ने बताया कि वैधृति योग गुरु आदित्य राजयोग, मालव्य राजयोग, धन शक्ति राजयोग में सावन माह की शुरुआत शुक्रवार से हो गई। इस मौके पर शिवालयों में पार्थिव शिवलिंग का निर्माण कर पूजा-पाठ का सिलसिला भी शुरू हो गया है। शिव की आराधना करने वाले जातकों की आयु में वृद्धि होगी।



### सुख-समृद्धि के लिए लगाई अर्जी

राठौर समाज के गिन्नौरी स्थित संकट हरण महादेव मंदिर में भोलेनाथ का जल व दूध से अभिषेक के बाद श्रृंगार किया गया। इस मौके पर भगवान भोलेनाथ से सुख समृद्धि के लिए भक्तों ने अर्जी लगाई।

### मंदिरों में हुई विशेष पूजा-अर्चना

श्रावण मास में शहर के शिवालय सहित अन्य मंदिरों में भगवान भोलेनाथ की आराधना, रुद्राभिषेक किया गया। पुराना माता मंदिर स्थित आदर्श नवदुर्गा मंदिर में महीने भर तक प्रतिदिन सुबह भगवान भोलेनाथ का रुद्राभिषेक और धार्मिक अनुष्ठान किए जाएंगे। पहले दिन भी विशेष पूजा पाठ की गई। इसी तरह झरनेश्वर मंदिर, सिद्धेश्वर मंदिर नेहरू नगर सहित शहर के अन्य मंदिरों में भी सावन में भगवान भोलेनाथ का अभिषेक और पूजा-अर्चना की जा रही है।

### दादाजी धाम मंदिर में रुद्राभिषेक शुरू

दादाजी धाम मंदिर रायसेन रोड पटेल नगर में सावन माह के पहले दिन शुक्रवार से रुद्राभिषेक प्रारंभ हुआ। श्री श्री 1008 श्री दादाजी गुरुदेव चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष शिवरतन नामदेव ने बताया है कि सावन माह के प्रत्येक दिन भक्तों द्वारा रुद्राभिषेक किए जाएंगे। एवं ट्रस्ट के द्वारा सोमवार को रुद्राभिषेक का विशेष आयोजन किया जाएगा। मंदिर में भक्तों द्वारा अभिषेक के लिए बुकिंग की जा रही है।

### पिपलेश्वर महादेव का किया अभिषेक

साकेत नगर 9बी के प्रंगण में विराजे पिपलेश्वर महादेव मंदिर में कॉलोनी वासियों के सहयोग से प्रातः 9 बजे से बाबा का अभिषेक प्रारंभ हुआ, जो दोपहर करीब ढाई बजे आरती और प्रसाद वितरण के साथ संपन्न हुआ। इस दौरान भोलेनाथ का अभीषेक करने बड़ी संख्या में कॉलोनी की महिलाएं और पुरुष शामिल हुए। शाम को भजन-कीर्तन कर भगवान पिपलेश्वर महादेव की अराधना की।





## बम-बम भोले के जयघोष से गूंजा भोपाल स्टेशन

# 13 साल की बच्ची और 68 के बुजुर्ग भी गए अमरनाथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

ओम सेवा शक्ति मंडल भोपाल का सावन माह के पहले दिन शुक्रवार को अब तक सबसे बड़ा जत्था 351 श्रद्धालुओं को लेकर मालवा एक्सप्रेस से अमरनाथ के लिए रवाना हो गया। श्रद्धालुओं को विदा करने के लिए भोपाल रेलवे स्टेशन पर मंडल की महिला शाखा की अध्यक्षा दिव्या बोहरा व सदस्य पहुंचे। जिन्होंने फूल माला पहनाकर और तिलक लगाकर यात्रियों को विदा किया। इस दौरान बम-बम भोले के जयघोष से पूरा रेलवे स्टेशन गुंजायमान हो गया।

रिंकू भटेजा ने बताया कि भोपाल का सबसे बड़ा जत्था 351 भक्तों का विशाल जत्था मालवा एक्सप्रेस से रवाना हुआ। इस जत्थे में भोपाल, विदिशा, शुजालपुर एवं आसपास के ग्रामीण अंचल के भक्त शामिल हैं। बालटाल से जाने वाले भक्तों का नेतृत्व रिंकू भटेजा एवं प्रदीप सोनी द्वारा किया जाएगा एवं पहलगाम से जाने वाले श्रद्धालुओं का नेतृत्व मुकेश यादव एवं नंदू यादव द्वारा किया जाएगा। जत्थे में 51 महिलाएं भी शामिल है। 13 साल की बच्ची अवनी यादव एवं 68 साल के जनार्दन शर्मा जत्थे में शामिल है। इस मौके पर चेयरपर्सन मंजू गौतम, राजकुमार शर्मा, परमजीत सिंह खनूजा, स्वदेश सोनी, संजय जैन सचिन सेवा रमानी, दिनेश श्रीवास्तव, बृजेश पाठक, राज नारायण पटेल, मनोज पांडे, रंजीत गुप्ता, एलआर पटेल, प्रकाश पाटिल, दीपक कुशवाहा, त्रिपाठी आदि श्रद्धालु उपस्थित थे।



## चित्रगुप्त मंदिर भवानी धाम में की महाआरती

**भोपाल।** श्री चित्रगुप्त मंदिर मां केदारेश्वरी मंदिर भवानी धाम फेस वन में माह के दूसरे गुरुवार को आयोजित होने वाली महाआरती का आयोजन शाम 7:30 बजे से किया गया। इस आरती में बड़ी संख्या में समाजजन जुटे। वहीं, इस बार की श्रृंगार, पूजन, प्रसादी की व्यवस्था मंदिर के वरिष्ठ सेवक प्रदीप सक्सेना, अभिजीत सक्सेना (भ्याना) अयोध्या नगर की ओर से की गई। वहीं आरती के पश्चात यह भी बताया गया कि अगले माह अगस्त की महा आरती अशोक सक्सेना, संजय सक्सेना (टीटू भाई) छत्रपति नगर की ओर से होगी।

**सीए बनने पर मुस्कान का सम्मान**-इस अवसर पर ईटखेड़ी परिवार के देवेंद्र-सारिका सक्सेना की पुत्री मुस्कान के सीए की परीक्षा में पास होने पर उनका सम्मान समाज की ओर से किया गया। इस अवसर पर उमेश सक्सेना, प्रकाश राय सक्सेना, शिव सक्सेना समेत बड़ी संख्या में समाजजन मौजूद थे।

## 14 फीट ऊंचे चांदी के झूले में विराजेंगे बाल गोपाल

श्रीजी मंदिर में आज से शुरू होगा हिंडोला उत्सव

**भोपाल।** 12 जुलाई को पुष्टिमार्गीय वैष्णव संप्रदाय के श्रीजी मंदिर में में हिंडोला उत्सव शुरू हो रहा है। प्राचीन मंदिर लखेरापुरा श्रीजी मंदिर में भगवान श्री कृष्ण शनिवार को बाल स्वरूप में 14 फीट ऊंचे चांदी के झूले में झूलेंगे। वहीं शहर के बाकी राधा-कृष्ण मंदिरों में भी हिंडोला उत्सव की शुरुआत होगी। श्रीजी मंदिर के मुखिया पंडित श्रीकांत शर्मा ने बताया कि मंदिर में भगवान 31 दिन झूला झूलेंगे। श्रवण नक्षत्र से हिंडोली प्रारंभ हो जाते हैं, जोकि उत्तराभाद्रपद नक्षत्र (11 अगस्त) तक होंगे। लगभग इस वर्ष प्रभु श्रीनाथजी 31 दिन हिंडोली में झूलेंगे। इसमें जहां प्रथम 8 दिन नंद भवन में, फिर 8 दिन गिरिराज जी पर, फिर 8 दिन कुंज निकुंज में, फिर अंतिम 8 दिन श्री यमुना पुलिन पर झूला झूलते है। प्रभु श्रीनाथजी अपने



14 फीट ऊंचे चांदी के झूले में विराजमान होकर दर्शन देंगे। इन 31 दिन में प्रभु अलग-अलग झूले में विराजमान होकर दर्शन देंगे। जैसे फूल पत्ती, मोती, कांच, सब्जी फल, कपड़े के जरी के विविध प्रकार के झूले में प्रभु विराजमान होंगे। इन झूला को तैयार करने के लिए तैयारी शुरू हो गई है। मंदिर में आने वाली वैष्णव महिलाएं द्वारा मोती एवं रंगीन चित्रकला की पट्टियां बनाना शुरू कर दी गई है। साथ में लाल कलर के झूले के नीचे लाल कलर के जरी का वस्त्र बिछाया जाएगा। 15 दिन प्रभु श्रीनाथजी संध्या आरती के बाद चांदी के झूले मैं विराजमान होंगे। फिर हरियाली अमावस्या से कपड़े के पंचमी से फूल के झूले नवमी को बगीचे में विराजमान होंगे। एकादशी वाले दिन प्रभु को सूत से बनी हुई माला( पवित्रा) पहनाई जाएगी।

## कार्यस्थल पर पीड़िता को शिकायत दर्ज कराने के लिए प्रेरित करना चाहिए : सोनाली मिश्रा

- मप्र राज्य महिला आयोग द्वारा आयोजित की गई एक दिवसीय कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पॉश अधिनियम महिलाओं की सुरक्षा की दिशा में ऐतिहासिक पहल है। पुलिस विभाग इसे केवल कानून प्रावधान नहीं, बल्कि सामाजिक उत्तरदायित्व के रूप में देखता है। कार्यस्थल पर पीड़िता को शिकायत दर्ज कराने के लिए प्रेरित करना चाहिए। शासकीय सेवा में नियुक्ति के समय महिलाओं के साथ पुरुषों का भी ओरिएंटेशन किया जाना चाहिए। कार्यस्थल पर गठित समिति को देखना चाहिए कि पॉश अधिनियम का दुरुपयोग न किया जा रहा हो। यह बात अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक सोनाली मिश्रा ने कही। मप्र राज्य महिला आयोग द्वारा शुक्रवार को पं. सुंदरलाल शर्मा केन्द्रीय व्यावसायिक शिक्षण संस्थान में कार्यस्थल पर महिलाओं का लैंगिक उत्पीड़न अधिनियम-2013 पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

### कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न दंडनीय अपराधः विनीत कपूर

पुलिस उप महानिरीक्षक विनीत कपूर ने कहा कि कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न दण्डनीय अपराध है। पॉश अधिनियम का मुख्य उद्देश्य कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न को रोकना, उनके सुरक्षित, सम्मानजनक और समान अवसरों वाला कार्य वातावरण उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि कार्यालय में उत्पीड़न समिति के सदस्यों का नाम नोटिस बोर्ड पर प्रमुखता से लिखा होना चाहिए।

### महिला कर्मचारियों को पॉश अधिनियम के प्रति करना है जागरूक

मप्र बाल संरक्षण आयोग की सदस्य निशा सक्सेना ने कहा कि इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य महिला कर्मचारियों को पॉश अधिनियम के प्रति जागरूक करना है। राज्य महिला आयोग के सचिव सुरेश तोमर ने कहा कि पॉश अधिनियम की जानकारी सभी कर्मचारियों को देना संस्थानों की जिम्मेदारी है। समय-समय पर कर्मचारियों के लिए संवेदनशीलता और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह अधिनियम न केवल महिलाओं के अधिकारों की रक्षा करता है बल्कि संस्थानों को नैतिक और कानूनी रूप से जवाबदेह भी बनाता है।

आरजीपीवी की कार्यपरिषद की बैठक में लिए गए कई अहम निर्णय

# पांचवां यूआईटी विधानसभा क्षेत्र शुजालपुर में खोला जाएगा, नए नियम से होगी पीएचडी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (आरजीपीवी) में शुक्रवार को कार्यपरिषद (ईसी) की बैठक में कई अहम निर्णय लिए गए, जिसमें पांचवां यूआईटी विधानसभा क्षेत्र शुजालपुर में खोले जाने और नए नियम के साथ आरजीपीवी में पीएचडी कराने का निर्णय सबसे अहम रहा। यानि अब वर्ष 2022 में लागू किए गए नियम से पीएचडी कराई जाएगी। अभी तक आरजीपीवी द्वारा वर्ष 2017 के नियम के अनुसार पीएचडी कराई जा रही थी।

कार्यपरिषद की बैठक में करीब आधा दर्जन मुख्य प्रस्ताव रखे गए। इन प्रस्तावों पर परिषद के अध्यक्ष और सदस्यों द्वारा विस्तृत चर्चा कर निर्णय लिए गए। कुछ प्रस्तावों को अगली बैठक में रखने के लिए निर्देशित किया गया। ईसी के निर्णय के अनुसार आरजीपीवी का पांचवां यूनिवर्सिटी इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (यूआईटी) शुजालपुर में शुरू किया जाएगा। इसके पहले आरजीपीवी कैंपस के एक यूआईटी के साथ झाबुआ, शहडोल और शिवपुरी में यूआईटी संचालित हो रहे हैं। वहीं आरजीपीवी में प्रस्तावित राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय स्थल चयन पर ईसी ने अपनी मुहर लगा दी है। यह विवि आरजीपीवी में संचालिए एमसीए विभाग के भवन में संचालित किया जाएगा। ईसी में इस संबंध में जानकारी दी गई कि आरजीपीवी द्वारा वर्ष 2022 के नियम को एडॉप कर लिया गया है।

## आरजीपीवी : फैकल्टी की मनमानी के खिलाफ अभाविप ने किया विरोध प्रदर्शन

### कुलपति और कार्यपरिषद को सौंपे ज्ञापन



राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (आरजीपीवी) के यूनिवर्सिटी इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के कंप्यूटर साइंस विभाग में गंभीर अनुशासनहीनता, महिला गेस्ट फैकल्टी के साथ अभद्र व्यवहार, मानसिक उत्पीड़न और छात्रों के साथ दुर्व्यवहार का आरोप लगाते हुए शुक्रवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा प्रदर्शन किया गया।

इसके साथ ही कुलपति और कार्यपरिषद को ज्ञापन सौंपे गए। अभाविप ने कुलगुरू को दिए ज्ञापन में विभाग के प्राध्यापक उदय चौरसिया एवं विभागाध्यक्ष डॉ. मनीष अहिरवार के विरुद्ध अनुशासनात्मक और कानूनी कार्रवाई की मांग की गई। वहीं कार्यपरिषद सदस्यों को गुलाब का फूल भेंट कर ज्ञापन सौंपा गया। इसके साथ ही विभाग में बीते वर्षों से चल रही अंदरूनी गुटबाजी, पक्षपात, और महिला फैकल्टी के उत्पीड़न की विस्तृत जानकारी दी गई।

# एमएनसी की जॉब छोड़ महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने का लिया प्रण और बनाया हरदा की 50 महिलाओं को आत्मनिर्भर

## होटल पलाश में विविधा राखी स्पेशल एग्जीबिशन कम सेल का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कहते हैं यदि मन में दृढ़ इच्छाशक्ति हो तो कई मुश्किलों के बाद भी अपनी राह इंसान बना ही लेता है, ऐसा ही कुछ किया प्रदेश के रामकृष्ण ने। जिन्होंने अपनी गुजरात की एक बड़ी कंपनी की नौकरी छोड़ महिलाओं का आत्मनिर्भर बनाने का संकल्प लिया। रामकृष्ण ने हरदा जिले की 50 महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाया, जिसमें उनके भीतर छिपे हुनर को मंच दिया, जिससे इनकी पहचान भी बनी और वे आत्मनिर्भर भी बनीं। रामकृष्ण ने आत्मनिर्भर के गुणों को इन महिलाओं ने प्रदर्शित किया होटल पलाश में जारी विविधा प्रदर्शनी में। मप्र महिला उद्यमी संगठन (मावे) की इस



प्रदर्शनी में देशभर की महिला आंत्रप्रिन्योर ने अपने उत्पादों को एग्जीबिट किया। जिसमें हरदा जिले की 8 महिलाओं की टीम 'ग्राम पुकार' ने हैंडमेड आइटम्स को अपने स्टॉल पर एग्जीबिट किया, जिसमें क्रोशिया और टेराकोटा से बनी राखी, हैंडमेड बैग्स, क्लच, ब्लाउज, स्कर्ट टॉप जैसे ढेरों प्रोडक्टस ने दर्शकों का मन मोह लिया।



### क्रोशिया और टेराकोटा से बनाई राखी....

रामकृष्ण ने कहा कि मैंने इन्हें कुछ नहीं सिखाया, इनके भीतर एक प्रतिभा रूपी चिंगारी थी, जिसे मैंने आग देने का काम किया और आज इनके बने प्रोडक्ट्स देश के कई भागों में पहुंच चुके हैं। इनमें से कई महिलाएं जनजातीय इलाकों से भी हैं, जिनके हुनर को बस हमनें मंच देने का काम किया। ग्राम पुकार ग्रुप की एक महिला रंजना कहती हैं कि मेरे पति का पिछले वर्ष देहांत हो गया था, मेरे पास आजीविका का कोई साधन भी नहीं था, तब इस संस्था के बारे में पता चला, क्योंकि मुझे क्रोशिए से काम करना आता था तो मैंने क्रोशिए से राखी सहित कई होम डेकोरेटिव आइटम बनाए। वहीं, जनजातीय अंचल की वर्षा ने टेराकोटा के प्रयोग से राखियां बनाई जो अपने आप में मनभावन हैं।



### व्यक्ति की पर्सनालिटी के अकार्डिंग चंदेरी फेब्रिक से करेंगे ड्रेस डिजाइन

एग्जीबिशन में भोपाल की विशाखा श्रीवास्तव के स्टॉल पर चंदेरी की डिजाइनर साड़ियों की ढेरों वैरायटी मौजूद हैं। विशाखा कहती हैं कि इस स्टॉल पर मैंने चंदेरी के वीवर मोहम्मद सलीम द्वारा बनाई गई चंदेरी की साड़ियों को डिसप्ले किया। साथ ही हम चंदेरी फेब्रिक से मनचाही ड्रेस भी डिजाइन करने का काम करते हैं, जिसमें व्यक्ति की पर्सनॉलिटी के अकार्डिंग ही हम ड्रेस डिजाइन करेंगे।



---

## खबर संक्षेप

### सुरमाला का 'रिमझिम गिरे सावन' कार्यक्रम आज

**भोपाल।** राजधानी के एसवी पॉलिटेक्निक के सभागार में कल सुरमाला म्यूजिकल ग्रुप का गीतों भरा कार्यक्रम 'रिमझिम गिरे सावन' का आयोजन किया जाएगा। ग्रुप की सुरंगमा सक्सेना ने बताया कि दोपहर 3 बजे से शुरू होने वाला कार्यक्रम देर शाम तक चलेगा और इसमें शहर के अनेक सिंगर अपने गीतों की प्रस्तुति कराओके पर देंगे। कार्यक्रम में शहर के मशहूर सिंगर मोहन बेलानी, नरेश कुमार, रमेश नाथानी, अशोक मनवानी, अजय खंगन, संतोष मोहन तिवारी, सूरंगमा सक्सेना, मीता, रुचिता समेत 50 से अधिक सिंगर अपनी आवाज का जादू बिखेरेंगे।



### भोपाल के गायक रतलाम के गुलाब चक्कर में देंगे प्रस्तुति

**भोपाल।** भोपाल शहर अपनी आबो हवा और खूबसूरती के लिए तो देश विदेश में ख्याति प्राप्त हैं, लेकिन भोपाल की आबो हवा में कहीं न कहीं संगीत की धुन भी सुनाई देती हैं, जो बरबस ही किसी का ध्यान अपनी ओर खींच लेती हैं। इसमें भोपाल के कलाकारों द्वारा संगीत की यह मंडली सजती है, कभी रविंद्र भवन के गलियारों में तो कभी गौहर महल के मंच पर इनकी प्रस्तुति शहर की हवाओं में संगीत की इस सुंगध घोल देती है। ऐसे ही भोपाल के प्रसिद्ध संगीत प्रेमियों के साथ-साथ गायकों का ग्रुप कल 12 जुलाई को रतलाम के गुलाब चक्कर पर अपनी प्रस्तुति देंगे। इस प्रस्तुति में भोपाल के गायक सुमीत शर्मा, विजय पित्रे, जितेंद्र आर्य, अजय राजपूत, योगेश आनंद (इंदौर) शामिल हैं।

---

### 13वें भीष्म साहनी स्मृति बहुभाषीय नाट्य समारोह में प्रस्तुतियां

# प्रेमचंद की 315 कहानियों पर नाट्य प्रस्तुति देकर लिम्का बुक, वर्ल्ड वाइड रिकॉर्ड में कराया नाम दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुंशी प्रेमचंद ने सैकड़ों कहानियां लिखी, जिस पर आधारित नाट्य प्रस्तुतियां यदा-कदा देखने को भी मिल जाती, जिसमें सबसे अधिक बड़े भाई साहब, ईदगाह, बड़े घर की बेटी, कफन जैसी कहानियों पर नाट्य प्रस्तुतियों का दर्शकों ने कई बार मंचन देखा होगा, लेकिन मुंशी प्रेमचंद की करीब 315 कहानियों पर एक ही दल द्वारा नाटक बनाना और इसे मंच पर प्रस्तुत करना अपने आप में ही रिकार्ड के बराबर है। ऐसा ही कुछ कर दिखाया है मुंबई के मुजीब खान ने। 36 साल से थिएटर से जुड़े मुजीब खान देश के ऐसे इकलौते शख्स हैं, जिन्होंने मुंशी प्रेमचंद की 315 कहानियों पर नाटक का निर्देशन किया और इसी कारण उनका नाम लिम्का बुक ऑफ रिकाड्र्स और वर्ल्ड बुक ऑफ रिकार्ड में अपना नाम दर्ज कराया है। इन नाटकों को वे 'आदाब, मैं प्रेमचंद हूं' सीरिज के नाम से मुंबई के साठे कॉलेज समेत देश के अलग-अलग शहरों में मंचित कर चुके हैं। जब वे 18 साल के थे, तब मुंबई ड्रामा कॉम्पटीशन में उनका लाचार-ए-माई नाटक चौथे स्थान पर रहा था।

*रंग श्री लिटिल बैले में मुजीब खान निर्देशित दो नाटक ज्वालामुखी (गुजराती), भीती अपमानाची (मराठी) का मंचन*



### समाज से डरा हुआ व्यक्ति नहीं खाता ईश्वर से खौफ....

आइडिया ड्रामा एण्ड एन्टरटेन्मेंट अकादमी द्वारा प्रस्तुत पहले नाटक 'भीती अपमानाची' एक मराठी नाटक है, जिसमें दिखाया कि एक आदमी जो अपनी बीवी से छिपकर किसी दूसरी लड़की से मोहब्बत करता है और जब यह बात बीवी को पता चलती है तो वह उसे छोड़ना चाहती है, लेकिन वह आदमी कहता है कि मैं एक बहुत बड़ा वकील हूं, बाहर निकलूंगा तो समाज में मेरी क्या इज्जत रह जाएगी। तब बीवी उसे तंज करती है कि समाज का खौफ है, लेकिन खुदा का खौफ नहीं है। आज इंसान ईश्वर के खौफ को भूल गया है, बस समाज से डरता हुआ घूम रहा है। जब तक तुम समाज से डरोगे तब तब तुम स्वयं से इंसाफ नहीं कर पाओगे। मराठी के इस नाटक के द्वारा कहीं न कहीं वर्तमान समय में व्याप्त एक्स्ट्रा मैरिटल अफेयर की सच्चाई नाट्य रुप में प्रस्तुत की।



### 800 से अधिक एकांकी और 10 से अधिक नाटकों का निर्देशन भी मुजीब के खाते में



मुजीब खान निर्देशित दो नाटकों का मंचन शुक्रवार शाम रंग श्री लिटिल बैले में आयोजित 13 वें राष्ट्रीय भीष्म साहनी स्मृति बहुभाषीय नाट्य समारोह में देखने को मिला। ज्वालामुखी (गुजराती), भीती अपमानाची (मराठी) नाटकों का लेखन भी प्रेमचंद ने किया, जिसका निर्देशन मुजीब खान ने किया। मुजीब ने 800 से अधिक एकांकी और 10 से अधिक पूर्ण नाटकों का निर्देशन भी किया है।



### जॉम्बी की कहानी से प्रेरित नाटक 'ज्वालामुखी'

वहीं, दूसरी प्रस्तुति गुजराती नाटक ज्वालामुखी की रही जिसमें दिखाया गया कि मुंशी प्रेमचंद समय से आगे की सोच रखते थे और उनकी यही सोच उनकी नाट्य प्रस्तुतियों में देखने को मिलती थी। ऐसी ही कहानी है जॉम्बी की, जिस पर आधारित फिल्म का निर्माण भी 1982 में हुआ। और इस कहानी को प्रेमचंद ने 1915 में ही लिख दिया था, इसी पर आधारित नाटक ज्वालामुखी में दिखाया गया कि कैसे एक खूबसूरत औरत, खूबसूरत मर्दों को अपने प्रेम जाल में फंसाती है और फिर उन्हें जॉम्बी बना देती है और एक-एक करके वह कई आदमियों को अपने एक म्यूजियम में जॉम्बी के रूप में लाकर खड़ा कर देती है और इसका खुलासा होता है एक बुजुर्ग व्यक्ति के द्वारा। जब वह बताता है कि यह औरत किस तरह से आदमियों को मारकर उनका म्यूजियम बना रही है।

---

# पुणे में हुए ब्यूटी पेजेंट शो में गोल्ड कैटेगरी में हिमानी को मिला खिताब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सपनों की कोई उम्र नहीं होती, परिवार की जिम्मेदारियों के साथ भी आप अपने सपनों को पूरा कर सकती हैं। जरूरत सिर्फ जुनून और आत्मविश्वास की है। यह कहना है भोपाल की फिटनेस ट्रेनर हिमानी सिंह का। हिमानी ने हाल ही में पुणे के हयात होटल में आयोजित ब्यूटी पेजेंट कॉम्पिटीशन में मिसेज इंडिया एम्प्रेस ऑफ द नेशन 2025 का खिताब जीता। शुक्रवार को पत्रकारों से चर्चा करते हुए हिमानी ने अपनी इस यात्रा पर विस्तार से चर्चा की।

*आत्मविश्वास और संवाद शैली के बल पर हिमानी ने जीता मिसेज इंडिया एम्प्रेस ऑफ द नेशन 2025 का टाइटल*




### इनकी रही उपस्थिति

हिमानी ने कहा कि यह उपलब्धि उनके लिए खास है, क्योंकि एक साल पहले ही उन्होंने मिसेज मध्यप्रदेश का खिताब जीता था, जिससे उनका आत्मविश्वास और भी बढ़ा। इस अवसर पर द पेजेंट इंडिया कंपनी की मध्यप्रदेश चैप्टर की प्रमुख फराह अनवर, कला विशेषज्ञ हरिओम जटिया और दानिश मुख्य रूप से उपस्थित हुए।

### चुनौतीपूर्ण रही ब्यूटी पेजेंट की यात्रा

हिमानी ने बताया कि मेरे लिए यह यात्रा आसान नहीं रही। मैंने अपनी फिटनेस ट्रेनिंग के साथ-साथ ब्यूटी पेजेंट की तैयारी की और खुद को हर स्तर पर साबित किया। इस यात्रा में मुझे परिवार का भरपूर सहयोग रहा, जिसके बिना यह सफलता संभव नहीं हो पाती।

### गोल्ड कैटेगरी में जीता खिताब

हिमानी ने बताया कि इस प्रतियोगिता का आयोजन 29 जून को पुणे में किया गया। इसमें बॉलीवुड अभिनेता तनिषा मुखर्जी और रोहित रॉय बतौर सेलिब्रिटी जज शामिल हुए। इसमें देश-विदेश के कुल 53 प्रतिभागी शामिल हुए। एक के बाद एक हुए राउंड में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए हिमानी ने गोल्ड कैटेगरी में खिताब जीता। प्रतियोगिता के विभिन्न दौरों में उन्हें रैम्प वॉक, इंटरव्यू और क्वेश्चन-आंसर राउंड से गुजरना पड़ा, जिनमें उन्होंने आत्मविश्वास और संवाद शैली के बल पर जीत हासिल की।

---

# बिरला संग्रहालय में रामायण, महाभारत सहित विभिन्न विषयों के डाक टिकटों की प्रदर्शनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

जीपी बिरला संग्रहालय में पूर्व प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश उमेश गुप्ता द्वारा रामायण, महाभारत सहित विभिन्न विषयों के डाक टिकटों एवं देश विदेश के सर्वकालीन महान खिलाड़ियों के फोटो प्रदर्शित किए गए हैं। उमेश गुप्ता ने बताया कि रामायण, महाभारत न केवल धार्मिक ग्रन्थ हैं, वल्कि भारतीय संस्कृति का एक महत्वपूर्ण अंग भी है। उनके द्वारा प्रदर्शित





डाक टिकट सीता-राम स्वयंबर, राम का वनवास, केवट प्रसंग से लेकर रावण पर विजय और अयोध्या लौटने तक की घटनाओं को दर्शाते हैं। इसी प्रकार महाभारत की डाक टिकटों में द्रोपदी स्वयंवर, युधिष्ठिर और दुर्योधन के बीच खेला गया चौपड़ का खेल आदि घटनाओं को दर्शाता है। यह प्रदर्शनी सुबह 10 बजे से शाम 5.30 तक ओपन रहेगी।

## सप्रे संग्रहालय को प्राप्त हुईं 1940 के दशक की महत्वपूर्ण पत्र-पत्रिकाएं



**भोपाल।** ज्ञानतीर्थ सप्रे संग्रहालय की बौद्धिक संपदा में शुक्रवार, 11 जुलाई को एक और अध्याय जुड़ा, जब 1940 के दशक के पत्र-पत्रिकाओं सहित अन्य सामग्री प्राप्त हुई। यह सामग्री सत्यम कला एवं संस्कृति संग्रहालय, सागर के अध्यक्ष दामोदर अग्निहोत्री ने यह सामग्री प्रदान की है। संग्रहालय के संस्थापक निदेशक विजयदत्त श्रीधर ने बताया कि इनमें पांचजन्य, जयहिन्द, अमृत बाजार पत्रिका, आदर्श, शुभचिंतक, हितवाद, सन्मार्ग, अग्रगामी, नया खून, संसार और विश्वमित्र तथा संगम, साप्ताहिक हिन्दुस्तान, धर्मयुग, माधुरी, मदारी, इलस्ट्रेटेड वीकली ऑफ इंडिया की प्रतियां शामिल हैं।

# डरता हूं खुद सा होने में, सो डर है मुझको रोने में...

## छतनारा समूह की 53वीं संगत का छतनारा आर्ट होम में 53वीं संगत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

डरता हूं खुद सा होने में, सो डर है मुझको रोने में, गर काट रहे विष इसमें क्या, क्यूं ध्यान रखा न बोने में.... अनुपम शर्मा की इस रचना पर श्रोता वाह-वाह कर उठे। वहीं, मोहिनी की कविता अक्षरों की फुहारें, यादों के ताल को, मचलती हैं, रिस रहा है कहीं से, सैलाब, मेरी पलकें टीले सरकातीं, सब डूबता देख रही हैं, बिखरी चीखें, चहुं ओर, ताल संग, रुदन प्रणाली एक समान.... कविता ने श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। गीतों और कविताओं से सजी 53वीं संगत का आयोजन छतनार में हुआ। जिसमें शहर के युवा कवियों ने अपने चंद अशयार पेश कर श्रोताओं की खूब तालियां बंटौरी। होस्ट निशान्त ने सभी को संगत की परिकल्पना के बारे में बताया और सार्थक कला की परिभाषा साझा की।

### छतनारा लाइब्रेरी में किताबों पर हुई चर्चा



कार्यक्रम की शुरुआत कविताओं से हुई। युवा शायर अनुपम शर्मा ने अपनी नज्म और शेर, ऋतुराज ने गीत सुनाए। फौजिया खान ने अंग्रेजी में कविता सुनाई। सीमा खरे ने हिंदी कविताओं पर बात करते हुए अपनी दो कविताएं सुनाईं। इसी सिलसिले में निशान्त ने अपनी गद्य-कविताएं सुनाते हुए गद्य और पद्य के सम्बन्ध को रेखांकित किया। योग शिक्षक और कवि, कृष्णा ने अपने मुक्तक सभी को सुनाए। मोहिनी शर्मा ने अपनी कविताओं का पाठ किया और कविता की रचना प्रक्रिया पर बातचीत की। कविताओं के बाद गानों का दौर शुरू हुआ। प्रस्तुतियों के बाद सभी कलाकारों ने मिलकर जैमिंग की। इसके बाद सभी कलाकारों ने छतनारा लाइब्रेरी में किताबों और एक दूसरे की रचनाओं पर विस्तृत बातचीत की।

# वैश्य गरिमा मंच में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और सम्मान समारोह



**भोपाल।** वैश्य गरिमा मंच द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ साथ सम्मान समारोह का आयोजन शुक्रवार को एमपी नगर के एक निजी होटल में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रीय अध्यक्ष शत्रुघ्न शाह ने की। इसके बाद मंच पर मध्यप्रदेश गीत पर प्रस्तुत नृत्य ने सभी उपस्थितजनों का मन मोह लिया। इसके बाद कार्यक्रम में शामिल सभी प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र वितरित किए गए।

### भारत भवन में कलावार्ताः पद्मश्री हरचंदन सिंह भट्टी के जीवन यात्रा पर हुई चर्चा

# वर्ष 1999 में पहली बार 22 दिन में खजुराहो में तैयार हुआ था आदिवर्त संग्रहालय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बात जून 2011 की है जब पहली बार मेरे सामने मप्र जनजातीय संग्रहालय में बतौर कलाकार काम करने का अवसर आया। मुझे यह अवसर हरचन्दन सिंह भट्टी ने दिया। जब मैं वहां पहुंची तो देखा कि सिर्फ एक इमारत है जिसे संग्रहालय का स्वरूप देना है। यह कार्य बहुत मुश्किल और चुनौतीपूर्ण था। लेकिन चुनौतियों के बीच रास्ता निकाल लेना और असंभव कार्य को संभव कर देना इसी का नाम था हरचन्दन सिंह भट्टी।

यह कहना है वरिष्ठ सिरेमिक आर्टिस्ट शंपा शाह का। शंपा शुक्रवार को भारत भवन में आयोजित कलावार्ता की श्रृंखला में बतौर मुख्य वक्ता उपस्थित थीं। इस दौरान उन्होंने वरिष्ठ कलाकार और पद्मश्री हरचंदन सिंह भट्टी की कला यात्रा पर विस्तार से चर्चा की। इस अवसर पर कलाकार देवीलाल पाटीदार और राहुल रस्तोगी ने भी भट्टी की 40 वर्षों से अधिक की वृहद कला यात्रा पर अपने अनुभव साझा किए।



### 1 हजार से अधिक कलाकारों ने 2 वर्ष में किया काम

शंपा शाह ने कहा कि मुझे जब इस संग्रहालय के निर्माण से जोड़ा गया तब में मानव संग्रहालय में काम करती थी। यह कार्य भी मेरे लिए कठिन था लेकिन भट्टी जी के साथ मिलकर इस कार्य को मूर्त रूप दिया गया। उन्होंने कहा कि संग्रहालय निर्माण के समय खाली पड़ी दीर्घाओं को किस तरह से जनजातीय कला बोध और देवलोक, संस्कृति से परिष्कृत किया जाए इस पर मंथन हुआ। इसके बाद भट्टी जी ने 1 हजार से अधिक लोक कलाकारों, आधुनिक कलाकारों की टीम तैयार की और महज 2 वर्षों में इस संग्रहालय को आकार दिया गया।

### 1992 से 2011 तक का लंबा कार्य रहा है भट्टी का



इस अवसर पर राहुल रस्तोगी ने कहा कि मैने वर्ष 1984 में आदिवासी बोली विकास कला अकादमी को ज्वाइन किया। जब तक अकादमी में कोई सक्रिय गतिविधियां नहीं थी। वर्ष 1986 में पहली बार हमने जनजातीय कलाओं पर केंद्रित लोकरंग समारोह की परिकल्पना की और इसे शुरू किया। उसके बाद भट्टी जी के साथ मिलकर उसे विस्तारित किया गया। उन्होंने कहा कि भट्टी जी के साथ 1990 में कार्य करना आरंभ किया। भट्टी जी ने 1992 से 2011 तक एक जनजातीय कलाओं पर कार्य करने की एक यात्रा रही है । उन्होंने कहा कि पहली बार सूरजकुंड में बनाया गया मुख्यद्वार भट्टी जी द्वारा तैयार की गई पहली कृति थी जो आज भी अपनी खूबसूरती के लिए जानी जाती है। उन्होंने बताया कि वर्ष 1999 में खजुराहो में आदिवर्त संग्रहालय का मूल रूप महज 22 दिन में भट्टी जी के साथ मिलकर तैयार किया गया था। कार्यक्रम के अगले क्रम में सिरेमिक कलाकार देवीलाल पाटीदार ने भी भारत भवन में भट्टी जी के साथ किए गए कार्यों के अनुभवों को साझा किया।

## भारतीय पैरा कैनो के चेयरपर्सन मयंक ठाकुर की पहल पर दो दिवसीय कैंप आयोजित

# मप्र के प्रयासों से छत्तीसगढ़ में पैरा कैनो में तलाशी जा रही संभावनाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

जब से मप्र के पैरा खिलाड़ियों ने जब से पैरा खिलाड़ियों ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश के लिए पदक जीतना शुरू किया है, तब से इस खेल दायरा भी बढ़ता जा रहा है। मप्र की तर्ज पर अब छत्तीसगढ़ में भी पैरा कैनो की शुरुआत रायपुर के बूढ़ा तालाब पर हो चुकी है। 9 से 10 जुलाई को दो दिवसीय कैंप आयोजित किया गया।

इसमें 19 खिलाड़ियों ने भागीदारी की। इसमें से कुछ खिलाड़ियों को चयनित किया गया है। इन्हें भोपाल में भारतीय पैरा कैनो के मुख्य कोच मयंक ठाकुर के मार्गदर्शन में उच्चस्तरीय प्रशिक्षण दिया जाएगा। भारतीय कयाकिंग एवं कैनोइंग संघ ने अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी अर्जुन अवार्ड प्राची यादव, अंतरराष्ट्रीय पदक विजेता मनीष कौरव व पैरा केनो प्रशिक्षक विपिन कुर्मी को छत्तीसगढ़ भेजा था।

### अर्जुन अवार्डी प्राची यादव, मनीष कौरव व विपिन कुर्मी ने दिया प्रशिक्षण





### सहयोग को तत्पर भारतीय कयाकिंग कैनोइंग संघ

*भारतीय पैरा कैनोइंग संघ के चेयरपर्सन मयंक ठाकुर ने छत्तीसगढ़ कयाकिंग व कैनोइंग संघ के सचिव प्रशांत रघुवंशी को पिछले माह पैरा केनो बोट प्रदान की थी। इसलिए रायपुर में पैरा केनो वर्कशाप व ट्रेनिंग का आयोजन किया गया। मयंक ठाकुर ने बताया कि हम भारतीय कयाकिंग कैनोइंग संघ के अध्यक्ष प्रशांत कुशवाहा वह छत्तीसगढ़ कयाकिंग केनोइंग संघ के सचिव प्रशांत रघुवंशी मिलकर इस पर काम कर रहे हैं। छग में पैरा कैनो की मजबूत टीम तैयार की जाएगी। इसके लिए जिस सहयोग की जरूरत होगी हम पूरा करेंगे।*

## श्रीलंका में आयोजित हुई 9वीं साउथ एशियन कराटे चैंपियनशिप

## भोपाल की रिद्धि अग्रवाल ने कोलंबो में कांस्य पदक जीतकर किया देश का नाम रोशन




हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कोलंबो (श्रीलंका) में आयोजित 9वीं साउथ एशियन कराटे चैंपियनशिप में भारत की प्रतिभाशाली कराटे खिलाड़ी रिद्धि अग्रवाल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए महिला जूनियर इंडिविजुअल कुमिते स्पर्धा में 'कांस्य पदक' अपने नाम किया। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में भारत, श्रीलंका, नेपाल, भूटान, पाकिस्तान और बांग्लादेश जैसे दक्षिण एशियाई देशों ने भाग लिया। भोपाल की रिद्धि नियमित रूप से तात्या टोपे स्टेडयिम में अभ्यास करती हैं।

उनकी कोचिंग रुद्र प्रताप सिंह रघुवंशी के मार्गदर्शन में होती है। रिद्धि ने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपने माता-पिता, परिवार और कोच तथा प्रायोजितकर्ता मशरुम वर्ल्ड को दिया। मशरुम वर्ल्ड के डायरेक्टर ने भी रिद्धि को बहुत बधाई दी। कोच रुद्र प्रताप सिंह ने कहा, रिद्धि केवल एक खिलाड़ी नहीं, बल्कि एक ज्वाला है। उसमें जुनून है, अनुशासन है और सबसे महत्वपूर्ण यह कि वह कभी न हार मानने वाली आत्मा है। रिद्धि की यह उपलब्धि न केवल भोपाल बल्कि पूरे भारत के लिए गर्व का विषय है। खेल जगत में उनकी यह सफलता युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत साबित होगी।

## प्रदेश के दो मुक्केबाजों का अंडर-22 नेशनल कैंप के लिए चयन





हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश के दो उभरते मुक्केबाज़ों मलिका 48 किग्रा वर्ग एवं अमन 90 किग्रा वर्ग का चयन अंडर-22 राष्ट्रीय बॉक्सिंग प्रशिक्षण शिविर के लिए हुआ है। यह प्रशिक्षण शिविर 12 से 30 जुलाई तक आर्मी स्पोर्ट्स इंस्टिट्यूट (एएसआई) पुणे में आयोजित होगा। मध्यप्रदेश के इन होनहार खिलाड़ियों के चयन पर खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए दोनों खिलाड़ियों को शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। मंत्री सारंग ने कहा कि मलिका और अमन जैसे युवा खिलाड़ियों का नेशनल कैंप में चयन प्रदेश के लिए गर्व की बात है।

## 13 से 15 जुलाई तक भारतीय टीम वियतनाम में खेलेगी

## भोपाल की अदिति मट्टा भारतीय जूनियर पिकलबॉल टीम में शामिल




**भोपाल।** राजधानी की उभरती पिकलबॉल खिलाड़ी अदिति मटटा को भारतीय जूनियर टीम में शामिल किया गया है। भारतीय टीम 13 से 15 जुलाई तक वियतनाम में आयोजित होने वाली एशियन जूनियर पिकलबॉल टूर्नामेंट में भागीदारी कर रही है। अदिति ने अभी हाल में ही मुंबई में आयोजित आल इंडिया पिकलबॉल टूर्नामेंट में भाग लेते हुए अंडर 18 बालिका वर्ग के सिंगल्स में रजत पदक जीता है। उल्लेखनीय है कि अदिति ने पिछले माह भोपाल में प्रथम राज्यस्तरीय रैंकिंग ऐस कप पिकलबॉल चैंपियनशिप में दो पदक जीते थे।

## वर्ल्ड पुलिस एंड फायर गेम्स में रजत पदक जीतने वाली एमपी पुलिस की पहली महिला आरक्षक रीना गुर्जर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



वर्ल्ड पुलिस एंड फायर गेम्स 2025 में रजत पदक जीतने वाली आरक्षक रीना गुर्जर ने पुलिस मुख्यालय में डीजीपी कैलाश मकवाणा से सौजन्य भेंट की। इस दौरान डीजीपी ने वर्ल्ड पुलिस एंड फायर गेम्स 2025 में कराते एवं काता इवेंट दो रजक पदक प्राप्त मध्यप्रदेश पुलिस को गौरवान्वित करने पर आरक्षक रीना गुर्जर को हार्दिक बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि रीना की यह अंतरराष्ट्रीय उपलब्धि मप्र पुलिस के अनुशासन, संकल्प और क्षमता का प्रतीक है।

यह जीत केवल पदक नहीं, बल्कि हमारी संगठनात्मक ऊर्जा, महिला सशक्तिकरण और आत्मबल की वैश्विक पहचान है। मध्यप्रदेश पुलिस को रीना पर गर्व है। उल्लेखनीय है कि मध्यप्रदेश पुलिस बल की आरक्षक रीना गुर्जर ने विश्व स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अमेरिका के अलबामा (विनीपेग) में आयोजित वर्ल्ड पुलिस एंड फायर गेम्स 2025 में कराते एवं काता इवेंट में दो रजत पदक जीतकर भारत और मध्यप्रदेश पुलिस का गौरव अंतरराष्ट्रीय मंच पर स्थापित किया है।

### 75 से अधिक देशों के खिलाड़ी हुए थे प्रतियोगिता में शामिल

रीना गुर्जर इस प्रतियोगिता में पदक जीतने वाली मध्यप्रदेश पुलिस की पहली महिला खिलाड़ी हैं, जिन्होंने प्रदेश पुलिस के लिए यह ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। प्रतियोगिता में 75 से अधिक देशों के पुलिस एवं अग्निशमन विभागों से जुड़े खिलाड़ियों ने भाग लिया था।

## लाइफ स्टाइल



## राजकुमार राव का गैंगस्टर अवतार दमदार मास्टरपीस बनने से चूक गई मालिक

**मुंबई।** प्रयागराज की गलियों से निकली एक चिंगारी जब आग बनती है, तो वो सिर्फ रास्ते नहीं जलाती, कई जिंदगियां झुलसा देती है। मालिक ऐसी ही एक चिंगारी की कहानी है, जो न तो पूरी तरह अपराध की तरफ है, न ही सिस्टम से लड़ने वाली कोई महान आत्मा। यह कहानी है उस गुस्से, उस लाचारी की, जो धीरे-धीरे एक आम लड़के को मालिक बना देती है। फिल्म का सेंट्रल किरदार है दीपक, जिसे निभाया है राजकुमार राव ने। राजकुमार की परफॉर्मेंस फिल्म का सबसे ताक़तवर पक्ष है। उन्होंने अपने किरदार में जो टूटा हुआ आत्म-सम्मान, अंदर ही अंदर उबलता गुस्सा और धीरे-धीरे बढ़ती सत्ता की भूख दिखाई है, वो वाकई असर छोड़ती है। मालिक एक गंभीर कोशिश है, जो ईमानदार है, लेकिन अधूरी लगती है।

लाइफ Style

# प्रियंका

## खाने के चॉइस को लेकर बटोर रही हैं सुर्खियां



ग्लोबल आइकन बन चुकीं प्रियंका चोपड़ा इन दिनों अपनी फिल्म 'हेड्स ऑफ स्टेट' में अपने एमआई6 एजेंट नोएल बिसेट वाले किरदार को लेकर चर्चा में हैं। प्रियंका ने एक्शन और ऐसा मारधाड़ मचाया है कि बॉलीवुड के टॉप एक्टर्स भी शरमा जाएं। पीसी अब बॉलीवुड से लेकर हॉलीवुड फैन्स तक के दिलों की धड़कनें बन चुकी हैं।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

हम यहां उनकी चर्चा इस फिल्म को लेकर नहीं करने जा रहे हैं, बल्कि वडा पाव की तौहीन को लेकर कर रहे हैं, जिसकी वजह से वो पब्लिक के निशाने पर हैं। हालांकि, एक्ट्रेस भी कहां चुप बैठने वालीं, दो टूक में करारा जवाब भी दे डाला है। प्रियंका चोपड़ा इस वक्त अपने खाने के चॉइस को लेकर सुर्खियां बटोर रही हैं। इस ग्लोबल स्टार ने हाल ही में एक ऐसे को चुप करा दिया, जिन्होंने उनकी नई फिल्म 'हेड्स ऑफ स्टेट' के प्रीमियर पर वडा पाव की बजाय हॉट डॉग चुनने पर उनका मज़ाक उड़ाया था। दरअसल, एक्ट्रेस का एक क्लिप वायरल हो रहा था जिसमें प्रियंका चोपड़ा मुंबई के स्ट्रीट फूड और दुनिया के फेवरेट फूड में से किसी एक को चुनने में काफी समय लगा रही थीं, जिसे लेकर उनकी ऑनलाइन आलोचना होने लगी। अब प्रियंका चोपड़ा ने अपना वो क्लिप और उसके साथ करारा जवाब भी इंस्टाग्राम स्टोरी पर शेयर किया है। इस वीडियो के साथ प्रियंका ने हंसते हुए इमोजी के साथ लिखा, 'वाह भाई! मुझे नहीं पता था कि देसी होने का भी कोई सिलेबस होता है। ये इतना सीरियस नहीं है। वड़ा पाव बनाम हॉट डॉग।' 'देसी गर्ल' के इस अंदाज ने फैन्स का दिल जीत लिया है और कइयों ने उन्हें सपोर्ट करते हुए कहा है कि किसी की पहचान खाने-पीने की चॉइस के आधार पर तय नहीं होती।

## हॉलीवुड मसाला




## सुपरमैन को मिले मिक्स रिएक्शन्स

**लॉस एंजिल्स।** सुपरहीरो फिल्मों के दीवानों के लिए 11 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है 'सुपरमैन'। जेम्स गन के निर्देशन में बनी ये हॉलीवुड फिल्म फैंस की उम्मीदों पर खरी उतरी? सोशल मीडिया पर आई प्रतिक्रियाएं बताती हैं कि मामला कुछ मिला-जुला रहा। डेविड कोरेन्सवेट, एलन ट्युडिक, ग्रेस चान, एंजेला साराफ्यान जैसे कलाकारों से सजी इस फिल्म को लेकर लोगों में काफी उत्साह था। गन के निर्देशन और डीसी स्टूडियोज के बैनर तले बनी इस फिल्म से उम्मीदें आसमान छू रही थीं, लेकिन फिल्म रिलीज होते ही दर्शकों की राय दो हिस्सों में बंट गई।



## पैरानॉर्मल एक्टिविटी है कम बजट में बड़ा चमत्कार

**नई दिल्ली।** हॉरर फिल्म 'पैरानॉर्मल एक्टिविटी' ने एक करोड़ 70 लाख के बजट में 1600 करोड़ रुपए की कमाई की। यही नहीं, इस फिल्म को सात दिन के अंदर ही शूट कर लिया गया था। 2007 में रिलीज हुई हॉलीवुड की सुपरनैचुरल हॉरर फिल्म 'पैरानॉर्मल एक्टिविटी', जिसने कम बजट में बॉक्स ऑफिस पर इतिहास रच दिया था। इस फिल्म के राइटर, डायरेक्टर और प्रोड्यूसर ओरेन पेली हैं। 'पैरानॉर्मल ' का निर्माण सिर्फ 15,000 डॉलर (लगभग 12 लाख रुपए) में हुआ था। ओरेन पेली ने अपने घर में सात दिन में इसे शूट किया, जिसमें उन्होंने खुद निर्देशक, कैमरामैन, एडिटर और प्रोड्यूसर की भूमिका निभाई। 'पैरानॉर्मल एक्टिविटी' को साधारण कैमरे से शूट किया गया। जिसने इसकी लागत को कम रखा। बाद में, स्टीवन स्पीलबर्ग के सुझाव पर नया अंत शूट करने और साउंड डिजाइन के लिए दो लाख डॉलर और खर्च हुए, जिससे कुल बजट 215,000 डॉलर (लगभग 1.84 करोड़ रुपए) हो गया।



## बॉर्डर 2 की शूटिंग को लेकर उत्साहित

**मुंबई।** सुनील शेट्टी के बेटे अहान शेट्टी अपकमिंग फिल्म 'बॉर्डर 2' में नजर आने वाले हैं। अभी इस फिल्म की शूटिंग हो रही है। ऐसे में उन्होंने अपने इंस्टाग्राम के जरिए बताया है कि पुणे में इस फिल्म की शूटिंग पूरी हो चुकी है। अहान शेट्टी वरुण धवन और दिलजीत दोसांझ के साथ बड़े पर्दे पर नजर आने वाले हैं। शुक्रवार को अहान शेट्टी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर कर बताया है कि उन्होंने पुणे में अपनी शूटिंग कंप्लीट कर ली है। अहान ने सोशल मीडिया पर कई तस्वीरें शेयर की हैं। इसके कैप्शन में लिखा है 'और क्या है यह बॉर्डर? बस एक फौजी और उसके भाई हैं। पुणे में यह कार्यक्रम समाप्त हुआ अब अगले कार्यक्रम पर चलते हैं।' इससे एक दिन पहले वरुण धवन ने भी बताया था कि पुणे में उन्होंने एनडीए की शूटिंग पूरी कर ली है।



## द पैराडाइज में हुई राघव जुयाल की एंट्री

**मुंबई।** नेचुरल स्टार नानी इन दिनों अपनी आगामी बहुप्रतीक्षित फिल्म 'द पैराडाइज'की शूटिंग में व्यस्त हैं। वहीं निर्माताओं ने बीटीएस वीडियो शेयर कर फिल्म 'किल से सभी दर्शकों का दिल जीत चुके राघव जुयाल के होने की भी पुष्टि कर दी है। राघव का किरदार गंभीर और दमदार है। इस वीडियो में उनकी मेहनत और उत्साह साफ दिखाई दे रहा है। इस वीडियो को देखकर यही लग रहा है की उनका किरदार काफी दमदार होने वाला है। फिल्म के निर्माताओं ने इस वीडियो के साथ कैप्शन में लिखा, 'द पैराडाइज- प्रतिभाशाली लोगों को शुभकामनाएं देता है। राघव जुयाल को जन्मदिन की बहुत बहुत शुभकामनाएं। एक ऐसे रोल में उनका स्वागत है, जो अनोखा होगा और सभी को आश्चर्यचकित कर देगा।' राघव, जो अपनी खास स्क्रीन मौजूदगी के लिए जाने जाते हैं।

# विंबलडन : सीनियाकोवा और वरबीक की जोड़ी ने जीता मिक्स्ड डबल्स का खिताब

एजेंसी ▶▶| लंदन

महिला युगल की दिग्गज खिलाड़ी कैटरीना सिनियाकोवा ने सेम वरबीक के साथ मिलकर लुइसा स्टेफनी और जो सैलिसबरी को 7-6(3), 7-6(3) से हराकर विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट में मिश्रित युगल का खिताब जीता। चेक गणराज्य की 10 बार की ग्रैंड स्लैम महिला युगल चैंपियन सिनियाकोवा ने गुरुवार को सेंटर कोर्ट पर खेले गए फाइनल में पहले मैच प्वाइंट पर ही करारा शॉट जमाकर खिताब अपनी झोली में डाला। वरबीक का यह पहला ग्रैंड स्लैम खिताब है। नीदरलैंड के इस खिलाड़ी ने अपने पिता के लिए जन्मदिन का गीत गाकर दर्शकों के साथ जश्न मनाया।

## स्टेफनी और सैलिसबरी की मजबूत जोड़ी को सीधे सेटों में दी मात



## सिनियाकोवा दो बार की ओलंपिक चैंपियन

सिनियाकोवा दो बार की ओलंपिक चैंपियन भी हैं। उन्होंने पिछले साल पेरिस ओलंपिक खेलों में टॉमस मचाक के साथ मिश्रित युगल में स्वर्ण पदक जीता था। उन्होंने 2021 के तोक्यो ओलंपिक खेलों में बारबोरा क्रेजिकोवा के साथ मिलकर महिला युगल का स्वर्ण पदक जीता था। सिनियाकोवा ने जो 10 महिला युगल खिताब जीते हैं उनमें से सात क्रेजिकोवा के साथ, दो टेलर टाउनसेंड के साथ और एक पिछले साल के फ्रेंच ओपन में कोको गॉफ के साथ हासिल किए।

## विंबलडन को लगातार आठवीं बार मिलेगी नई महिला चैंपियन



आल इंग्लैंड क्लब के ग्रास कोर्ट पर अमांडा अनिसिमोवा और इगा स्वियातेक के बीच शनिवार को होने वाले विंबलडन फाइनल मुकाबले से इस ग्रैंडस्लैम में लगातार आठवीं बार पहली महिला चैंपियन देखने को मिलेगी। अमेरिकी ओपन 2022 के बाद सेरेना विलियम्स के संन्यास लेने के बाद से ऐसी कोई भी प्रभावशाली खिलाड़ी देखने को नहीं मिली है, जिसने पूरी तरह से दबदबा बनाया हो और इससे नए चेहरों को काफी मौके मिले है, जैसे कि 13वीं वरीयता प्राप्त 23 वर्षीय अमेरिकी खिलाड़ी अनिसिमोवा पहली बार ग्रैंडस्लैम के फाइनल में पहुंची हैं। अब वह पूर्व नंबर एक खिलाड़ी स्वियातेक से भिडेंगी, जिनके नाम रोलां गैरां में चार और अमेरिकी ओपन में एक ट्रॉफी है। लेकिन स्वियातेक इससे पहले विंबलडन में क्वार्टर फाइनल से आगे तक नहीं बढ़ पाई थीं। पोलैंड की 24 साल की स्वियातेक ने कहा, 'मैंने कभी सपने में भी नहीं सोचा था कि मैं यहां फाइनल में खेलूंगी।' स्वियातेक ने कहा, 'मैंने कोर्ट पर सब कुछ अनुभव कर लिया है। लेकिन मुझे ग्रास कोर्ट पर अच्छा खेलने का अनुभव नहीं है।'उन्होंने गुरुवार को सेमीफाइनल में बेलिंडा बेनसिच पर 6-2, 6-0 से जीत दर्ज कर फाइनल में प्रवेश किया।

## खबर संक्षेप

### तीरंदाजी संघ ने एमिटी विश्वविद्यालय से किया करार

**नई दिल्ली।** भारतीय तीरंदाजी संघ (एएआई) ने शुक्रवार को एमिटी विश्वविद्यालय के साथ एक समझौता पत्र (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए, जिसके तहत तीरंदाजों को प्रमाणपत्र कार्यक्रम और छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी, जिससे वे अपने खेल करियर से समझौता किए बिना उच्च शिक्षा प्राप्त कर सकेंगे। इस समझौते के तहत एमिटी विश्वविद्यालय खिलाड़ियों के लिए उनकी चुनौतीपूर्ण दिनचर्या के अनुरूप स्नातक और स्नातकोत्तर कार्यक्रम तैयार करेगा। विश्वविद्यालय इसके अलावा खिलाड़ियों को छात्रवृत्ति भी प्रदान करेगा। इस योजना के अनुसार अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी 100 प्रतिशत छात्रवृत्ति के पात्र होंगे, जिसमें पूरे पाठ्यक्रम की फीस का भुगतान शामिल होगा। राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों को 50 प्रतिशत छात्रवृत्ति मिलेगी, जबकि राज्य और जिला स्तर के तीरंदाजों को फीस में 30 प्रतिशत छूट मिलेगी।

### ओडेई ओनाइंडिया ने एफसी गोवा को छोड़ा

**पणजी।** इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) के क्लब एफसी गोवा और उसके कप्तान ओडेई ओनाइंडिया ने एक दूसरे से अलग होने का फैसला किया है। स्पेन के



35 वर्षीय खिलाड़ी ने आईएसएल के पिछले सत्र में एफसी गोवा की तरफ से अधिकतर मैच खेले थे। वह दो साल पहले एफसी गोवा से जुड़े थे। इससे पहले वह हैदराबाद एफसी की तरफ से खेलते थे। एफसी गोवा ने एक्स पर कहा, 'हमारे कप्तान ने अपना सबकुछ झोंक दिया, हर टैकल, हमारे बैज के लिए पसीने की हर बूंद। उन्होंने पिछले दो वर्षों में दिखाया कि एफसी गोवा का खिलाड़ी होने का असली मतलब क्या होता है। हर चीज के लिए उनका आभार और भविष्य के लिए शुभकामनाएं।'

### नीतीश ने की सटीक गेंदबाजी : कुंबले

**लंदन।** पूर्व भारतीय कप्तान अनिल



कुंबले ने ऑलराउंडर नीतीश कुमार रेड्डी की प्रशंसा करते हुए कहा कि उन्हें टेस्ट टीम में नियमित रूप से शामिल किया जाना चाहिए क्योंकि उन्होंने खुद को अनुशासन और प्रतिभा का बेहतरीन मिश्रण साबित किया है। इंग्लैंड के मौजूदा दौरे में अपना दूसरा मैच खेल रहे रेड्डी गुरुवार को तीसरे टेस्ट के पहले दिन 2 विकेट लेकर सबसे सफल भारतीय गेंदबाज रहे। कुंबले ने कहा, 'मैं यह देखकर हैरान था कि नीतीश कुमार रेड्डी ने कितनी अच्छी गेंदबाजी की। उन्होंने लगातार सही क्षेत्रों में गेंद डाली। वह भाग्यशाली थे, जो उन्हें लेग साइड में डाली गई शॉर्ट पिच गेंद पर विकेट मिला लेकिन इसके अलावा उन्होंने पूरे दिन अनुशासित गेंदबाजी की।' उन्होंने कहा, 'नीतीश ने आस्ट्रेलिया में बहुत अच्छा प्रदर्शन किया था तथा शतक लगाया था।

## इंग्लैंड के पहली पारी में 387 रन, भारत की खराब शुरुआत, 1 विकेट पर 44 रन

# ऐतिहासिक मैदान में रूट ने जड़ा शतक जसप्रीत बुमराह ने झटके पांच विकेट

एजेंसी ▶▶| लंदन

इंग्लैंड के सीनियर बल्लेबाज जो रूट ने शुक्रवार को अपना 37वां टेस्ट शतक जड़कर पूर्व भारतीय कप्तान राहुल द्रविड़ और समकालीन ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर स्टीव स्मिथ के 36 शतकों के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया। रूट ने लॉर्ड्स में भारत के खिलाफ तीसरे टेस्ट के दूसरे दिन जसप्रीत बुमराह की गेंद पर चौका जड़कर यह उपलब्धि हासिल की। बुमराह ने हालांकि इंग्लैंड के पूर्व कप्तान को आउट कर दिया। रूट ने 199 गेंद में 10 चौकों की मदद से 104 रन बनाए।

भारत ने शुक्रवार को तीसरे टेस्ट मैच के दूसरे दिन इंग्लैंड के पहली पारी में 387 रन के जवाब में चाय तक एक विकेट पर 44 रन बना लिए। सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल के दूसरे ओवर में 13 रन पर आउट हो गए। इससे पहले जसप्रीत बुमराह ने श्रृंखला में लगातार दूसरी बार 5 विकेट (74 रन देकर 5 विकेट) लिए लेकिन जैमी स्मिथ (51) और ब्रायडन कार्स (56) ने इंग्लैंड को पहली पारी में 387 रन तक पहुंचाया। भारतीय बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर 51 शतकों के साथ पारंपरिक प्रारूप में शतक जड़ने वाले खिलाड़ियों की सूची में सबसे आगे हैं।




### इंग्लैंड के लंच तक 7 विकेट पर 353 रन

**लंदन।** भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 3 विकेट झटक लिए, जिससे शुक्रवार को तीसरे टेस्ट मैच के दूसरे दिन लंच तक इंग्लैंड का स्कोर 7 विकेट पर 353 रन हो गया। खेल के दूसरे घंटे में जैमी स्मिथ (नाबाद 51 रन) और ब्रायडन कार्स (नाबाद 33 रन) ने भारतीय तेज गेंदबाजों की गेंदों का डटकर सामना करते हुए आठवें विकेट के लिए 82 रन की अटूट साझेदारी करके भारत को निराश किया।

### गिल और अंपायरों के बीच तीखी बहस

यह हैरानी भरा था कि शुभमन गिल लगभग 10 ओवर पुरानी दूसरी नई ड्यूक्स गेंद को बदलना चाहते थे। अंपायरों ने गिल का अनुरोध स्वीकार कर लिया था, लेकिन भारतीय खिलाड़ी बदली हुई गेंद से खुश नहीं थे। इसके कारण गिल और अंपायरों के बीच तीखी बहस हुई। इंग्लैंड ने शुरुआती घंटे में 7 विकेट पर 307 रन बना लिए। इसके तुरंत बाद सत्र में दूसरी बार गेंद बदली गई, जिससे इंग्लैंड में इस्तेमाल की जाने वाली गेंदों पर बहस और तेज हो गई।

### भारत के खिलाफ लॉर्डस में रूट का आठवां शतक

भारत के खिलाफ लगाया गया यह शतक इस मैदान पर रूट का आठवां सैकड़ा भी था, जो इतिहास में किसी भी बल्लेबाज की ओर से बनाए गए सबसे ज्यादा शतक है। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान वॉन और ग्राहम गूच इस मैदान पर छह-छह शतक लगाकर दूसरे स्थान पर हैं।

### टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा शतक जड़ने वाले बल्लेबाज

| | |
|---|---|
| सचिन तेंदुलकर | 51 शतक |
| जैक कैलिस | 45 शतक |
| रिकी पोंटिंग | 41 शतक |
| कुमार संगकारा | 38 शतक |
| जो रुट | 37 शतक |
| स्टीव स्मिथ | 36 शतक |

### रूट का लॉर्ड्स में लगातार तीन शतक

दाएं हाथ के बल्लेबाज रूट लॉर्ड्स में माइकल वॉन (2004-05) और सर जैक 'मास्टर' होब्स (1912-1926) के बाद लगातार तीन शतक लगाने वाले इंग्लैंड के तीसरे बल्लेबाज भी बने। अंतरराष्ट्रीय बल्लेबाजों में इस प्रतिष्ठित मैदान पर शतकों की हैट्रिक का गौरव सिर्फ दिलीप वेंगसरकर के नाम (1979, 1982, 1986) है। रूट ने यहां अपनी पिछली दो पारियों में 143 और 103 रन बनाए थे।

## संन्यास की घोषणा

# मूर ने क्रिकेट से लिया संन्यास खेल चुके हैं 85 अंतर्राष्ट्रीय मैच



एजेंसी ▶▶| मुंबई

आयरलैंड क्रिकेट टीम के सलामी बल्लेबाज पीटर मूर ने 34 साल की उम्र में ही अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी। उन्होंने अपने अंतर्राष्ट्रीय करियर में तीनों फॉर्मेट में मिलाकर कुल 85 मैच खेले। बता दें कि, आयरलैंड के इस बड़े खिलाड़ी ने इस टीम के लिए अंतर्राष्ट्रीय डेब्यू नहीं किया था। उन्होंने आयरलैंड के लिए सिर्फ टेस्ट फॉर्मेट ही खेला।

वहीं, आयरलंड के पीटर मूर ने अपना आखिरी अंतर्राष्ट्रीय मैच उसी देश के खिलाफ खेला, जिसके लिए उन्होंने डेब्यू किया था। जी हां इस बल्लेबाज ने दो देशों के लिए अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट खेला। 2 फरवरी 1991 को मूर का जन्म जिम्बाब्वे की राजधानी हरारे में हुआ था।

पीटर मूर ने अपना अंतर्राष्ट्रीय डेब्यू 26 नवंबर 2014 को जिम्बाब्वे के लिए खेलते हुए बांग्लादेश के खिलाफ खेला था। इसके बाद उन्होंने जिम्बाब्वे के लिए ही 2016 में टेस्ट और टी20 में डेब्यू किया।

2019 में उन्हें जिम्बाब्वे का उपकप्तान भी नियुक्त किया गया, लेकिन इसके बाद उनके करियर में एक नया मोड़ आया। पीटर मूर ने आयरिश पासपोर्ट मिलने के बाद आयरलैंड क्रिकेट टीम में जगह बना ली। उन्होंने ढाका में साल 2023 में 32 साल की उम्र में आयरलैंड के लिए अंतर्राष्ट्रीय डेब्यू किया।

### लारा ने कहा, मुल्डर को रिकॉर्ड बनाना चाहिए था

**जोहानिसबर्ग।** ब्रायन लारा के नाबाद 400 रन के सर्वोच्च व्यक्तिगत टेस्ट स्कोर के करीब होने के बावजूद उनके रिकार्ड को तोड़ने का प्रयास नहीं करने के वियान मुल्डर के फैसले को वेस्टइंडीज के खिलाड़ी ने भी सही नहीं बताया और कहा कि दक्षिण अफ्रीका के इस बल्लेबाज को उस मुकाम तक पहुंचना चाहिए था। मुल्डर जिंबॉब्वे के खिलाफ हाल में टेस्ट मैच के दौरान जब 367 रन बनाकर खेल रहे थे तब उन्होंने पारी समाप्त करने की घोषणा करके लारा का रिकॉर्ड तोड़ने का सुनहरा अवसर गंवा दिया था। दक्षिण अफ्रीका के कार्यवाहक कप्तान ने बाद में कहा कि लारा के प्रति सम्मान के कारण उन्होंने ऐसा किया। लारा ने 2004 में इंग्लैंड के खिलाफ यह ऐतिहासिक पारी खेली थी।

## नीरज चोपड़ा ने कहा..

# ट्रेनिंग के दौरान अपनी एक समस्या पर कर रहा हूं काम




एजेंसी ▶▶| गुरुग्राम

भारत के स्टार भाला फेंक एथलीट नीरज चोपड़ा ने शुक्रवार को कहा कि उन्होंने अपने खेल में एक समस्या की पहचान की है और जल्द से जल्द इसमें सुधार करने की कोशिश कर रहे हैं क्योंकि वह इस साल के अंत में विश्व चैंपियनशिप में अपना दूसरा स्वर्ण पदक जीतना चाहते हैं। चोपड़ा 13-21 सितंबर को तोक्यो में होने वाले विश्व चैंपियनशिप में पदक के सबसे प्रबल दावेदार हैं।

वह 57 दिन तक चेक गणराज्य के प्राग और निम्बर्क में ट्रेनिंग लेंगे। वह आज रात अपने फिजियो इशान मारवाह के साथ रवाना होंगे और पांच सितंबर तक यूरोपीय देश में रहेंगे, जिसका कुल खर्चा 19 लाख रुपए है। चोपड़ा ने कहा, 'मैंने पहले ही अपनी कमी की पहचान कर ली है, जिन पर मुझे काम करने की जरूरत है। भाला फेंकते समय मैं अक्सर अपनी बाईं ओर गिर जाता हूं। हमें इस पर काम करने की जरूरत है। ट्रेनिंग में मैं ऐसा नहीं करता लेकिन प्रतियोगिता में अतिरिक्त प्रयास के कारण ऐसा होता है।' दो बार के ओलंपिक पदक विजेता ने कहा कि उन्हें बार बार 90 मीटर का आंकड़ा छूने के लिए निरंतरता पर भी काम करने की जरूरत है। चोपड़ा ने कहा, 'मैंने इस साल 90 मीटर की दूरी तय की है। लेकिन इसे बार बार हासिल करने के लिए मुझे और अधिक निरंतर प्रदर्शन करने की जरूरत है। मैं लगातार 88-89 मीटर के आसपास भाला फेंक रहा हूं और मेरे कोच ने कहा कि वह खुश हैं लेकिन मुझे और अधिक निरंतर प्रदर्शन करने की जरूरत है।'

### सुरक्षा समीक्षा के बाद ही टीम भारत भेजेंगे : पाक

**कराची।** पाकिस्तान इस साल के आखिर में होने वाले एशिया कप और जूनियर विश्व कप के लिए अपनी राष्ट्रीय हॉकी टीम को भारत भेजने से पहले वहां की सुरक्षा स्थिति की समीक्षा करेगा। एक शीर्ष सरकारी अधिकारी ने कहा है कि यदि राष्ट्रीय टीम को सुरक्षा को लेकर किसी तरह का खतरा होगा तो उसे भारत नहीं भेजा जाएगा। प्रधानमंत्री युवा विकास एवं खेल कार्यक्रम के अध्यक्ष राणा मसूद ने कहा कि सरकार के सुरक्षा स्थिति से पूरी तरह संतुष्ट होने के बाद ही पाकिस्तान की टीम को भारत का दौरा करने की अनुमति दी जाएगी। पूर्व मंत्री मसूद ने कहा, 'सरकार पाकिस्तानी नागरिकों के लिए भारत में सुरक्षा स्थिति की समीक्षा करेगी और यदि वह संतुष्ट नहीं होगी तो वह अपने किसी भी खिलाड़ी को भारत में खेलने के लिए भेजकर उसे खतरे में नहीं डालेगी।'

# यह पिच ऐसी नहीं है, जिस पर आक्रामक होकर खेल सकें

एजेंसी ▶▶| लंदन

इंग्लैंड के बल्लेबाज ओली पोप ने भारत के खिलाफ तीसरे टेस्ट मैच के पहले दिन अपनी टीम की रक्षात्मक बल्लेबाजी का बचाव करते हुए कहा कि यह ऐसी पिच नहीं है, जिस पर आप आक्रामक होकर खेल सकते हैं।



इंग्लैंड ने पिछले कुछ वर्षों में आक्रामक बल्लेबाजी शैली को अपनाया है लेकिन गुरुवार को उसने भारतीय गेंदबाजों के सामने रक्षात्मक बल्लेबाजी की और पहले दिन का खेल समाप्त होने तक 4 विकेट पर 251 रन बनाए। पोप ने मैच के बाद कहा, 'यह ऐसी पिच नहीं है, जिस पर आप खुलकर खेल सकें। भारतीय गेंदबाजों ने अपनी लेंथ बनाए रखी और रन बनाना मुश्किल कर दिया।' उनका इशारा भारतीय गेंदबाजों की कसी हुई गेंदबाजी की ओर था, जिसे तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह (35 रन देकर एक विकेट) की वापसी से मजबूती मिली है।

नितीश कुमार रेड्डी ने 46 रन देकर 2 विकेट लिए हैं और वह पहले दिन भारत के सबसे सफल गेंदबाज रहे। तेज गेंदबाज आकाशदीप और मोहम्मद सिराज को पहले दिन विकेट नहीं मिला लेकिन उन्होंने किफायती गेंदबाजी की।

# गौतम गंभीर ने बीसीसीआई के परिवार नियम का किया समर्थन

### भारतीय कोच ने कहा-यहां छुट्टी मनाने के लिए नहीं आए

एजेंसी ▶▶| लंदन

भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने लंबी विदेशी यात्राओं के दौरान क्रिकेटरों के परिवार की उपस्थिति को सीमित करने के भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के निर्देश का समर्थन करते हुए कहा कि खिलाड़ियों को यह महसूस करना चाहिए कि वे छुट्टी पर नहीं बल्कि राष्ट्रीय कर्तव्य पर हैं।

बीसीसीआई ने बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में भारतीय टीम की ऑस्ट्रेलिया से 1-3 की हार के बाद एक संशोधित यात्रा नीति तैयार की है। इसके तहत 45 दिनों से अधिक के दौरों के लिए परिवार के सदस्यों



के रहने की अवधि अधिकतम दो सप्ताह तक सीमित कर दी गई है। छोटे दौरों के लिए यह अवधि सात दिनों तक सीमित कर दी गई थी।

गंभीर ने चेतेश्वर पुजारा से कहा, 'परिवार की भूमिका महत्वपूर्ण है लेकिन आपको एक बात समझनी होगी। आप यहां एक उद्देश्य के लिए आए हैं। यह कोई छुट्टी नहीं है। आप एक बहुत बड़े उद्देश्य के लिए यहां हैं। उस ड्रेसिंग रूम में या इस दौरे पर बहुत कम लोग हैं, जिन्हें देश को गौरवान्वित करने का यह अवसर मिलता है।' उन्होंने कहा, 'मैं परिवारों को हमारे साथ नहीं रखने के खिलाफ नहीं हूं।'इससे पहले दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली ने खिलाड़ियों के साथ परिवार को रखने का समर्थन किया था।

## एजबेस्टन में आज होगा टी-20 श्रृंखला का अंतिम मैच

# जीत के साथ सीरीज का अंत करने उतरेगी भारतीय टीम

एजेंसी ▶▶| बर्मिंघम

श्रृंखला पहले ही अपने नाम कर चुकी भारतीय टीम शनिवार को इंग्लैंड के खिलाफ होने वाले पांचवें और अंतिम मैच में अपना दबदबा कायम रखते हुए 5 मैचों की महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला का शानदार अंत करने के इरादे से मैदान पर उतरेगी। भारतीय टीम ने शुरुआती मैचों में बल्ले और गेंद ने कमाल दिखाया, लेकिन चौथे मैच में उसकी फील्डिंग भी शानदार रही, जिससे वह इंग्लैंड के खिलाफ पहली बार खेल के सबसे छोटे प्रारूप में श्रृंखला जीतने में सफल रही। अरुंधति रेड्डी के



सीमा रेखा पर लिए गए तीन शानदार कैच और राधा यादव की बेहतरीन गेंदबाजी की बदौलत भारत ने इंग्लैंड को 7 विकेट पर 126 रन पर रोक दिया और फिर यह मैच छह विकेट से जीतकर श्रृंखला में 3-1 की निर्णायक बढ़त हासिल की। टी20 श्रृंखला में मिली इस जीत से भारत ने तीन मैच की एक दिवसीय श्रृंखला के लिए अपनी पुख्ता तैयारी का भी सबूत पेश किया।

### स्पिनरों का शानदार प्रदर्शन

भारतीय टीम अब वनडे श्रृंखला में अधिक आत्मविश्वास के साथ उतरेगी। अंतिम मैच में जीत से हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली भारतीय टीम को 4-1 की बढ़त मिल जाएगी और इंग्लैंड का आत्मविश्वास भी डगमगा जाएगा। भारतीय पुरुष टीम ने पिछले सप्ताह एजबेस्टन में दूसरे टेस्ट में यादगार जीत हासिल की थी और महिला टीम भी उसी मैदान पर जीत की लय बरकरार रखने के लिए उत्सुक होगी। भारतीय गेंदबाजों विशेषकर स्पिनरों अभी तक शानदार प्रदर्शन किया है। इंग्लैंड के बल्लेबाज स्पिन गेंदबाजों के सामने संघर्ष करते नजर आए हैं और श्रृंखला में अब तक स्पिनरों के खिलाफ 22 विकेट गंवा चुके हैं।

### शानदार क्षेत्ररक्षण के लिए मैच की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुनी गई थीं राधा

राधा यादव को पिछले मैच में दो विकेट और शानदार क्षेत्ररक्षण के लिए मैच की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया था जबकि युवा एन श्री चरणी इस श्रृंखला की शुरुआत में टी-20 अंतरराष्ट्रीय में पदार्पण करने के बाद सर्वाधिक विकेट लेने वाली गेंदबाज हैं। महिला टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे सफल स्पिनर दीप्ति शर्मा के नेतृत्व में भारत के स्पिन आक्रमण का सामना करना इंग्लैंड के बल्लेबाजों के लिए अबूझ पहेली बन गई है। बल्लेबाजी विभाग में स्मृति मंधाना ने सर्वाधिक रन बनाए हैं। उन्होंने शेफाली वर्मा के साथ मिलकर भारत को आक्रामक शुरुआत दिलाई है। जेमिमा रोड्रिग्स मध्यक्रम में लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रही हैं लेकिन हरमनप्रीत अभी तक अपनी सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में नहीं दिखीं और वह वनडे श्रृंखला से पहले अपने खेल को बेहतर बनाने की कोशिश करेंगी।

# जमीन प्लेन करने उजाड़ दिए हरे-भरे जंगल, खनिज ने दी परिवहन की परमिशन

## जिला खनिज अधिकारी पर उपाध्यक्ष ने लगाया 'लिफाफा' लेने का आरोप | हरे-भरे पेड़ काटने पर जिला पंचायत की बैठक में सदस्यों ने किया हंगामा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश के सीएम डॉ. मोहन यादव और जनप्रतिनिधि अपने-अपने क्षेत्रों में एक-एक पौधा लगाकर हरियाली को बचाने का काम कर रहे हैं, जबकि खनिज विभाग जंगलों को प्लेन करने के नाम पर खनिज माफिया को अवैध उत्खनन की परमिशन दे रहा है।

जिसके लिए खनिज अधिकारी के यहां 'लिफाफे' पहुंचे रहे हैं। खनिज इंस्पेक्टर भी पैसे लेकर अवैध डंपरों को छोड़ देते हैं। खदानों के आसपास तार फेंसिंग भी नहीं की गई है, जिससे बारिश में हादसों का खतरा बना रहता है। यह आरोप शुक्रवार को जिला पंचायत में साधारण सभा की बैठक में जिला पंचायत उपाध्यक्ष मोहन जाट ने जिला खनिज अधिकारी अशोक नागले पर लगाए। उपाध्यक्ष के सवालों का जवाब नहीं देने पर जिला पंचायत सीईओ इला तिवारी ने कहा कि आप इस बात का ध्यान रखें कि कहीं भी समतलीकरण के नाम पर पेड़ों की कटाई नहीं होनी चाहिए।

परिवहन की परमिशन देने में भी इस बात का ख्याल रखा जाए कि कहीं शहर के आसपास नई खदानें नहीं बन जाएं। उन्होंने खनिज अधिकारी को जांच कर प्रतिवेदन उनकी टेबल पर रखने की हिदायत दी। इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष रामकुंवर नौरंग गुर्जर सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में उपाध्यक्ष ने कहा कि ग्राम पंचायत ईंटखेड़ी के ग्राम मस्तीपुर, बीनापुर, राताताल खजूरी, पूरा छिंदवाड़ा, कोढ़ी, मनीखेड़ी, करदई, शाहपुर में अवैध उत्खनन किया जा रहा है। शासन पौधारोपण करवा रहा है और खनिज विभाग पेड़ों को उजाड़ने का काम कर रहा है। जिला खनिज अधिकारी अशोक नागले का तबादला डिंडौरी हो गया है, पर वह भोपाल नहीं छोड़ रहे हैं। इस पर सीईओ इला तिवारी ने खनिज, राजस्व, वन, पुलिस विभाग की संयुक्त टीम बनाकर कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

**खनिज इंस्पेक्टर पैसे लेकर छोड़ रहे अवैध डंपर**

### जनपद पंचायत अध्यक्ष ने सीईओ से कहा, आपको नहीं राजस्व की समझ




जनपद पंचायत फंदा के अध्यक्ष प्रमोद राजपूत बैठक में एसडीएम के नहीं आने पर नाराज हो गए। उन्होंने सीईओ इला तिवारी से एसडीएम के शामिल नहीं होने की वजह पूछी। इस पर सीईओ ने मुद्दा लिखकर देने की बात कही तो अध्यक्ष ने कहा कि आपको राजस्व की समझ नहीं है। इस पर से दोनों में जमकर नोंकझोंक हुई। सीईओ ने अध्यक्ष से दो टूक शब्दों में कहा कि वह किसी भी अधिकारी से इस तरह नहीं बोल सकते हैं। बाद में अन्य सदस्यों के हस्तक्षेप पर मामला शांत कराया।

**जर्जर स्कूल भवनों में पढ़ रहे बच्चे**

जिला पंचायत सदस्य रश्मि भार्गव, विक्रम भालेश्वर ने पंचायतों में जर्जर हो गए स्कूल भवनों का मुद्दा उठाया ओर कहा कि बारिश में छतों से टपकते पानी में बैठकर बच्चे पढ़ाई करते हैं। बावजूद इसके स्कूल भवनों की मरम्मत तक नहीं की जा रही। इस पर डीपीसी रामकृष्ण यादव ने कहा कि वह तीन दिन पहले ही पदस्थ हुए हैं, जल्द ही निरीक्षण कर सुधार करवाएंगे।

# पुराने वल्लभ भवन एक के रेनोवेशन की तैयारी शुरू, टाइल्स टॉयलेट, पर्दे सभी होंगे नए



## मंत्रालय वल्लभ भवन क्रमांक-1 के रेनोवेशन संबंधी हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मंत्रालय का पुराना भवन (वल्लभ भवन-एक) को क्रमांक दो व तीन की तरह सर्व सुविधायुक्त बनाने की तैयारी शुरू हो गई है। पुराने भवन के रेनोवेशन पर करीब 86 करोड़ रुपए से अधिक की लागत आएगी।

रेनोवेशन पूरा होने तक के लिए सभी 19 विभागों के अधिकारियों-कर्मचारियों को वल्लभ भवन दो व तीन में शिफ्ट किया जाएगा। रेनोवेशन पूरा होते ही वह सभी कर्मचारी पूर्व की तरह पुरान भवन में शिफ्ट हो जाएंगे।

### एक साल में काम पूरा करने के निर्देश

पुरान भवन क्रमांक एक में अभी 19 विभाग कार्य कर रहे हैं। पिछले एक साल से इसके रेनोवेशन कराने की तैयारी चल रही है, किंतु कुछ भी फायनल नहीं हो पा रहा था। इसी वजह से जीएडी के अपर मुख्य सचिव संजय शुक्ला ने सभी संबंधित अधिकारियों की शुक्रवार को बैठक बुलाई थी। उन्होंने कहा कि हर हाल में रेनोवेशन का कार्य निर्धारित समय एक साल के भीतर पूरा करें। शुरूआत फर्स्ट फ्लोर से होगी। इसके बाद जैसे-जैसे कार्य पूरा होगा, वैसे ही शिफ्टिंग होती जाएगी। उन्होंने सख्त हिदायत दी कि इसमें किसी भी तरह की कोताही नहीं बरती जाए।

### अभी पुरानी बिल्डिंग में 19 विभाग कर रहे काम

मौजूदा समय में इस भवन में मुख्यमंत्री कार्यालय, मुख्य सचिव कार्यालय सहित 19 विभाग कार्य कर रहे हैं। बैठक में विभागों के स्थान परिवर्तन पर विचार-विमर्श किया गया। इन विभागों से कहा गया कि जिस फ्लोर पर जिसके कार्यालय होंगे, वे अंतरिम व्यवस्था के तौर पर स्थान देख लें, ताकि काम पेंडिंग नहीं हो और समय से रेनोवेशन पूरा हो सके।

### टाइल्स व टॉयलेट भी नए बनेंगे

पुराने भवन के रेनोवेशन एवं उन्नयन में अग्निशमन, विद्युत, लिफ्ट, शौचालय, एयर कंडीशन, फर्नीचर सभी रेनोवेट होंगे। इसकी उच्च गुणवत्ता का ध्यान रखे जाने को कहा गया। रेनोवेशन के दौरान सभी फ्लोर पर टाइल्स नए लगाए जाएंगे। सभी टॉयलेट नए बनेंगे। इसकी गुणवत्ता क्रमांक दो व तीन की तरह अच्छी होने को कहा गया। इसके साथ ही फर्नीचर, पर्दे से लेकर सभी सामान भी नए होंगे। बैठक में संबंधित विभागों के अपर सचिव, उपसचिव सहित कार्यपालन यंत्री उपस्थित थे।

## परिचित युवक बहला-फुसलाकर ले गया था साथ नाबालिग की काउंसलिंग के बाद होगी कार्रवाई

# रहस्यमय तरीके से लापता नाबालिग दो साल बाद जतारा से बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

खजूरी सड़क पुलिस ने दो साल पहले इलाके के कस्बे से रहस्यमय तरीके से लापता हुई किशोरी को सकुशल बरामद किया है।

पुलिस उक्त मामले में उस युवक को भी साथ लेकर आई है, जो उसे बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया था। पुलिस किशोरी की काउंसलिंग करा रही है। काउंसलिंग के बाद युवक के खिलाफ अन्य धाराओं में कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस ने युवक के खिलाफ अपहरण और पाक्सो एक्ट की धाराओं में एफआईआर दर्ज करते हुए हिरासत में लिया है। पुलिस के अनुसार 15 जुलाई को 70 साल की बुजुर्ग महिला ने शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि उनकी 14 साल की नातिन उनके साथ रहती थी, जो कभी अपनी मां के घर कभी अपनी बुआ के घर आती-जाती रहती थी। पिता और मां अलग-अलग रहते हैं। मां ने दूसरी शादी कर ली है। 15 जुलाई की शाम बुजुर्ग काम पर गई थी। शाम को घर लौटी तो बच्ची उन्हें नहीं मिली।

रिश्तेदारी में तलाश करने और मां सहित बुआ से पूछताछ करने पर भी बच्ची का सुराग नहीं लगा। लिहाजा उन्होंने पुलिस से मदद मांगी। मामला नाबालिग से जुड़ा होने के कारण पुलिस ने अज्ञात आरोपी पर अपहरण की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया था।

### युवक का काम के सिलसिले में था आना-जाना

अपहरण के प्रकरण में पुलिस अधिकार पत्र भरकर परिजन से प्रतिमाह संपर्क कर रही थी। प्रतिमाह पुलिस किशोरी के परिजन से संपर्क में थी। इसी बीच पुलिस को पता चला कि गांव में जतारा, टीकमगढ़ में रहने वाले एक युवक का काम के सिलसिले में आना-जाना था। पुलिस ने उक्त युवक का मोबाइल नंबर हासिल किया और संदेह के आधार पर एक टीम जतारा, टीकमगढ़ भेजी गई। वहां नाबालिग युवक के घर मिल गई। पुलिस नाबालिग की काउंसलिंग करा रही है। उसके बयान के बाद युवक के खिलाफ आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# दंपती के बीच कहासुनी के बाद पत्नी ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**भोपाल।** कोलार थाना क्षेत्र स्थित सर्वधर्म कॉलोनी ए सेक्टर में शुक्रवार तड़के एक महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। मामला नव विवाहिता से जुड़ा होने से जांच एसीपी द्वारा की जा रही है।

पुलिस के अनुसार मुस्कान पति अनिल (25) सर्वधर्म ए सेक्टर में रहती थी। वह गृहणी थी, जबकि पति प्राइवेट काम करता है। मुस्कान और अनिल की शादी को सात साल हो चुके है, लेकिन उनकी संतान नहीं है। अनिल को संदेह था कि मुस्कान मोबाइल पर किसी से बातचीत करती है। इसी को लेकर अनिल और मुस्कान का विवाद हुआ था। विवाद के बाद अनिल और मुस्कान सो गए। शुक्रवार तड़के अनिल की नींद खुली तो उसने मुस्कान को फांसी के फंदे पर लटके देखा था।






हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930